




# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-172 ▶ मुंबई, शनिवार, 18 जनवरी 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4


विराट कोहली भी खेलेंगे घरेलू क्रिकेट

...पेज 11








## नासिक-पुणे हाईवे पर भयानक सड़क हादसा

# ट्रक ने कार को मारी टक्कर, 9 की मौत



**पुणे।** महाराष्ट्र में नासिक-पुणे हाईवे पर शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। नारायणगांव के पास खड़ी बस से कार के टकरा गई जिससे 9 लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों की ओर से यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक, आज सुबह एक ट्रक के टक्कर मारने के बाद कार सड़क के किनारे खड़ी बस से जा टकराई जिससे इतना बड़ा हादसा हुआ। यह दुर्घटना नारायणगांव के पास सुबह करीब 10 बजे हुई। पुणे ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक पंकज देशमुख ने बताया कि नारायणगांव की ओर जा रही मिनीवैन को एक टेंपो ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वाहन सड़क के किनारे खड़ी बस से जा टकराया। उस बस में कोई सवार नहीं था। पुणे ग्रामीण पुलिस के डीवाईएसपी रवींद्र चौधरी ने कहा कि इस हादसे में चार महिलाओं, चार पुरुषों और एक पांच वर्षीय बच्चे सहित नौ लोगों की मौत हो गई है। 7 सदस्य घायल हैं और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। बस सड़क के किनारे खड़ी थी। नारायणगांव के बाजार की ओर जा रही एक कार को एक टेंपो ने पीछे से टक्कर मार दी, जिसके कारण कार पीछे से बस में जा घुसी।

### हादसे में चालक की लापरवाही आई सामने

दुर्घटना स्थल पर पहुंचे विधायक शरद सोनवणे ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि वास्तविक दुर्घटना आयशर चालक के कारण हुई थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि वास्तव में क्या हुआ था? उन्होंने आगे कहा कि गंभीर रूप से घायल लोगों को बचाने के प्रयास किए जाएंगे।

### टक्कर के बाद भाग निकला टेंपो चालक


हादसे के तुरंत बाद टेंपो का चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने टेंपों के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर ड्राइवर और उसके मालिक के पते की जानकारी हासिल कर ली है। पुलिस ने वाहन को भी अपने कब्जे में ले लिया है।

### मुख्यमंत्री ने हादसे पर दुख जताया

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हादसे पर दुख जताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'पुणे-नासिक राजमार्ग पर नारायणगांव के पास हुए भीषण हादसे में नौ मजदूरों की मौत की दुखद घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। हम उनके परिवारों के दुख को साझा करते हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतकों के उत्तराधिकारियों को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। मैंने पुणे के पुलिस अधीक्षक को घायलों के इलाज का उचित ध्यान रखने को कहा है।'

## गाजा संघर्ष विराम को इस्राइल की मंजूरी


**यरूशलम।** गाजा में 15 महीनों से जारी संघर्ष पर विराम लगना लगभग तय हो गया है। इस्राइल की सुरक्षा कैबिनेट ने उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें तहत गाजा में संघर्ष विराम व बंधकों की रिहाई का प्रावधान रखा गया है। अब इस प्रस्ताव को पूर्ण कैबिनेट में रखा जाएगा, जहां से मंजूरी मिलने के बाद संघर्ष विराम रविवार को लागू हो सकता है। इसके बाद हमास बंधकों को रिहा कर सकता है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इससे पहले खुद यह जानकारी साझा की थी कि छह हफ्ते के गाजा संघर्ष विराम समझौते पर सहमति बन चुकी है। हालांकि, उन्होंने समझौता मंजूरी में देरी के लिए हमास के साथ अंतिम समय में हुए विवाद को जिम्मेदार ठहराया। नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने विशेष कार्यबल को बंधकों की अगवानी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है।



- सुरक्षा कैबिनेट से प्रस्ताव पर मुहर
- पूर्ण कैबिनेट करेगी अंतिम फैसला

## मुख्यमंत्री से मिले बाबूलाल भंसाली

### सांचौर को पुन: जिला बनाने पर चर्चा



▪ मुख्यमंत्री कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात करते हुए भंसाली इंजीनियरिंग पॉलीमर लिमटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बाबूलाल भंसाली।

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** भंसाली इंजीनियरिंग पॉलीमर लिमटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बाबूलाल भंसाली ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री कार्यालय में मुलाकात की। इस मुलाकात में श्री भंसाली ने मुख्यमंत्री से हाड़ेचा में एज्युकेशन हब बनाने पर चर्चा की। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान श्री भंसाली ने सांचौर को पुनः जिला बनाने, पचपदरा रिफाइनरी एवं सांचौर में विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की।

जागरूक टाइम्स ने श्री भंसाली से सांचौर को पुनः जिला बनाने के विषय में मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया जाननी चाही, तो उन्होंने इस संबंध में कुछ भी जानकारी देने से इंकार कर दिया।






## भाजपा ने जारी किया 'संकल्प पत्र'

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपना घोषणा पत्र जारी किया, जिसे पार्टी "संकल्प पत्र" कहती है। इसे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जारी किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर जनकल्याणकारी योजनाएं जारी रहेंगी और नई योजनाएं भी शुरू की जाएंगी। नड्डा ने कहा कि महिला समृद्धि योजना के तहत हर महिला को हर महीने 2500 रुपये दिए जाएंगे। होली और दिवाली पर महिलाओं को एक-एक मुफ्त गैस सिलेंडर मिलेगा। इसके अलावा, एलपीजी पर 500 रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपये और न्यूट्रीशनल पैक प्रदान करने का भी वादा किया गया।

गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपये फ्री सिलेंडर को लेकर भी किया बड़ा ऐलान



### आयुष्मान भारत योजना लागू होगी

▪ अगर भाजपा की सरकार बनी तो दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना लागू की जाएगी। इसके साथ ही, दिल्ली सरकार की ओर से नागरिकों को 5 लाख रुपये का अतिरिक्त स्वास्थ्य बीमा देने का वादा किया गया है।

### अटल कैंटीन खोलने का ऐलान

▪ भाजपा ने घोषणा की है कि झुग्गी क्षेत्रों के आसपास "अटल कैंटीन" खोली जाएगी। यहां लोगों को 5 रुपये में भरपेट भोजन मिलेगा। जेपी नड्डा ने कहा कि इन योजनाओं का मकसद दिल्ली के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं और समर्थन देना है।

## भविष्योन्मुख है भारतीय ऑटो उद्योग : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग को बेहतरीन और भविष्योन्मुख बताते हुए शुक्रवार को कहा कि कई कारक हैं, जो ऑटो क्षेत्र को गति देने का काम कर रहें हैं। श्री मोदी ने यहां भारतमंडपम में 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो' का शुभारंभ करते हुए कहा कि हम एक ऐसी गतिशीलता प्रणाली पर काम कर रहे हैं, जो अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी का समर्थन कर सके। उन्होंने कहा कि ऑटो सेक्टर के विकास के लिए आवश्यकता और आकांक्षा दोनों की आवश्यकता होती है। भारत में दोनों ही जीवंत हैं। आने वाले कई दशकों तक भारत दुनिया का सबसे युवा देश बनने जा रहा है। यही युवा आपके ग्राहक हैं, क्योंकि वे बहुत बड़ी मांग पैदा करते हैं। आपका दूसरा ग्राहक मध्यम वर्ग है। एक ऐसी प्रणाली की जरूरत है, जो जीवाश्म ईंधन के आयात पर हमारे बिल को कम कर सकती है इसलिए, आज भारत हरित प्रौद्योगिकी, ईवी, हाइड्रोजन ईंधन, जैव ईंधन के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

### 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो' का शुभारंभ




### मेक इन इंडिया ने निभाई बड़ी भूमिका

उन्होंने कहा कि ऑटो उद्योग के विकास में मेक इन इंडिया पहल ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। मेक इन इंडिया पहल को पीएलआई योजना से बढ़ावा मिला है। इस योजना ने 2.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री में मदद की है। इसने ऑटो सेक्टर में 1.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं।

### आने वाला समय एशिया का

प्रधानमंत्री ने कहा कि यात्रा को आसान बनाना भारत की बड़ी प्राथमिकता है। आज हम मल्टी लेन और हाईवे का जाल बिछा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोबिलिटी से जुड़े 7सी के तहत हमारे मोबिलिटी सॉल्यूशन ऐसे हों, जो कमान,कनेक्टेड, कन्वेनिएंट, कन्जेशन मुक्त, चार्ज्ड, क्लीन ओर कटिंग ऐज होनी चाहिए। ऐसी टेक्नोलॉजी के विकास पर हमारा काफी फोकस है। ऑटोमोटिव उद्योग इनोवेशन ड्राइवन और टेक्नोलॉजी ड्राइवन भी है। इनोवेशन हो, टेक हो और स्किल हो या फिर मांग हो। आने वाला समय पूर्व का है, एशिया का है, भारत का है।

## न्यूज BRIEF

### शहजाद पूनावाला ने मांगी माफी



**नई दिल्ली।** ऋतुराज झा के उपनाम के साथ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने माफी मांग ली है। शहजाद पूनावाला ने कहा कि वह बिना कोई तर्क वितर्क किए हाथ जोड़कर माफी मांगते हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि वह पूर्वांचली समाज का बहुत सम्मान करते हैं। पूनावाला ने शुक्रवार को अपने एक्स हैंडल पर माफीनामे वाला वीडियो शेयर किया।

### दौसा : बाल-बाल बचे फारूख अब्दुल्ला



**जयपुर।** राजस्थान के दौसा में शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के काफिले की एक कार का एक्सीडेंट हो गया। यह हादसा दोपहर करीब 1:45 बजे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हुआ। जानकारी के अनुसार, एक नीलगाय अचानक काफिले की कार के सामने आ गई, जिससे दिल्ली पुलिस की एस्कॉर्ट कर रही कार को नुकसान पहुंचा। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के दोनों एयरबैग खुल गए। हालांकि, फारूक अब्दुल्ला सुरक्षित हैं।

### जस्टिस यादव अपने बयान पर कायम



**नई दिल्ली।** जस्टिस यादव ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि उनका भाषण कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा गलत तरीके से पेश किया जा रहा है और उन्होंने यह भी दावा किया कि न्यायपालिका के वे सदस्य जो सार्वजनिक रूप से अपनी बात नहीं रख सकते उन्हें न्यायिक बिरादरी के वरिष्ठों द्वारा सुरक्षा दी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस शेखर कुमार यादव द्वारा मुस्लिमों को निशाने बनाने वाले उनके एक बयान को लेकर उन्हें तलब किया था। यादव ने मुख्य न्यायधीश संजीवन खन्ना को पत्र लिखकर अपने बयान पर कायम रहने की बात कही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनके बयान से न्यायिक आचार संहिता का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है।

## चैंपियंस ट्रॉफी : भारतीय टीम का ऐलान आज

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का एलान शनिवार यानी 18 जनवरी को मुंबई में होगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर की मौजूदगी में भारतीय टीम की घोषणा की जाएगी। 19 फरवरी से होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी हाइब्रिड मॉडल के तहत आयोजित होगी जिसमें भारत अपने मुकाबले दुबई में खेलेगा। चैंपियंस ट्रॉफी के अलावा इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भी भारतीय टीम घोषित की जाएगी।

## 1858 करोड़ के क्रिप्टो लेनदेन में बग्गा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग केस के तहत बिरफा आईटी मामले में जसप्रीत सिंह बग्गा को गिरफ्तार किया है। इससे पहले इस मामले में मनीदीप मागो, संजय सेठी, मयंक डांग और तुषार डांग को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। बग्गा को विशेष अदालत, द्वारका में पेश किया गया, जहां से उन्हें 1 दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया गया है। ईडी ने बिरफा आईटी के वित्तीय लेनदेन की जांच करते हुए पाया कि इस कंपनी ने एक भारतीय क्रिप्टो एक्सचेंज से 1858 करोड़ रुपये के क्रिप्टो एसेट्स बेचे।

## राजौरी में फैली रहस्यमयी बीमारी

# अब तक 16 की मौत

**राजौरी।** जम्मू संभाग के एक छोटे से गांव में रहस्यमयी बीमारी ने 16 लोगों की जान ले ली, जिससे अधिकारी हैरान हैं और वे पहली मौत के दो महीने बाद भी इसके कारणों के बारे में कुछ नहीं बता पाए हैं। पीड़ित राजौरी जिले के कोटरंका उप-मंडल के बधाल गांव के हैं, जहां पिछले साल दिसंबर से तीन परिवारों के 16 सदस्यों की मौत हो चुकी है। इनमें सात की मौत रविवार से अब तक हुई है। इस बीमारी से प्रभावित परिवारों के तीन घरों को सील कर दिया है जबकि उनके 21 करीबी रिश्तेदारों को कड़ी निगरानी में रखने के लिए सरकारी देखभाल केंद्र में स्थानांतरित कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि मोहम्मद असलम की 15 वर्षीय बेटी की हालत गंभीर बनी हुई है।

▪ एक ही परिवार के पांच बच्चों की मौत



### एसआईटी गठित

▪ बुधल के पुलिस अधीक्षक (अभियान) वजाहत हुसैन की अध्यक्षता में 11 सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है, जो मौत के मामलों की जांच करेगी।

## सैफ अब सुरक्षित, आईसीयू से निकले

**मुंबई।** सैफ अली खान की हालत पर डॉक्टर ने बताया कि सैफ जब अस्पताल में आए थे तो उनका शरीर खून से लथपथ था। वह अपने बेटे तैमूर के साथ बिना स्ट्रेचर के एकदम शेर की तरह वहां पहुंचे थे। रीढ़ की हड्डी में चोट की वजह से सैफ को अभी बेड रेस्ट की सलाह दी गई है। डॉक्टर्स ने कहा कि उनकी हालत में अब सुधार है। खान को तीन जगह चोटें आई थीं, दो हाथ पर और एक गर्दन के दाहिने हिस्से पर और सबसे बड़ा हिस्सा पीठ पर था, जो रीढ़ की हड्डी में था। लीलावती अस्पताल में न्यूरोसर्जन डॉ. नितिन डांगे ने कहा कि उन्हें आईसीयू से नॉर्मल वॉर्ड में शिफ्ट कर दिया गया है।

- सैफ के साहस के मुरीद हुए डॉक्टर
- बिना स्ट्रेचर खून से लथपथ शेर की तरह चलकर आए




### बहुत सारे सुराग मिले : सीएम



सैफ अली खान पर चाकू हमले को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पुलिस को बहुत सारे सुराग मिले हैं और जल्द ही इस मामले को सुलझा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले की तफ्तीश जारी है। पुलिस ने शक के आधार पर एक शख्स को हिरासत में भी लिया था। हालांकि, पूछताछ के बाद पता चला कि वह हमलावर नहीं था।

## इमरान खान को 14 साल का कारावास

▶▶ पत्नी बुशरा बीबी को भी सात साल की जेल



**इस्लामाबाद।** अल-कादिर ट्रस्ट में मामले में अदालत ने पूर्व पीएम इमरान खान को 14 साल की जेल की सजा सुनाई है। जबकि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को सात साल की सजा सुनाई गई है। इमरान खान पर 10 लाख रुपये और उनकी पत्नी पर पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। पाकिस्तान की भ्रष्टाचार रोधी अदालत ने भ्रष्टाचार मामले में पूर्व पीएम इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को दोषी करार दिया है। पूर्व पीएम इमरान खान को 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। जबकि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को सात साल की सजा सुनाई गई है। इमरान खान पर 10 लाख रुपये और उनकी पत्नी पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अगर वे दोनों जुर्माना नहीं भर पाते हैं तो पूर्व प्रधानमंत्री को छह महीने और बुशरा को तीन महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। यह फैसला भ्रष्टाचार रोधी अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने अल-कादिर ट्रस्ट में करीब 50 अरब पाकिस्तानी रुपये के भ्रष्टाचार मामले में भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी एनएबी की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुनाया।

### 18 दिसंबर को पूरी हो गई थी सुनवाई

इस्लामाबाद की भ्रष्टाचार रोधी अदालत के जज नासिर जावेद राणा ने 18 दिसंबर को ही इस मामले पर सुनवाई पूरी कर ली थी। इस मामले में पहले वे तीन बार फैसला टाल चुके हैं। फैसले का एलान होते ही पुलिस बुशरा बीबी को हिरासत में ले लिया। फैसले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को भ्रष्ट आचरण और अधिकार के दुरुपयोग का दोषी ठहराया गया है। जबकि बुशरा बीबी को अवैध गतिविधियों में शामिल होने का दोषी माना गया। न्यायाधीश ने अधिकारियों को अल-कादिर ट्रस्ट विवि को सरकार को सौंपने के निर्देश दिए। फैसले के बाद अदियाला जेल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## पाकिस्तानी महिला बनी सरकारी शिक्षक




- बरेली में नौ साल से कर रही थी नौकरी
- विभाग ने किया बर्खास्त, रिपोर्ट दर्ज, होगी गिरफ्तार

### नौ साल से कर रही थी नौकरी

▪ पाकिस्तानी नागरिक शुमायला ने फर्जी दस्तावेजों से 2015 में बरेली में नौकरी हासिल की थी। वह तभी से प्राथमिक विद्यालय माधौपुर में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थी। इतने साल से वह लाखों रुपये वेतन ले चुकी थी। अब उसे नियुक्ति तिथि से पद से हटा दिया गया। विभाग ने वेतन आदि भत्ते की रिकवरी की कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

**बरेली।** पाकिस्तानी महिला ने फर्जी दस्तावेज से बेसिक शिक्षक की नौकरी हासिल कर ली। उसने बरेली के फतेहगंज पश्चिमी विकास खंड क्षेत्र में तैनाती भी पा ली। जांच में फर्जीवाड़ा साबित होने के बाद उसे अक्तूबर में निलंबित कर दिया गया था। विभाग ने अब उसकी सेवा समाप्त कर दी है। उसके खिलाफ विभागीय अधिकारियों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जल्द उसे गिरफ्तार भी किया जा सकता है। रामपुर शहर के बजरोही टोला की निवासी शुमायला खान पुत्री एसए खान पर यह कार्रवाई हुई है। फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी भानु शंकर गंगवार ने उसके खिलाफ फतेहगंज पश्चिमी थाने में धोखाधड़ी से नागरिकता छुपाने व फर्जी दस्तावेजों से नौकरी हासिल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## पवार परिवार में सुलह संभव नहीं!

### चाचा शरद का अजित संग बैठने से इनकार

#### कृषि उत्सव में थे साथ, नहीं की बात



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में दरार के बाद पवार परिवार में बढ़ी दूरियां अब खुलकर नजर आने लगी हैं। ताजा मामला गुरुवार का है, जहां उपमुख्यमंत्री अजित पवार और वरिष्ठ राजनेता शरद पवार एक ही मंच पर थे, लेकिन दोनों के बीच एक बार भी बात नहीं हुई। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान भी दोनों नेताओं के एक दूसरे पर जुबानी हमले करते देखा गया था। दोनों ही नेता पवार परिवार का गढ़ माने जाने वाले बारामती पहुंचे थे। कृषि उत्सव-2025 कार्यक्रम के दौरान एक ही मंच पर थे, लेकिन दोनों ने आपस में कोई बात नहीं की। इतना ही नहीं दोनों नेता ने एक दूसरे के पास बैठना भी पसंद नहीं किया।

सोलर ऊर्जा परियोजना

# 2448 ग्राहकों को मुफ्त बिजली !

कल्याण और भांडुप परिमंडल में पीएम सूर्यघर योजना



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कल्याण/भांडुप।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को महावितरण के कल्याण और भांडुप परिमंडल में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। इस योजना के तहत अब तक 13,831 लोगों ने आवेदन किया है। इनमें से 2,448 ग्राहकों के घरों की छतों पर सोलर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित कर मुफ्त बिजली प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शेष आवेदकों के घरों पर सोलर ऊर्जा परियोजना लगाने की प्रक्रिया जारी है। महावितरण ने अधिक से अधिक ग्राहकों से इस योजना का लाभ उठाकर पर्यावरण के अनुकूल बिजली उत्पादन करने और अपने मासिक बिजली बिलों में बचत करने की अपील की है।

### ग्राहकों को मिलती 78,000 रुपए की सब्सिडी

इस योजना के तहत केंद्र सरकार की ओर से तीन किलोवाट क्षमता तक की परियोजनाओं के लिए ग्राहकों को 78,000 रुपये तक की सब्सिडी मिलती है। सोलर परियोजना से ग्राहक की जरूरत से अधिक बिजली उत्पन्न होने पर उसका बिजली बिल शून्य हो जाता है और शेष बिजली महावितरण खरीद लेता है। आवासीय घरेलू परिवारों के लिए प्रति किलोवाट 30,000 रुपये की सब्सिडी 2 किलोवाट तक दी जाती है। 3 किलोवाट तक की अतिरिक्त 1 किलोवाट क्षमता के लिए 18,000 रुपये की सब्सिडी मिलती है। 3 किलोवाट से बड़ी प्रणाली के लिए कुल सब्सिडी 78,000 रुपये तक सीमित है। गृह निर्माण संस्थाओं और निवासी कल्याण संघों के लिए इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग सहित सामूहिक उपयोग के लिए प्रति किलोवाट 18,000 रुपये की सब्सिडी मिलती है। गृह परिसरों के लिए सब्सिडी की कुल अधिकतम सीमा 500 किलोवाट है।

### महावितरण देता ग्राहकों को सोलर नेट मीटर मुफ्त

महावितरण द्वारा रूफटॉप सोलर स्थापित करने वाले ग्राहकों को सोलर नेट मीटर मुफ्त प्रदान किया जा रहा है। ग्राहकों और सोलर रूफटॉप लगाने वाली एजेंसियों के लिए मीटर परीक्षण प्रक्रिया को बेहद सरल और तेज़ बनाया गया है। इसके साथ ही, 10 किलोवाट तक की क्षमता के लिए तत्काल स्वचालित स्वीकृति प्रदान की जा रही है। इस योजना के लिए रियायती दरों पर बैंक से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। पीएम सूर्यघर योजना की वेबसाइट पर पंजीकरण के बाद ग्राहक अपनी पसंद के विक्रेता का चयन कर सकते हैं। परियोजना स्थापित होने के बाद सब्सिडी सीधे ग्राहक के खाते में जमा कर दी जाती है। बिजली ग्राहक https://www.pmsuryaghar.gov.in/ वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। सभी सुविधाएं ऑनलाइन और पेपरलेस उपलब्ध हैं।

# पश्चिम रेलवे चलाएगी दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए अहमदाबाद और बांद्रा टर्मिनस के बीच दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें विशेष किराए पर चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:

- अहमदाबाद और बांद्रा टर्मिनस के बीच चलेंगी

1.ट्रेन संख्या 09092 अहमदाबाद-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल 26 जनवरी 2025 (रविवार) को अहमदाबाद से 01:40 बजे प्रस्थान करेगी तथा उसी दिन 08:40 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 09091 बांद्रा टर्मिनस-अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशल 25 जनवरी 2025 (शनिवार) को बांद्रा टर्मिनस से 06:15 बजे प्रस्थान करेगी तथा उसी दिन 14:00 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। 2. ट्रेन संख्या 09006 अहमदाबाद-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल 27 जनवरी 2025 (सोमवार) को अहमदाबाद से 00:50 बजे प्रस्थान करेगी तथा उसी दिन 08:30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 09005 बांद्रा टर्मिनस-अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशल 26 जनवरी 2025 (रविवार) को बांद्रा टर्मिनस से 06:15 बजे प्रस्थान करेगी तथा उसी दिन 13:00 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी।



# उल्हासनगर मनपा में खेल सप्ताह का सफल आयोजन

प्रतिभाओं को प्रोत्साहन और खेल संस्कृति को मिल रहा बढ़ावा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उल्हासनगर।** पूर्व प्रशासक और आयुक्त जमीर लेगरेकर, उल्हासनगर मनपा की उपस्थिति में 13 से 17 जनवरी तक अधिकारियों/कर्मचारियों, डाक्टरों, खेल शिक्षकों, पत्रकारों, अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और खेल संस्कृति के संवर्धन, प्रचार, प्रसार तथा संरक्षण हेतु खेल सप्ताह का आयोजन किया गया। क्रिकेट टीम स्पर्धा में प्रथम स्थान पर विनोद केणे की टीम (सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग) रही। बैडमिंटन प्रतियोगिता में मुख्य लेखा अधिकारी किरण भिल्लारे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शतरंज प्रतियोगिता में विद्युत विभाग के कर्मचारी संजीव बोराले और हर्षदा भोईर ने प्रथम स्थान हासिल किया। कैरम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर विद्युत विभाग के किरण वाघमारे और दिव्यांग विभाग की मंदा आगले रहे। इस खेल स्पर्धा के कार्यक्रम में नव नियुक्त आयुक्त और प्रशासक मनीषा आव्हाले ने पहली बार भाग लिया और खेलों को नियमित रूप से जारी रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस, अजय साबले, उप-आयुक्त सुनिल लोंढे, सहायक आयुक्त (खेल) किरण भिल्लारे, शरद देशमुख, अंकुश कदम, विनोद केणे, अच्युत सासे, विलास नागदिवे, मनीष हिवरे, दीपक धनगर, हनुमंत खरात, विधि अधिकारी राजा बुलानी, मनपा सचिव प्राजक्ता कुलकर्णी, राजेश घनघाव, जनसंपर्क अधिकारी, छाया डांगले, तरुण शेवकानी, सुरेश बोंबे, शांताराम चौधरी, क्रीड़ा अधिकारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

# अवैध पिस्टल के साथ एक गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** ठाणे जिले के अंबरनाथ पुलिस स्टेशन को सौंपी गई जांच टीम के सदस्य पुलिस कांस्टेबल संजय चव्हाण सपोनी विजय काजरी को सूचना मिली कि एक व्यक्ति पिस्टल लेकर डीएमसी कॉर्नर बंद कंपनी की तरफ आ रहा है। इस खबर के अनुसार जांच दल गठित कर बंद डीएमसी कंपनी के पीछे प्रथमेश उर्फ लक्की सुधाकर लोंढे, उम्र 19 वर्ष, भीम नगर, कंसाई रोड, अंबरनाथ पूर्व निवासी को गिरफ्तार कर पुलिस की मौजूदगी में तलाशी ली गई। पुलिस ने उसके पास से एक स्टील की बनी देसी पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए।
इस मामले में मामला दर्ज कर लिया गया है। अंबरनाथ पुलिस पिस्टल व जिंदा कारतूस लाने के पीछे के उद्देश्यों का पता लगाने में जुटी है



# एस.एन. महाविद्यालय में आयोजित 'स्वच्छता की पाठशाला'

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मीरा-भाईंदर।** 16 जनवरी को मीरा-भाईंदर मनपा के आयुक्त एवं प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर (भा.प्र.से.) की उपस्थिति में "स्वच्छता की पाठशाला" का आयोजन एस.एन. महाविद्यालय, भाईंदर (पूर्व) में किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्रों को कचरा वर्गीकरण का महत्व, वर्गीकरण की विधि, क्यूआर कोड, और ठोस कचरा प्रबंधन परियोजना में कचरे के प्रसंस्करण की प्रक्रिया के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही Segregation100@Home के तहत कचरे के चार प्रकारों के वर्गीकरण और स्वच्छता के महत्व पर छात्रों से संवाद किया गया।

मीरा भायंदर में पर्यावरण अनुकूल गणेशोत्सव

# मनपा हर माह आयोजित करेगी 'बाप्पा कट्टा'



मूर्ति कलाकार, पर्यावरण प्रेमी और नागरिकों की रहेगी भागीदारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मीरा-भाईंदर।** पर्यावरण अनुकूल गणेशोत्सव मनाने के लिए मीरा-भाईंदर मनपा ने हर महीने 'बाप्पा कट्टा' शुरू करने का निर्णय लिया है। इस 'बाप्पा कट्टा' में हर महीने मूर्ति कलाकार, मूर्ति कलाकार संगठनों के पदाधिकारी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरण प्रेमी और नागरिक एक साथ मिलकर पर्यावरण अनुकूल गणेशोत्सव के लिए रणनीतिक योजना तैयार करेंगे। इस वर्ष मनपा ने 'बाप्पा माझा शाडूचा' नामक अभिनव पहल शुरू की है। इस पहल के अंतर्गत, आप्पासाहेब धर्माधिकारी सभागृह में शहर की गणेश मंडल समितियों, मूर्ति कलाकारों, पर्यावरण प्रेमियों, सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक चर्चा सत्र आयोजित किया गया। मनपा आयुक्त और प्रशासक संजय काटकर (भा.प्र.से) की अध्यक्षता में यह चर्चा सत्र संपन्न हुआ। इस बैठक में पर्यावरण अनुकूल गणेशोत्सव के लिए नीति तैयार करने में जनभागीदारी सुनिश्चित करने हेतु आयुक्त ने हर महीने 'बाप्पा कट्टा' आयोजित करने का निर्णय लिया।

### सुनी गई समस्याएं और सुझाव

चर्चा सत्र में गणेश मंडल समितियों, मूर्ति कलाकारों और नागरिकों की समस्याएं और सुझाव सुने गए। उनके सुझाव और समस्याएं लिखित रूप में भी मांगी गई हैं। इन सभी समस्याओं और सुझावों पर विचार कर पर्यावरण अनुकूल गणेशोत्सव के लिए नीति तैयार की जाएगी। इस नीति निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 'बाप्पा कट्टा' नामक फोरम चलाने का निर्णय लिया गया है। हर महीने आयोजित होने वाले 'बाप्पा कट्टा' में मूर्ति कलाकार, उनके संगठनों के पदाधिकारी, पर्यावरण प्रेमी और नागरिक शामिल होंगे। इस फोरम में यह चर्चा की जाएगी कि गणेशोत्सव की पवित्रता बनाए रखते हुए इसे पर्यावरण अनुकूल कैसे मनाया जाए, इस प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं का समाधान कैसे किया जाए, और नवीन योजनाओं को कैसे कार्यान्वित किया जाए।

### 'बाप्पा कट्टा' चलाने वाली मीरा-भाईंदर पहली मनपा

इस प्रकार का 'बाप्पा कट्टा' चलाने वाली मीरा-भाईंदर पहली मनपा है। वर्ष की शुरुआत में ही माघी गणपति और भाद्रपद में होने वाले गणेशोत्सव के लिए योजना बनाई जा रही है। 'बाप्पा कट्टा' में मिलने वाले सुझावों के आधार पर अधिक पर्यावरण अनुकूल गणेशोत्सव का आयोजन संभव हो सकेगा। इस चर्चा सत्र में मीरा-भाईंदर मनपा के अतिरिक्त आयुक्त अनिकेत मानोरकर, उपायुक्त (मुख्यालय) कल्पिता पिंपले, सहायक आयुक्त योगेश गुणीजन, जनसंपर्क अधिकारी जितेंद्र कांबले, सहायक आयुक्त, गणेश मंडल समितियों के पदाधिकारी, मूर्ति कलाकार और पर्यावरण दूत उपस्थित थे।



# अतिक्रमण विभाग का बेलापुर क्षेत्र में निष्कासन कार्रवाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई मनपा के अतिक्रमण विभाग द्वारा नोटिस देने के बावजूद संबंधित व्यक्तियों ने नोटिस का संज्ञान नहीं लिया, जिसके कारण अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ नवी मुंबई मनपा अतिक्रमण विभाग ने आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देशानुसार और अतिरिक्त आयुक्त (2) डॉ. राहुल गेठे के मार्गदर्शन में बेलापुर विभाग में निष्कासन की कार्रवाई की। (1) आदेश वाघमारे, घर क्रमांक 404, सेक्टर-20, बेलापुर गांव, (2) महेश मोतीराम कुंभार, घर क्रमांक 706, सेक्टर-19, शहाबाज गांव, बेलापुर, (3) प्रशांत जोशी, घर क्रमांक 594, सेक्टर-20, बेलापुर, (4) नान्हे अब्दुल अंसारी, घर क्रमांक 0574, सेक्टर-19/बी, फणसपाड़ा, बेलापुर, (5) मधुकर चंदर म्हात्रे व अन्य, भू. क्रमांक बी-335 और बी-336, सेक्टर-20, बेलापुर, नवी मुंबई के अनधिकृत निर्माण को ए विभाग बेलापुर कार्यालय द्वारा महाराष्ट्र प्रादेशिक नियोजन और नगररचना अधिनियम 1966 की धारा 54 के तहत नोटिस जारी की गई थी। इसके अनुसार संबंधित व्यक्तियों को ऊपर उल्लिखित अनधिकृत निर्माण स्वेच्छा से हटाना आवश्यक था, लेकिन उन्होंने अनधिकृत निर्माण जारी रखा। नोटिस प्राप्त 5 अनधिकृत निर्माणों पर नवी मुंबई मनपा और सिडको के अधिकारियों व कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से निष्कासन की कार्रवाई की। सहायक आयुक्त एवं विभागीय अधिकारी बेलापुर डॉ. अमोल पालवे के नियंत्रण में तथा कनिष्ठ अभियंता आत्माराम काले और प्रशासकीय अधिकारी रमेश राठोड की उपस्थिति में कार्रवाई की गई।


## पश्चिम रेलवे द्वारा बांद्रा टर्मिनस-अहमदाबाद के बीच विशेष सुपरफास्ट गाडियों का परिचालन

| गाडी नं. | प्रारंभ एवं गंतव्य स्टेशन | परिचालन दिनांक | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09091 | बांद्रा टर्मिनस-अहमदाबाद | 25.01.2025 | 06.15 बजे (शनिवार) | 14.00 बजे (उसी दिन) |
| 09092 | अहमदाबाद - बांद्रा टर्मिनस | 26.01.2025 | 01.40 बजे (रविवार) | 08.40 बजे (उसी दिन) |
| विराम: बोरीवली, वापी, उधना, भरूच तथा वडोदरा स्टेशन्स दोनो दिशाओं में। | | | | |
| वर्गीकरण: एसी 3 टायर तथा एसी चेयर कार कोचेस। | | | | |
| 09005 | बांद्रा टर्मिनस-अहमदाबाद | 26.01.2025 | 06.15 बजे (रविवार) | 13.00 बजे (उसी दिन) |
| 09006 | अहमदाबाद - बांद्रा टर्मिनस | 27.01.2025 | 00.50 बजे (सोमवार) | 08.30 बजे (उसी दिन) |
| विराम: बोरीवली, वापी, उधना, भरूच तथा वडोदरा स्टेशन्स दोनो दिशाओं में। | | | | |
| वर्गीकरण: एसी 2 टायर तथा एसी 3 टायर कोचेस। | | | | |

विराम एवं वर्गीकरण संबंधित समय के विस्तृत विवरण हेतु यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

गाडी नं. 09091, 9092, 09005, 09006 का आरक्षण 18.01.2025 से सभी पीआरएस काउंटर्स तथा आईआरसीटीसी वेबसाइट पर खुलेगा। उक्त गाडियां विशेष गाडी एवं विशेष दरों पर परिचालित होंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाईक करें : facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के साथ अपना वास्तविक पहचान पत्र भी साथ रखें

## दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

**ई-निविदा सूचना संख्या सीओएम54-एएमएन-सीएलएन- जेएसजी -25 दिनांक 10.01.2025।** भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे/चक्रधरपुर निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम:** परिणाम के आधार पर तीन वर्ष की अवधि के लिए झारसुगुड़ा स्टेशन की सफाई और रखरखाव; **विभागीय मूल्य:** ₹2,86,69,543.60; **निविदा फॉर्म की लागत:** ₹10,000.00; **बयाना राशि:** ₹2,93,400.00; **ई-निविदा बंद करने की तिथि और समय:** 03.02-2025 को 12.30 बजे। **नोट:** मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। ठेकेदार को **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करनी होगी। **(PR-1025)**

## पश्चिम मध्य रेल

**ई–टेण्डरींग सूचना–06/2024–25 दिनांक 16.01.2025**

उपमुख्य अभियंता, (ट्रेकमशीन), पश्चिम मध्य रेल, भोपाल भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए काम करते हुये ई–टेण्डरींग द्वारा निम्नलिखित सामग्री/मदों की आपूर्ति के लिए निविदाएं आमंत्रित करते है। टेन्डर प्रपत्र वेबसाईड www.ireps.gov.in पर दिनांक 15.01.2025 एवं 16.01.2025 को अपलोड कर दिये गये है। अतः पूर्ण जानकारी बेवसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। इन निविदाओं में कोई संशोधन, यदि आवश्यक हुआ तो टेन्डर खुलने की तिथि से 10 दिन पहले वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा इनको वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। जिसकी सूचना उपमुख्य अभियंता (ट्रैक मशीन), भोपाल कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। सभी निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि निविदा डालने से पहले वेबसाइट देख ले। **कार्य का नाम:** मिसलेनियस जॉब वर्क एंड वेरियस मशीनिंग वर्क्स इनवॉल्वड इन कनेक्शन विथ आई ओ एच/पी ओ एच ऑफ ट्रैक मशीन एट जोनल ट्रैक मशीन डिपो आर.के.एम.पी।, **टेण्डर नं.:** डब्ल्यूसीआर बीपीएल टीएम 24 डबलू 09 दिनांक 15.01.2025, **निविदा का अनुमानित मूल्य:** रू. 4869006.86, **बयाना राशि:** रू. 97400, **समापन अवधि:** 12 माह, **खुलने की तिथि:** 07.02.2025, **कार्य का नाम:** एस्टीमेट फॉर वेरियस टाईप्स ऑफ इलेक्ट्रीकल वर्क ड्यूरिंग आई ओ एच/पी ओ एच/रिपेयर ऑफ ट्रैक मशीन।, **टेण्डर नं.:** डब्ल्यूसीआर बीपीएल टीएम 24 डबलू 10 दिनांक 16.01.2025, **निविदा का अनुमानित मूल्य:** रू. 4890662.89, **बयाना राशि:** रू. 97800, **समापन अवधि:** 12 माह, **खुलने की तिथि:** 10.02.2025।

उपमुख्य अभियंता(टी.एम.), पमरे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## E-TENDER NOTICE

MAHAVITARAN Maharashtra State Electricity Distribution Co. Ltd.

Tenders are invited from the experience contractors and suppliers for the Supply of Manpower for Palghar Small Circle as per schedule 'A' of the following tenders.

| Tender No. | Description | Estimated Cost in Rs. | Tender fee Rs. | E.M.D (0.5 %) | Last date of Submission |
|---|---|---|---|---|---|
| T-01 | "Supply of Manpower on outsourcing basis for Palghar (Small) Circle, details as mentioned in the tender **Skilled Technician-230 Skilled Operator-95 Skilled Non Tech-37 Unskilled Office Boy-03** | 7,73,50,856/- | 10,000+ 18% GST | 0.5 % of Estimated Cost | 31.01.2025 |

1. **ETender SE/PS-C/HR/OS/2025-26/T-01** document is available at our website ( https://etender.mahadiscom.in/eatApp/) Submit the bids on line through E-Tendering on above mentioned submission date up to 16:00 Hrs.

Office of the Superintending Engineer,Palghar (S) Circle,Palghar"Vidyut Bhavan" 1 st floor, Manor Rd, Palghar (West) Pin- 401 404. (M- 9028154130 ),
E-mail:sepalghar.msedcl@gmail.com Web Site:-www.mahadiscom.in

**HO PR.NO. 21/25 DT- 17.01.2025**

## पुणे महानगरपालिका

निविदा प्रकिया कक्ष पथ विभाग
निविदा जाहिरात–नविन कामे

जाहिरात क्र. 2/1249 दि. 17.01.2025

विक्री कालावधी दिनांक : 20–01–2025 09 :00 सकाळी ते 29–01–2025 02 :30 दुपारी पर्यंत
स्वीकृती दिनांक :– 20–01–2025 09 :00 सकाळी ते 29–01–2025 02 :30 दुपारी पर्यंत तांत्रिक निविदा उघडणे प्रक्रिया दिनांक : 30–01–2025 03 :00 दुपारी

| निविदा क्रमांक | खात्याचे नाव | कामाचे नाव | निविदा संच किमंत रु. | अंदाजित पूर्व गणित रक्कम रु | बयाणा रक्कम रु | कामाची मुदत (महिने) | निविदा विषयक जबाबदार व्यक्तीचे नाव व दूरध्वनी क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PMC / ROAD/2024/424 | पथ | प्रभाग क्र. 17 मधील डुल्या मारुती चौक ते पांगुळ आळी चौक रस्ता डांबरीकरण करणे. | रु 1359/– | रु 4223744/– | 42237/– | 12 | देवेंद्रसिंग राजपूत 9423010298 |

अ) सदर कामाबाबत निविदा अटी / शर्ती इ. बाबतचा सर्व तपशील निविदा संचामध्ये नमूद केला असून सदर कामाचे निविदा www.mahatenders.gov.in या वेबसाईटवर पाहण्यसाठी उपलब्ध आहे. निविदा संचाची विक्री व स्वीकृत सदर वेबसाईटवरून फक्त ऑनलाईन पद्धतीने करण्यात येत असून सर्व निविदा दोन पाकीट पधतीने मागविण्यात येत आहेत.
(ब) निविदा प्रक्रियाच्या शेवटच्या दिवशी संच प्राप्त न झाल्यास व स्वीकृतीच्या शेवटच्या दिवशी ऑनलाईन सादरीकरण न झाल्यास याची सर्वस्व जबाबदारी टेंडरदाराची राहील.
क.) ऑनलाईन निविदा प्रकिया बाबतची संपूर्ण माहिती टेंडर सेल विभाग पुणे म.न.पा. येथे मिळेल.
ड) कार्यालयीन आदेश क्र. अतिमआ (वि) / 32 दिनाक 22/04/2016 नुसार बयाना रक्कम इ.सी एस./ आर.टी.जी.एस./एन.एफ.टी सुविधेमार्फतच स्वीकारनेत येणार आहे.

सही/–
कार्यकारी अभियंता (पथ)
पुणे महानगरपालिका


# घनसोली क्षेत्र में प्लास्टिक प्रतिबंधात्मक अभियान में 15 हजार का वसूला जुर्माना

30 किलो प्लास्टिक थैलियां जब्त



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवी मुंबई।** प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग को रोकने और नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए एकल उपयोग प्लास्टिक प्रतिबंधात्मक अभियान प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त करने के साथ-साथ दंडात्मक वसूली भी की जा रही है। इसके लिए स्थापित उड़न दस्तों के माध्यम से नियमित रूप से जांच अभियान चलाया जा रहा है।
शुक्रवार को परिमंडल 2 के उड़न दस्ते ने उप आयुक्त डॉ. कैलास गायकवाड़ के नियंत्रण में और विभागीय अधिकारी तथा सहायक आयुक्त संजय तायडे के नेतृत्व में घणसोली क्षेत्र की दुकानों में अचानक जाकर प्लास्टिक थैलियों और एकल उपयोग प्लास्टिक की जांच की। इस दौरान रॉयल फरसाण घणसोली, दिनेश फरसाण घणसोली और शिवशक्ति मार्ट घणसोली इन तीन दुकानों में प्लास्टिक थैलियां पाए जाने के कारण प्रत्येक से 5 हजार रुपये के हिसाब से कुल 15 हजार रुपये का दंड वसूला गया। साथ ही, 30 किलो प्लास्टिक थैलियों का भंडार जब्त किया गया।
नागरिकों से अपील की जाती है कि वे अपने दैनिक उपयोग से एकल उपयोग प्लास्टिक को समाप्त करें और इसके स्थान पर कपड़े के थैलों का उपयोग करें। साथ ही, व्यावसायियों को भी सूचित किया जाता है कि वे अपनी दुकानों या कार्यालयों में प्लास्टिक थैलियां और एकल उपयोग प्लास्टिक न रखें।


## मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल

म्हाडा MHADA

(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण)
की क्षेत्रिय इकाई
फोन नं. 022-66405432, ई-मेल: eewest.msib@mhada.gov.in
संदर्भ क्र. ईई/पश्चिम/एमएसआईबी/ई-निविदा/184/2024-25

**ई-निविदा सूचना क्र. 184**

कार्यकारी अभियंता, (पश्चिम) डिविजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल (म्हाडा की इकाई), कमरा नं. 537, 4 था तल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व) मुंबई 400051 फोन नं. (022) 66405432 द्वारा ई-निविदा प्रक्रिया माध्यम से म्हाडा तथा लोक कार्य विभाग, मुंबई के साथ पंजीकृत बेरोजगार अभियंताओं से 3 नग कार्यों हेतु बी-1 (प्रतिशत दर) प्रपत्र में खुली निविदा/नियमित ई-निविदा आमंत्रित है। विस्तृत निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र शासन के पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसे डाउनलोड कर सकते है। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड कर सकते है। निविदा अनुसूची इस प्रकार है:

| क्र. सं | चरण | समय अवधि की दिनांक | क्र. सं. | चरण | समय अवधि की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दस्तावेज विक्रय प्रारंभ | 18.01.2025 को प्रातः 10.30 बजे | 2 | दस्तावेज विक्रय बंद होना | 01.01.2025 को शाम 03.00 बजे |
| 3 | तकनीकी बोली खुलना | 03.02.2025 को प्रातः 03.05 बजे से | 4 | मूल्य बोली खुलना | 04.02.2025 को प्रातः 10.30 बजे से |

सक्षम अधिकारी के पास किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है, सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं होंगे।

**नोट:** 1. विस्तृत निविदा सूचना हेतु कृपया वेबसाइट को संदर्भित करें।
**नोट:** 2. कोई भी शुद्धि पत्र/संशोधन केवल वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

**म्हाडा- राष्ट्र का एक अग्रणी गृह निर्माण प्राधिकरण**
**सीपीआरओ/ए/34**

**कार्यकारी अभियंता(प)**
**मुं. झो. सु. मंडल, मुंबई**

Follow us: @mhadaofficial


# दूध में मिलावट पाए जाने पर होगी कड़ी कार्रवाई : नरहरी

**मुंबई।** स्वास्थ्य की दृष्टि से दूध शरीर के लिए अत्यंत उपयोगी है और इसे बड़े पैमाने पर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए उपयोग किया जाता है। हालांकि, राज्य में कुछ स्थानों पर दूध में मिलावट के मामले सामने आ रहे हैं। इसी के मद्देनजर अन्न और औषध प्रशासन विभाग ने एक विशेष अभियान चलाकर दूध मिलावट जांच अभियान के तहत 1,062 दूध के नमूने परीक्षण के लिए एकत्र किए। इन नमूनों में दोषी पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। यह जानकारी अन्न और औषध प्रशासन मंत्री नरहरी झिरवाल ने दी। मंत्री झिरवाल ने बताया कि अन्न और औषध प्रशासन विभाग "अन्न सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006" और "नियम और विनियम 2011" का पालन करते हुए राज्य के नागरिकों को शुद्ध और मिलावट रहित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न उपाय कर रहा है। इस अभियान के तहत राज्य के विभिन्न स्थानों से दूध के नमूने एकत्र किए गए। नमूने की गुणवत्ता की जांच के लिए 103 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे।

1800222365 हेल्पलाइन नंबर पर करें मिलावट की शिकायत

उत्तराखण्ड शासन

देवभूमि रजत उत्सव

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS

सत्यमेव जयते

UTTARAKHAND

INDIA

38 वें राष्ट्रीय खेल
उत्तराखंड 25
रजत जयंती वर्ष


# 38वें राष्ट्रीय खेल

## उत्तराखण्ड में आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन

**28 जनवरी-14 फरवरी, 2025**



**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## इन स्थानों पर होंगे नेशनल गेम्स

**देहरादून:** स्क्वॉश, तीरंदाजी, शूटिंग पिस्टल और राइफल, 5 गुणा 5 और 3 गुणा 3 बास्केटबॉल, जिम्नास्टिक, नेटबॉल, वुशु, जूडो, रग्बी सेवन्स, लॉन बॉल, एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, टेनिस।

**ऋषिकेश टिहरी:** इक्सट्रीम सलालम, कैनोई सलालम, बीच हैंडबॉल, बीच वॉलीबॉल, बीच कबड्डी।

**ऊधमसिंह नगर:** साइकिलिंग ट्रैक, साइकिलिंग रोड, हैंडबॉल, वॉलीबॉल, शूटिंग ट्रैप, स्केट, मलखंब।

**हल्द्वानी:** फुटबॉल, खो-खो, ताइक्वांडो, मॉडर्न पैंटॉथालान, स्वीमिंग, फेंसिंग, ट्रायथलॉन।

**हरिद्वार:** हॉकी, कबड्डी, कुश्ती, कलारीपयट्टू।

**नई टिहरी:** क्याकिंग और कैनोइंग (स्प्रिंट), रोइंग।

**नैनीताल (भीमताल):** साइकिलिंग एमटीबी।

**अल्मोड़ा:** योगासन।

**पिथौरागढ़:** बॉक्सिंग।

**चंपावत:** रॉफ्टिंग।

## संकल्प से शिखर तक

देशभर के करीब 10,000 खिलाड़ी अपना हुनर दिखाएंगे

राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से उत्तराखण्ड की खेल प्रतिभाओं को एक नया मंच मिलेगा

35 खेल स्पर्धाओं में दमखम दिखाएंगे देशभर के खिलाड़ी

योग व मलखंब को किया गया है राष्ट्रीय खेलों में शामिल



तेजस्विनी (मशाल)



मौली (मैस्कट)







अधिक जानकारी के लिए लॉगइन करें:-
https://38nguk.in/

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

www.jagruktimes.co.in
epaper.jagruktimes.co.in
@jagruktimes @jagruktv

## जैसलमेर में बर्ड फ्लू की दहशत

# खेत में गिरे 14 कुरजां, मौत

**▶▶ मृत पक्षियों की संख्या 28**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**जैसलमेर।** जैसलमेर में कुरजां (डेमोइसेल क्रेन) पक्षियों के मरने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार सुबह उड़ते हुए कुरजां अचानक से खेत में गिर गई और थोड़ी देर में ही 14 पक्षियों ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक उमेश व्रगतिवार ने बताया कि सबसे पहले देगराय ओरण इलाके में 14 कुरजां पक्षी मृत मिले थे। यहां 11 जनवरी को छह, 12 जनवरी को दो कुरजां के शव मिले थे। इसके बाद 13 जनवरी को दो, 15 जनवरी को तीन और 16 जनवरी को एक कुरजां का शव मिला था। 17 जनवरी को मोहनगढ़ के बांकलसर गांव में एक साथ 14 कुरजां के शव मिले हैं। अब तक 28 कुरजां की मौत हो चुकी है।



### वन और पशुपालन विभाग की टीम अलर्ट

जैसलमेर जिले में इन दिनों कुरजां में बर्ड फ्लू फैला हुआ है। भोपाल से आई रिपोर्ट में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद वन और पशुपालन विभाग की टीम अलर्ट होकर काम कर रही है। कुरजां की हो रही लगातार मौतों के बाद लोगों में इस बीमारी को लेकर दहशत फैल गई है। भोपाल के राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान (निषाद) की रिपोर्ट में लुनेरी तालाब में डेमोइसेल क्रेन के शवों में एच5एन1 एवियन फ्लू की पुष्टि की है। इसके बाद क्यूआरटी के साथ ही पशु अस्पताल, चिकित्सा विभाग, वन विभाग और राजस्व विभाग के फील्ड के अधिकारियों को पूरी तरह से चौकस कर दिया गया है।

### निमोनिया-कोरोना जैसे लक्षण मिले

पशुपालन विभाग के डा. उमेश ने बताया कि इस बीमारी में निमोनिया या कोरोना के जैसे ही लक्षण होते हैं। इलाज नहीं मिलने पर पक्षी की मौत हो जाती है। ये एक संक्रमण है, जो एक से दूसरे में जल्दी से फैलता है। पशुओं में भी ये संक्रमण फैल सकता है, जिससे उसकी जान जा सकती है। ऐसे में बचाव करना ही इलाज है। अगर किसी को हो जाए तो उसको प्रॉपर इलाज करवा कर मुक्त किया जा सकता है।

### न उपयोग करे तालाब का पानी

**बर्ड फ्लू के इंसानों में भी फैलने के खतरे को लेकर प्रशासन की ओर से जहां भी मृत पक्षी मिले हैं, उसके बाद इंसानों को उस तरफ नहीं जाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही फिलहाल जहां मृत पक्षी मिले हैं, उन तालाबों के पानी का उपयोग नहीं करने को कहा गया है।**

## जैसलमेर में धूप से लोगों को राहत

▶▶ रात को सर्दी का असर तेज
▶▶ दिन का पारा दो डिग्री बढ़ा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**जैसलमेर।** जैसलमेर में तापमान में उतार-चढ़ाव जारी है। दिन में धूप खिलने से जहां तापमान में दो डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं रात के तापमान में दो डिग्री की गिरावट आई है। ऐसे में दिन में मौसम सामान्य होने के साथ ही रात को सर्दी का एहसास होता है। पिछले दिनों बरसात के बाद मौसम ने करवट लेते हुए सर्दी का एहसास तेज हो गया था। मौसम विभाग ने अब न्यूनतम तापमान में धीरे -धीरे बढ़ोतरी दर्ज होने की संभावना जताई है। जिससे रात में कड़ाके की सर्दी से राहत मिलेगी। पिछले दिनों धुंध व कड़ाके की सर्दी का एहसास होने के बाद अब दिन में धूप खिलने से लोगों ने राहत की सांस ली है। लेकिन रात में सर्दी का असर तेज है।



### मौसम विभाग की भविष्यवाणी

शुक्रवार को निकली तेज धूप ने लोगों को सर्दी से राहत दी। जिले में गुरुवार को अधिकतम तापमान करीब दो डिग्री की बढ़ोतरी के साथ 23.4 डिग्री व न्यूनतम तापमान करीब दो डिग्री की गिरावट के साथ 6.7 डिग्री दर्ज किया गया। दिन व रात के पारे में 18 डिग्री का अंतर रहा। मौसम विभाग ने अब न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी दर्ज होने की संभावना जताई है। जिससे रात में कड़ाके की सर्दी से राहत मिलेगी। कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव ने बताया कि 18 जनवरी से मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 18 जनवरी से मौसम साफ रहेगा। साथ ही तापमान में बढ़ोतरी होने से कड़ाके की सर्दी से राहत मिलेगी।

## बाड़मेर का इंडो-पाक बॉर्डर

# बीएसएफ ने पकड़ा हथियारों का जखीरा

- चार ग्लोबल पिस्टल बरामद
- बीएसएफ-पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी


**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**बाड़मेर।** इंडो-पाक बॉर्डर पर अवैध हथियारों का जखीरा बीएसएफ ने पकड़ा है। हथियार तारबंदी पार से आना सामने आए है। फिलहाल बीएसएफ डीआईजी राज कुमार बस्साटा और बाड़मेर एसपी नरेंद्र सिंह मीना के लिए रवाना हो गए है। बीएसएफ और पुलिस की टीमें इलाके में सर्च ऑपरेशनल चलाया जा रहा है। अलग-अलग खुफिया एजेंसी एक्टिव होने के साथ-साथ हथियार तारबंदी पार कैसे आए इसका पता लगाया जा रहा है। बीकेडी (भभूते की ढाणी) के पास सर्च ऑपरेशन के दौरान हथियार पकड़े गए है।
दरअसल, सर्दी में एक बार फिर शांत कहे जाने वाली बाड़मेर बॉर्डर पर नापाक एक्टिव शुरू हो गई है। बीती रात को तारबंदी के पास हलचल होने पर बीएसएफ एक्टिव हुई। इनपुट के आधार पर बीएसएफ ने बीजराड़ थाना इलाके के बीकेडी पोस्ट पर सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान वहां पर अवैध हथियार का जखीरा मिला। फिलहाल पुलिस और टीम ने चार ग्लोबल पिस्टल बरामद होने की पुष्टि हुई है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि इसके अलावा भी हथियार हो सकते है।
एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने कहा कि मौके पर बीजराड़ थाना पुलिस और डीएसटी टीम मौके पर है। मैं मौके पर जा रहा हूं। फिलहाल चार ग्लोबल पिस्टल बरामद हुई है। पुलिस और बीएसएफ की टीमें सर्च ऑपरेशन कर रही है। ज्यादा जानकारी मौके पर पहुंच पाने के बाद ही दे पाऊंगा।



### खुफिया एजेंसियां हुई एक्टिव

अवैध हथियार मिलने के बाद बीएसएफ, पुलिस सहित अलग-अलग सुरक्षा एजेसियां एक्टिव हो गई है। वहीं मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है।

# बाड़मेर में फिर कड़ाके की सर्दी



- तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस
- 15-20 किलोमीटर की रफ्तार से चल रही हवाएं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**बाड़मेर।** पश्चिमी राजस्थान में लगातार मौसम बदलाव देखने को मिल रहा है। बाड़मेर में कभी बूंदाबांदी, शीतलहर, घना कोहरा छा रहा है। लेकिन बीते दो दिनों से कोहरे और शीतलहर पर ब्रेक लगा हुआ है। लेकिन कड़ाके की ठंड का दौर बरकरार है। शुक्रवार को सुबह तेज सर्दी कहर रहा। तेज धूप खिलने के बाद 10 बजे के बाद लोगों को सर्दी से राहत मिली है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 8.2 डिग्री पहुंच गया। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री और अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान बढ़ने की संभावना जताई है। दरअसल, जनवरी माह 16 दिनों में मौसम में तीन तरह के मौसम में बदलाव देखने को मिला। कड़ाके की ठंड, बारिश और गर्मी का एहसास भी करवाया। इन दिनों में तापमान भी बढ़कर 30 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 14 डिग्री तक पहुंच गया था। सर्दी के साथ-साथ तापमान में भी उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहा। घना कोहरा भी छाया रहा। वहीं ओस भी गिरी। लेकिन बीते दो दिनों से कोहरे पर ब्रेक लग गया है। लेकिन सर्दी का कहर शुक्रवार को सुबह भी जारी रहा। लोग सर्दी से बचने के लिए ऊनी कपड़ों में लिपटे नजर आए। गली-गली मोहल्ले में लोग अलाव करते नजर आए। तेज धूप निकलने के बाद लोगों ने सर्दी से राहत ली। कड़ाके की ठंड में सुबह स्कूली बच्चों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्कूली बसों और वेन में ठिठुरते हुए स्कूल पहुंचते नजर आए। हल्की हवा चल रही है। शनिवार को न्यूनतम तापमान दो डिग्री गिरकर 8.2 डिग्री पहुंच गया। वहीं अधिकतम तापमान में गुरुवार को मामूली चढ़कर भी 25.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। इससे अब सर्दी कम होगी। शीत लहर का असर कम होने से आमजन को सर्दी से राहत मिली है।

## प्रयागराज महाकुंभ मेला-2025

# बाड़मेर-बरौनी ट्रेन के तीन-तीन फेरे

## ▶▶ जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने दी जानकारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**बाड़मेर।** रेलवे ने प्रयागराज महाकुंभ मेला-2025 में पैसेंजर के एक्स्ट्रा ट्रैफिक को देखते हुए बाड़मेर से बरौनी स्टेशनों के बीच तीन जोड़ी महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन का निर्णय लिया है। यह बाड़मेर से महाकुंभी स्पेशल ट्रेन 24 जनवरी, सात और 14 फरवरी को चलेगी। वहीं बरौनी से ट्रेन 26 जनवरी, नौ और 16 फरवरी को तीन-तीन ट्रिप के लिए संचालित होगी। इससे कुंभ में जाने के लिए पैसेंजर को सुविधा बढेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया- रेल प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों के महाकुंभ मेला में आवाजाही की सुविधा के लिए बाड़मेर से जोधपुर-जयपुर-प्रयागराज के रास्ते बरौनी के लिए तीन ट्रिप महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया- ट्रेन 04811/04812, बाड़मेर-बरौनी-बाड़मेर महाकुंभ मेला स्पेशल बाड़मेर से 24 जनवरी, सात और 14 फरवरी को तथा बरौनी से 26 जनवरी, नौ और 16 फरवरी को तीन-तीन ट्रिप के लिए संचालित की जाएगी जिससे यात्रियों को प्रयागराज आवागमन में सुविधा होगी। ट्रेन 04811 उपरोक्त तिथियों में बाड़मेर से सायं 5.30 बजे प्रस्थान कर रात्रि 9.20 बजे जोधपुर आगमन व 9.30 बजे प्रस्थान तथा प्रयागराज स्टेशन पर दूसरे दिन शाम सात बजे आगमन व 7.10 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन सुबह नौ बजे बरौनी पहुंच जाएगी। वापसी में ट्रेन 04812 उपरोक्त तिथियों में बरौनी से रात्रि 11 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 11.10 बजे प्रयागराज आगमन व 11.20 बजे प्रस्थान और तीसरे दिन सुबह 8.45 बजे जोधपुर आगमन व 8.55 बजे प्रस्थान कर दोपहर एक बजे बाड़मेर पहुंच जाएगी।



### ट्रेन इन स्टेशनों पर करेगी ठहराव

सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा ने बताया कि महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन आवागमन में बालोतरा, समदड़ी, जोधपुर, मेड़ता रोड, डेगाना, मकराना, कुचामन सिटी, फुलेरा, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, आगरा फोर्ट, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलीपुत्र व हाजीपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

### होंगे इतने डिब्बे

ट्रेन 04811/04812, बाड़मेर-बरौनी-बाड़मेर स्पेशल ट्रेन में बाड़मेर से 24 व बरौनी से 26 जनवरी को एक थ्री टायर एसी, पांच स्लीपर, 15 जनरल व दो गार्ड एसएलआर सहित 23 डिब्बे होंगे। जबकि ट्रेन 04811/04812, बाड़मेर-बरौनी मेला स्पेशल ट्रेन में बाड़मेर से सात और 14 फरवरी तथा बरौनी से नौ और 16 फरवरी को दो सेकेंड एसी, पांच एसी थ्री टायर, 11 स्लीपर, चार जनरल और दो एसएलआर सहित 24 डिब्बे होंगे।

### मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का भाव | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 848 | 845 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 259 | 256 |
| जिंक स्लैब | 279 | 278 |
| लीड इन्गॉट | 180 | 181 |
| टिन स्लैब | 2634 | 2635 |
| निकल | 1390 | 1383 |
| मेटल स्क्रैप | आज का भाव | पूर्व बंद |
| सभी दरें रुपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 804 | 800 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 794 | 791 |
| कॉपर आर्मेचर | 784 | 781 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 735 | 735 |
| कॉपर सीट | - | - |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 533 | 533 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 575 | 575 |
| एल्युमिनियम | 195 | 195 |

**लंदन मेटल मार्केट**
**तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)**

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 9046 | -175 |
| टिन | 29285 | -35 |
| लीड | 1929 | -2450 |
| जिंक | 2873 | -2550 |
| एल्युमिनियम | 2658 | -2500 |
| निकल | 15820 | +1500 |

# व्यापार जगत

## सोना महंगा, चांदी में गिरावट

- सोना 115 से बढ़कर 79,299 रुपए
- चांदी 90,755 रुपए प्रति किलो बिक रही

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में 17 जनवरी को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 115 रुपए बढ़कर 79,299 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का दाम 79,184 रुपए प्रति दस ग्राम था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 1,029 रुपए कम होकर 90,755 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले ये 91,784 रुपए प्रति किलो पर थी। सोने ने पिछले साल 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

### 4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,420 रुपए है। **मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,270 रुपए है। **कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 74,500 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 81,270 रुपए है। **चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,270 रुपए है। **भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,320 रुपए है।



2024 में गोल्ड ने 20% और सिल्वर ने 17% का रिटर्न दिया बीते साल सोने का भाव 20.22% बढ़ा। वहीं, चांदी की कीमत में 17.19% की बढ़ोतरी हुई।
एक जनवरी 2024 को सोना 63,352 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 31 दिसंबर 2024 को 76,162 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। वहीं इस दौरान, एक किलो चांदी की कीमत 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर 86,017 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

## रुपए को लेकर आरबीआई ने उठाया बड़ा कदम




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को सीमापार लेनदेन के निपटान को लेकर भारतीय रुपए और स्थानीय/राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए उदार मानदंडों की घोषणा की। यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब रुपए की विनिमय दर में गिरावट आ रही है और सोमवार को यह अबतक के सबसे निचले स्तर 86.70 प्रति डॉलर पर पहुंच गई। भारतीय रुपए सहित स्थानीय मुद्राओं में सीमापार लेनदेन को प्रोत्साहित करने के लिए रिजर्व बैंक पहले ही संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया और मालदीव के केंद्रीय बैंकों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर चुका है। व्यापार में लेनदेन के लिए भारतीय रुपए के उपयोग को प्रोत्साहित करने को लेकर, जुलाई 2022 में, विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता के रूप में एक अतिरिक्त व्यवस्था शुरू की गई थी। तब से कई विदेशी बैंकों ने भारत में बैंकों में ये खाते खोले हैं।
आरबीआई ने गुरुवार को मौजूदा फेमा नियमों में किए गए बदलावों की घोषणा करते हुए कहा कि अधिकृत डीलर बैंकों की विदेशी शाखाएं भारत में रहने वाले किसी व्यक्ति के साथ सभी चालू खाते और पूंजी खाता लेनदेन के निपटान के लिए भारत के बाहर रह रहे व्यक्ति के लिए रुपया खाता खोलने में सक्षम होंगी।
उदारीकृत फेमा (विदेशी विनिमय प्रबंधन कानून) नियमों के तहत, भारत के बाहर रह रहा व्यक्ति विशेष प्रवासी रुपया खाता और विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता (एसआरवीए) के जरिए अन्य प्रवासियों के साथ पात्र लेनदेन का निपटान कर सकेगा। इसके अलावा, भारत से बाहर रहने वाले व्यक्ति एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश), गैर-ऋण उत्पादों समेत विदेशी निवेश के लिए रुपए खातों में रखी अपनी शेष राशि का उपयोग कर सकेंगे। ये खाते वैसे हैं, जिसमें रखी राशि को निवेशक अपने देश भेज सकते हैं।
आरबीआई ने कहा कि भारतीय निर्यातक निर्यात आय प्राप्त करने और आयात के भुगतान समेत व्यापार से जुड़े सौदों के निपटान के लिए दूसरे देशों में किसी भी विदेशी मुद्रा में खाते खोल सकेंगे। रिजर्व बैंक ने भारतीय रुपए में सीमापार लेनदेन को बढ़ावा देने का निर्णय केंद्र सरकार के परामर्श से 1999 के फेमा नियमों की समीक्षा के बाद लिया है।

## आपका राशिफल 18 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-5-6-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। यात्रा का योग बनेगा। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-5-7-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-7-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-4-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर वाले मदद करेंगे। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दे शुभांक-2-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-4-6-8

## कमजोर रुपए से बढ़ेगा भारत के सोने का आयात 'बिल'

**नई दिल्ली।** आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को कहा कि घरेलू मुद्रा में गिरावट से भारत के सोने के आयात 'बिल' में वृद्धि होगी। खासकर जब वैश्विक सोने की कीमतें सालाना आधार पर 31.25 प्रतिशत बढ़कर जनवरी में 86,464 डॉलर प्रति किलोग्राम हो गई हैं। जनवरी 2024 में कीमत 65,877 डॉलर प्रति किलोग्राम थी। 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) ने अपनी रिपोर्ट में कहा, भारतीय रुपया (आईएनआर) पिछले वर्ष 16 जनवरी से अब तक अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 4.71 प्रतिशत कमजोर होकर 82.8 रुपए से 86.7 रुपए पर आ गया है। वहीं पिछले 10 वर्षों में यानी जनवरी 2015 से 2025 के बीच अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में 41.3 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 41.2 रुपए से टूटकर 86.7 रुपए पर आ गया है। इसकी तुलना में, चीनी युआन में 3.24 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 7.10 युआन से घटकर 7.33 युआन हो गया।
जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, '' कुल मिलाकर कमजोर रुपए से आयात 'बिल' बढ़ेगा, ऊर्जा तथा कच्चे माल की कीमतें बढ़ेंगी जिससे अर्थव्यवस्था में दबाव बढ़ेगा। पिछले 10 वर्षों के निर्यात आंकड़ों से पता चलता है कि कमजोर रुपए से निर्यात को कोई मदद नहीं मिलती है, जबकि अर्थशास्त्रियों की राय इससे उलट है।'' उन्होंने कहा कि हालांकि आम राय के अनुसार कमजोर मुद्रा से निर्यात को बढ़ावा मिलना चाहिए, लेकिन भारत के दशक भर के आंकड़े एक अलग कहानी बयां करते हैं। उच्च आयात वाले क्षेत्र फल-फूल रहे हैं, जबकि कपड़ा जैसे श्रम-गहन, कम आयात वाले उद्योग लड़खड़ा रहे हैं।
श्रीवास्तव ने कहा, '' 2014 से 2024 तक के व्यापार आंकड़े भी अलग कहानी दर्शाते हैं। 2014 से 2024 की अवधि में कुल वस्तु निर्यात में 39 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और कंप्यूटर जैसे उच्च आयात वाले क्षेत्रों में बहुत अधिक वृद्धि देखी गई।'' उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में 232.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और मशीनरी तथा कंप्यूटर निर्यात में 152.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। श्रीवास्तव ने कहा कि इस बीच, परिधान जैसे कम आयात वाले क्षेत्रों में कमजोरी आई, जबकि कमजोर रुपए के कारण उनके सामान वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी हो गए होंगे। उन्होंने कहा, '' इन ट्रेंड्स से पता चलता है कि कमजोर रुपया हमेशा निर्यात को बढ़ावा नहीं देता है। यह श्रम-गहन निर्यात को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाता है और कम मूल्य संवर्धन के साथ आयात-संचालित निर्यात को बढ़ावा देता है।'' जीटीआरआई ने सुझाव दिया कि भारत को दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता प्राप्त करने के लिए वृद्धि विकास और मुद्रास्फीति नियंत्रण के बीच सावधानीपूर्वक संतुलन बनाना होगा तथा साथ ही रुपया प्रबंधन व व्यापारिक रणनीतियों पर पुनर्विचार करना होगा। उन्होंने कहा, '' हालांकि, वास्तविक स्थिति गंभीर है।



## सेंसेक्स 423 अंक गिरकर 76,619 पर बंद

**मुंबई।** सेंसेक्स 17 जनवरी को 423 अंक की गिरावट के साथ 76,619 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 109 अंक की गिरावट रही, ये 23,201 के स्तर पर बंद होगा। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और 14 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 29 में तेजी और 21 में गिरावट रही। जबकि, एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में प्राइवेट बैंकिंग सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.17% की गिरावट रही।
एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.31% और कोरिया के कोस्पी में 0.16% की गिरावट रही। वहीं चीन के शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स में 0.18% की तेजी रही। एनएसई के डेटा के अनुसार, 16 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 4,341 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 2,928 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। 16 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 0.16% की गिरावट के साथ 43,153 पर बंद हुआ। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.21% गिरकर 5,937 बंद हुआ। नैस्डैक इंडेक्स में 0.89% की गिरावट रही। स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स के आईपीओ का आज दूसरा दिन स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड का आईपीओ का 17 जनवरी को दूसरा दिन है। निवेशक इस इश्यू के लिए 20 जनवरी तक बिडिंग कर सकेंगे। 23 जनवरी को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे।



सीएम फडणवीस 20 से दावोस दौरे पर

# औद्योगिक विकास में महाराष्ट्र प्रथम

▶▶ 2018 के बाद पहला विदेश दौरा

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस 20 से 24 जनवरी के बीच वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्युईएफ) में भाग लेने के लिए दावोस जाएंगे। यह दौरा 19 जनवरी को तड़के मुंबई से शुरू होगा। मुख्यमंत्री का यह दौरा महाराष्ट्र में और अधिक विदेशी निवेश आकर्षित करने और राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।
अपने पहले कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री फडणवीस ने तीन बार दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में हिस्सा लिया था। उस समय महाराष्ट्र औद्योगिक विकास में पांचवें स्थान से पहले स्थान पर पहुंचा था। राज्य ने उस समय "मैग्नेटिक महाराष्ट्र" जैसे दो प्रमुख आयोजन भी सफलतापूर्वक किए थे। इस बार भी मुख्यमंत्री फडणवीस का दावोस दौरा कई बड़े कार्यक्रमों से भरा हुआ है। वे कई वैश्विक नेताओं से मुलाकात करेंगे। उनके साथ इस दौरे में उद्योग मंत्री उदय सामंत, एमआईडीसी, एमएमआरडीए, और सिडको के अधिकारी शामिल रहेंगे।



### कई महत्वपूर्ण समझौते होने की संभावना

इस दौरे के दौरान डेटा सेंटर, ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), इलेक्ट्रॉनिक्स, स्टील, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र उद्योग, दवा निर्माण और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण समझौते (एमओयू) होने की संभावना है। महाराष्ट्र को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और रोजगार के व्यापक अवसर उत्पन्न करने के लिए इस दौरे से निवेश आकर्षित करने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री अपने इस दौरे के दौरान हाल ही में महाराष्ट्र द्वारा घोषित विभिन्न नीतियों को भी व्यापारिक बैठकों में प्रस्तुत करेंगे। इन नीतियों से महाराष्ट्र के समग्र विकास को गति मिलने की उम्मीद है।

### सीएम का संतुलित विकास पर जोर

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में निवेश लाते समय और बुनियादी ढांचे का विकास करते समय उनकी सरकार ने हमेशा संतुलित और क्षेत्रीय विकास पर ध्यान दिया है। इस दावोस दौरे का मुख्य उद्देश्य महाराष्ट्र के सभी क्षेत्रों और जिलों में निवेश लाना है, जिससे सभी का समान विकास सुनिश्चित हो सके। इस दौरे के माध्यम से राज्य सरकार का लक्ष्य महाराष्ट्र में बड़े पैमाने पर निवेश लाना है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। यह दौरा महाराष्ट्र को वैश्विक निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम होगा।

## पुणे विवि की पहली ट्रांसजेंडर छात्रा ने की आत्महत्या

**पुणे।** सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय (एसपीपीयू) की पहली ट्रांसजेंडर छात्रा तीस वर्षीय सारंग पुणेकर ने बुधवार को राजस्थान में आत्महत्या कर ली। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को पुणे में किया गया। राजस्थान में वह ट्रांसजेंडर समुदाय के बीच रह रही थी और उनके लिए काम कर रही थी। पुणे में रहने वाली स्वतंत्र लेखिका अश्विनी सातव, जिन्होंने लंबे समय तक उनके साथ काम किया, कहती हैं, हमने उनसे वापस आने के लिए कहा था। एसपीपीयू में महिला अध्ययन विभाग की प्रमुख डॉ. अनघा तांबे ने कहा, पुणेकर अंबेडकरवादी आंदोलन की प्रबल समर्थक थीं और उन्होंने एनआरसी और सीएए के खिलाफ भी आवाज उठाई थी। सारंग जाति और सत्ता पदानुक्रम के अपने विश्लेषण में शानदार थीं। विश्वविद्यालय की पहली ट्रांसजेंडर छात्रा के रूप में, उनकी उपस्थिति हमारे लिए एक अनूठा अनुभव था।

जी दक्षिण विभाग कार्यालय परिसर

# नागरिक सुविधा केंद्र में हो मूलभूत सुविधाएं

बीएमसी आयुक्त एवं प्रशासक ने दिए निर्देश

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई के नागरिकों को नागरिक सुविधा केंद्रों के माध्यम से विभिन्न सेवाएं और सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। नागरिक सुविधा केंद्र में नागरिकों के लिए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल और सहज आवाजाही के लिए बाधारहित स्थान उपलब्ध कराना आवश्यक है। साथ ही, इंटरनेट, सर्वर और सिस्टम का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि नागरिकों को दस्तावेजों के लिए भटकना न पड़े। कम समय और कम खर्च में नागरिक सेवाएं प्रदान करने के निर्देश मनपा आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगराणी ने दिए हैं।गगराणी ने यह भी निर्देश दिया कि जी दक्षिण विभाग कार्यालय की तरह अन्य सभी नागरिक सुविधा केंद्रों में टोकन प्रणाली लागू की जाए।



### पहली बार लागू की गई टोकन प्रणाली

▪ यहां नागरिक सुविधा केंद्र में पहली बार टोकन प्रणाली लागू की गई है। इसके अलावा, नागरिकों के लिए 'हिरकणी कक्ष,' ठंडे पेयजल की व्यवस्था और सुझाव पेटी जैसी सुविधाएं प्रदान की गई हैं। इन सुविधाओं की उन्होंने सराहना की और केंद्र में आए नागरिकों से संवाद भी किया। इस दौरान सहायक आयुक्त मृदुला अंडे सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### सुविधाएं देना बीएमसी का पहला कर्तव्य

▪ गगराणी ने कहा कि नागरिकों को विभिन्न सेवाएं और सुविधाएं प्रदान करना मनपा का प्राथमिक कर्तव्य है, जिसे निभाने के लिए मनपा प्रशासन प्रतिबद्ध है। प्रत्येक विभाग कार्यालय (वॉर्ड) में सुसज्ज नागरिक सुविधा केंद्र बनाए गए हैं, जहां नागरिक अपने विभिन्न प्रमाणपत्रों और दस्तावेजों के लिए आते हैं। ऐसे केंद्रों पर अक्सर भारी भीड़ होती है, जिससे नागरिकों को कई घंटों तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है और कभी-कभी विवाद की स्थिति भी उत्पन्न होती है।

साइबर अपराधियों की ठाणे पुलिस को चुनौती

## नागरिकों से की 162 करोड़ की ठगी

दिनेश चन्द्र रावल / जागरूक टाइम्स

**ठाणे।** ठाणे पुलिस आयुक्तालय सीमा के भीतर अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए, ठाणे पुलिस ने कठोर कदम उठाए और अपराधियों को जेल भेजा। ठाणे पुलिस आयुक्तालय सीमा के भीतर बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए तैयार है। साइबर अपराधी नागरिकों को ठगने के लिए विभिन्न हथकंडे अपना रहे हैं। वर्ष 2024 में मुख्यालय के अंतर्गत आने वाले पुलिस थानों में 719 साइबर धोखाधड़ी के मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से पुलिस केवल 39 अपराधों को सुलझाने में सफल रही है। दर्ज मामले में बताया गया है कि साइबर अपराधियों ने ठाणे निवासी एक व्यक्ति के बैंक खाते से 162 करोड़ रुपये उड़ा लिए हैं। पंजीकृत कुल 719 साइबर अपराधों में से 58 टास्क धोखाधड़ी के मामले, 116 शेयर ट्रेडिंग के मामले, 26 कूरियर धोखाधड़ी के मामले, 50 डिजिटल अपराध और 469 अन्य साइबर अपराध दर्ज किए गए हैं। ठाणे पुलिस द्वारा एक अलग साइबर सुरक्षा सेल बनाया गया है। इसमें तीन करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के मामलों की जांच शामिल है।

बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने को तैयार

# राष्ट्रीय डायग्नोस्टिक्स फोरम और अवाइर्स संपन्न

वेस्टिन गोरेगांव में तीसरे संस्करण का आयोजन

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** प्रभावी स्वास्थ्य सेवा का आधार माने जाने वाले डायग्नोस्टिक्स क्षेत्र ने भारत में रोगों की शीघ्र पहचान, प्रबंधन, और बेहतर रोगी परिणामों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। देश वर्तमान में बढ़ते रोग भार और विकसित हो रही स्वास्थ्य सेवा मांगों के दोहरे चुनौती का सामना कर रहा है। ऐसे में डायग्नोस्टिक्स क्षेत्र पहुंच, किफायती सेवा, और नवाचार में अंतर को पाटने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसी संदर्भ में वॉइस ऑफ हेल्थकेयर (वीओएच) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय डायग्नोस्टिक्स फोरम और अवाड्र्स 2025 के तीसरे संस्करण का आयोजन वेस्टिन गोरेगांव, मुंबई में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन ने उद्योग जगत के अग्रणी व्यक्तियों, नीति निर्माताओं और नवप्रवर्तकों को डायग्नोस्टिक्स के भविष्य को आकार देने के लिए एक मंच पर लाया। कार्यक्रम की शुरुआत शुभारंभ सत्र से हुई, जिसमें संजय झा, वॉइस ऑफ हेल्थकेयर के सचिव ने उद्घाटन संबोधन दिया। अपने संबोधन में उन्होंने स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत बनाने में डायग्नोस्टिक्स के महत्व को रेखांकित किया और उद्योग की बदलती चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। "डायग्नोस्टिक्स चिकित्सा क्षेत्र में अधिकतर निर्णयों का आधार है। हालांकि, कभी-कभी मरीज और डाक्टर इसकी महत्वता को नजरअंदाज कर देते हैं और गैर-मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं पर निर्भर हो जाते हैं, जिससे परिणामों की सटीकता पर असर पड़ता है। यह डायग्नोस्टिक्स में गुणवत्ता मानकों की कड़ाई से पालन करने की आवश्यकता को दर्शाता है।"इसके बाद डॉ. नवीन निश्छल, वॉइस ऑफ हेल्थकेयर के संस्थापक ने स्वागत भाषण दिया और डायग्नोस्टिक्स में बाधाओं को दूर करने के लिए साझेदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। डा. दक्ष शाह, सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, मुंबई महानगरपालिका की मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अपने मुख्य भाषण में डायग्नोस्टिक्स और सार्वजनिक स्वास्थ्य रणनीतियों के एकीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया।



## सेफ्टी नेट ने बचा ली मजदूर की जान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई के विक्रोली इलाके में एक अजीबो-गरीब मामला देखने को मिला है। मुंबई के विक्रोली में स्थित कन्नामवार नगर इलाके में एक कंस्ट्रक्शन साइट का है। यहां एक मजदूर ने 13वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की। लेकिन पहली बार कूदने पर वह 8वीं मंजिल पर लगे सेफ्टी नेट में जा अटका। इसके बाद मजदूर ने दूसरी बार प्रयास किया तो वह पहले फ्लोर के पास बने सेफ्टी नेट पर जा गिरा। मजदूर का नाम बिरजू प्रसाद रमेश बताया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक शख्स कुछ दिनों से मानसिक तनाव में था जिसकी वजह से उसने ऐसा कदम उठाया। दोनों बार सेफ्टी नेट पर अटकने के बाद आसपास के मजदूरों ने उसे उठाया और ऐसा बताया जा रहा है कि उसे वापस उसके गांव भेज दिया गया है।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

डा. राममनोहर त्रिपाठी पत्रकारिता सम्मान

# श्रीनारायण तिवारी होंगे सम्मानित

**मुंबई।** महाराष्ट के लोकप्रिय हिन्दी दैनिक यशोभूमि के कार्यकारी संपादक और हिन्दी पत्रकारिता के जाना माना नाम श्रीनारायण तिवारी को उनके उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए डा. राममनोहर त्रिपाठी पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।



यह सम्मान उन्हे युग प्रवर्तक संस्था द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान समारोह श्रीराम मंदिर आश्रम हाल, सेंट मेरी स्कूल के पास , जोगेश्वरी पूर्व में इस रविवार को दोपहर साढ़े तीन बजे प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी संस्था के राष्टीय अध्यक्ष पं. दिनेश चंद्र मिश्रा (बैसवारी), सहसंयोजक शिवम मिश्र बैसवारी दारा दी गई है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे अंधेरी पूर्व के विधायक मुरजी पटेल, उद्योगपति और हिन्दी साहित्यानुरागी सुधीर दांडेकर, समाज सेवी सुरेन्द्र दुबे, दिनेश तिवारी। श्रीनारायण तिवारी ने लोकप्रिय दैनिक जनसत्ता और संझा जनसत्ता में मुख्य संवाददाता, लोकमत समाचार और लोकमत तथा लोकमत टाइम्स में विशेष संवाददाता, तथा दबंग दुनिया,एब्सलूट इंडिया, पूर्ण विराम और जागरुक टाइम्स में भी कार्यक्रारी संपादक के रूप में कार्य किया।
उन्हें खबरों में तीखी धार और समाचार पत्र में नए कलेवर के लिए जाना जाता है जो आज भी दैनिक यशोभूमि समाचार पत्र में दिखाई देता है। इस कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन करेंगे वरिष्ठ पत्रकार अनुराग राममनोहर त्रिपाठी जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे पूर्व प्रधानाचार्य और समाजसेवी पं वंसीधर शर्मा।
इस अवसर पर काव्य संध्या एवं पं.दिनेश चंद्र मिश्र (बैसवारी) द्वारा लिखित तथा पुस्तक अटल विहारी वाजपेयी का विमोचन भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद और समाज सेवी संजय निरुपम को पं. मूलचंद शुक्ल समाजसेवी सम्मान से नवाजा जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश तिवारी को पं. हनुमानप्रसाद तिवारी समाजसेवी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।
साहित्य सेवी रमेश बहादुर सिंह को बैसवारा गौरव सम्मान , कवि अल्हड़ असरदार को महावीर प्रसाद नेवटिया कविता सम्मान, कुमारी श्रेया भारती प्रकाश सैंदाणे को शारदा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

धर्मवीर भारती जन्म शताब्दी समारोह

# वाणी प्रकाशन ने मनाया साहित्य और संस्कृति का उत्सव

- रचनाओं ने हिंदी साहित्य की आत्मा को दिया आकारः अरुण माहेश्वरी
- शताब्दी समारोह उनकी प्रतिभा का सम्मान और लेखकों-पाठकों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने का हमारा विनम्र प्रयास

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** वाणी प्रकाशन समूह हिंदी साहित्य की सबसे प्रतिष्ठित हस्तियों में से एक धर्मवीर भारती की जन्म शताब्दी मनाने के लिए 16 जनवरी को मुक्ति ऑडिटोरियम, मुंबई में एक भव्य साहित्यिक और सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया। वाणी प्रकाशन समूह के प्रबंध निदेशक अरुण माहेश्वरी ने कहा, 'धर्मवीर भारती की रचनाओं ने हिंदी साहित्य की आत्मा को आकार दिया है। यह शताब्दी समारोह उनकी प्रतिभा का सम्मान करने और लेखकों और पाठकों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करने का हमारा विनम्र प्रयास है।' वाणी प्रकाशन की सीईओ अदिति माहेश्वरी गोयल ने कहा, 'वाणी प्रकाशन अपने 61वें वर्ष का जश्न मना रहा है, यह उत्सव कालातीत क्लासिक्स और समकालीन आवाज़ों के बीच एक सेतु का प्रतिनिधित्व करता है, जो सुनिश्चित करता है कि भारती की विरासत निरंतर सहेजी जा सके।' कार्यक्रम में भारती जी की पत्नी पुष्पा भारती और बेटी प्रज्ञा भारती मौजूद रहे। 25 दिसंबर को इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में जन्मे धर्मवीर भारती की कृतियां, जिनमें सूरज का सातवां घोड़ा, अंधा युग और युद्ध यात्रा शामिल हैं, समय और भूगोल से परे हैं, जो भारतीय समाज और मानवीय भावनाओं की जटिलताओं को दर्शाती हैं। पद्म श्री और व्यास सम्मान जैसे पुरस्कारों से सम्मानित भारती का साहित्यिक योगदान हिंदी साहित्य की आधारशिला बना हुआ है। धर्मवीर भारती जन्म शताब्दी महोत्सव साहित्य प्रेमियों, शिक्षाविदों और सांस्कृतिक प्रेमियों को एक साथ आने और एक साहित्यिक दिग्गज के जीवन और कार्यों का जश्न मनाने के लिए आमंत्रित करता है।

## जे.जे. अस्पताल में हृदय, किडनी और यकृत प्रत्यारोपण सर्जरी

मुंबई। सर ज. जे. अस्पताल, जो राज्य में एक प्रमुख नाम है, में जल्द ही हृदय, किडनी और यकृत प्रत्यारोपण शल्यक्रिया की जाएगी। इन शल्यक्रियाओं के लिए आवश्यक उपकरण और साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ही, सर ज. जे. समूह रुग्णालय के सभी वॉर्डों का नवीनीकरण करने के लिए भी आवश्यक निधि प्रदान की जाएगी, ऐसा वैद्यकीय शिक्षण मंत्री हसन मुश्रीफ ने घोषणा की। इस कार्यक्रम में विधायक मनीषा कायंदे, प्रधान सचिव दिनेश वाघमारे, वैद्यकीय शिक्षण और संशोधन आयुक्त राजीव निवतकर, अधिष्ठाता डॉ. पल्लवी सापळे और वैद्यकीय शिक्षण एवं संशोधन के संचालक डॉ. अजय चंदनवाले उपस्थित थे। ग्रँट शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय और सर ज. जे. समूह रुग्णालय में मंत्री हसन मुश्रीफ ने 11.74 करोड़ की लागत वाले कार्यों का उद्घाटन और 205.24 करोड़ की लागत वाली परियोजनाओं का ई-भूमिपूजन किया।



# 21 फरवरी को स्मरणांजली समारोह मुंबई में

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▶▶ आचार्य विद्यासागर महाराज का प्रथम समाधि दिवस
▶▶ राज्यपाल एवं उपमुख्यमंत्री सहित कई प्रमुख नेता एवं प्रतिष्ठित हस्तियां समारोह में होंगी शामिल

**मुंबई।** आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के प्रथम समाधी दिवस के अवसर पर मुंबई में एक भव्य 'स्मरणांजली समारोह' का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 'महावीरायतन फाउंडेशन' द्वारा 21 फरवरी को दोपहर दो बजे से 'योगी सभागृह, दादर पूर्व, मुंबई' में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में आचार्य के अद्वितीय योगदान, उनकी शिक्षाओं व विचारधारा पर विशेष चर्चा की जाएगी और उनके जीवन पर आधारित डॉक्युमेंट्री का प्रसारण भी किया जाएगा साथ ही और बहुत कुछ रंगारंग कार्यक्रम होंगे। आचार्य विद्यासागर महाराज भारतीय समाज में अहिंसा, सत्य, और संयम के महान प्रवर्तक रहे हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति के पुनर्निर्माण के लिए कई पहलुओं पर कार्य किया, जिसमें गौसेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, और हथकरघा उद्योग को विशेष महत्व दिया गया और लाखों लोगों को धर्म मार्ग से जोड़ा।



### इंडिया नहीं, भारत बोलो

▪ आचार्य का प्रसिद्ध नारा 'इंडिया नहीं, भारत बोलो' न केवल उनके दर्शन का प्रतीक था, बल्कि यह समग्र भारतीयता और संस्कृति की पुनःस्थापना की दिशा में एक प्रेरणा बन गया। उनकी विचारधारा ने न केवल सामान्य जनता को प्रभावित किया, बल्कि देश के यशस्वी राजनेताओं और समाजसेवियों को भी गहरे रूप से प्रभावित किया। इस आयोजन में राजस्थान के राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े मुख्य अतिथि के रूप में और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले,महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, महाराष्ट्र शासन में मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा,राज्यसभा के युवासांसद मिलिंद देवड़ा की गरिमा में उपस्थित रहेगी। इनके साथ ही देश के विख्यात उद्योगपति, साहित्यकार, सिने जगत के कलाकार एवम सभी समाज के महत्वपूर्ण हस्तियां इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। महावीरायतन फाउंडेशन के संस्थापक देवेंद्र ब्रह्मचारी जी जैन साधक, आध्यात्मिक प्रभावक एवं समाज सुधारक है, और तीर्थंकर भगवान महावीर के सिद्धांतों के प्रति अटूट भक्ति रखने वाले समर्पित अनुयायी हैं। उन्होंने अल्पायु में ही आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज से ब्रह्मचर्य व्रत ग्रहण किया, और अपने जीवन को धार्मिक और सामाजिक कार्य के लिए पूर्ण रूप से समर्पित कर दिया। इस समारोह का आयोजन आचार्य के प्रथम समाधी दिवस के अवसर पर किया जा रहा है, ताकि उनकी शिक्षाओं और कार्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जा सके। यह अवसर न केवल आचार्य के योगदान का सम्मान है, बल्कि भारतीय संस्कृति और धर्म के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

## हवाई सफर पर घने कोहरे का असर

**मुंबई।** उत्तर भारत में खराब मौसम का असर अब हवाई सफर पर पड़ने लगा है। शुक्रवार को दिल्ली में कम विजिबिलिटी की वजह से 100 से अधिक फ्लाइट देरी से उड़ीं और 7 को रद करना पड़ा। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के हवाई अड्डों पर भी ऐसा ही हाल देखने को मिला। दिल्ली के पालम एयरपोर्ट, पंजाब के अमृतसर एयरपोर्ट, उत्तर प्रदेश के वाराणसी, आगरा और लखनऊ एयरपोर्ट पर सुबह 5:30 बजे तक शून्य विजिबिलिटी दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने नई दिल्ली में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दिल्ली एटीसी सूत्रों के मुताबिक सुबह दिल्ली में प्रति उड़ान 20 मिनट तक की देरी हुई है। वहीं कुछ उड़ानों में 30 से 40 मिनट तक की देरी भी रिकॉर्ड की गई। दिल्ली एयरपोर्ट ने भी पुष्टि की है कि शुक्रवार की सुबह मौसम की वजह से कई उड़ानें प्रभावित हुई हैं। इंडिगो ने जारी की एडवाइजरी दिल्ली से मुंबई आने वाली कुल 22 उड़ानों को सुबह चार बजे से दोपहर 3:30 बजे तक खराब मौसम की वजह से व्यवधान का सामना करना पड़ा।

▪ सात फ्लाइट को करना पड़ा रद

## गणतंत्र दिवस पर महाराष्ट्र-गोवा के एनएसएस वॉलंटियर

**मुंबई।** महाराष्ट्र के 12 और गोवा के 2 ऐसे कुल 14 राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक 76वें गणतंत्र दिवस की परेड के लिए कर्तव्यपथ और जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में कड़ी ठंड के बीच अभ्यास कर रहे हैं। दिल्ली में गणतंत्र दिवस के मुख्य कार्यक्रम के लिए केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्रालय की ओर से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एनएसएस के अभ्यास शिबिर की शुरुआत की गई है। इस शिविर में देशभर से 200 एनएसएस स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। यह शिविर 31 जनवरी 2025 तक चलेगा, जहां हर दिन सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक विविध कार्यक्रमों का अभ्यास हो रहा है। महाराष्ट्र से एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ आए कार्यक्रम अधिकारी डा. बी.एन. पुरंदरे (कला), श्रीमती एस.जी. गुप्ता (वाणिज्य), श्रीमती एस.ए. मिठाईवाला (विज्ञान महाविद्यालय), और लोनावला कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. पवन शिंगारे ने यह जानकारी दी।

### महाराष्ट्र के शामिल स्कूल

महाराष्ट्र से आए 12 एनएसएस स्वयंसेवकों में से 11 कर्तव्यपथ की मुख्य परेड में शामिल होंगे। सभी स्वयंसेवक राज्य के विभिन्न कॉलेजों से हैं। तेजस सोनसरे, सिटी प्रीमियर कॉलेज, हरीओम इंगले, श्रीमती जी.जी. खडसे कॉलेज, मुक्ताईनगर, जलगांव, स्वरूप ठाकरे, एनवीपी मंडल्स आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस कॉलेज, निफाड़, लासलगांव, नासिक, गुरु प्रसाद सतोने, बजाज कॉलेज ऑफ साइंस, वर्धा, आदित्य चंदोला, केसी कॉलेज, मुंबई, राहुल धर्मराज, विद्यालंकार स्कूल ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, मुंबई, कविता शेवरे, केटीएचएम कॉलेज, नासिक, वेदिका राजेमाने, भारती विद्यापीठ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर वूमेन, पुणे, पूजा बोंडगे, हुजूरपागा श्रीमती दुर्गाबाई मुकुंदास महिला विज्ञान महाविद्यालय, पुणे सहित कई कॉलेज और विवि शामिल है।

बी. के. बिड़ला महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव संपन्न

# छात्रों, शिक्षकों और स्टॉफ की रही सहभागिता



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कल्याण।** बी.के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से उर्जा 2.0 नाम से आयोजित एक सप्ताह तक चले इस खेल उत्सव में 5268 छात्रों और 150 से अधिक शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की सहभागिता रही। आयोजन का उदघाटन महाविद्यालय के शिक्षा निदेशक डा. नरेश चंद्र, प्राचार्य, डा. अविनाश पाटिल, उप प्राचार्य, डा. हरीश दुबे आदि महानुभावों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिव छत्रपति राज्य क्रीड़ा पुरस्कार से सम्मानित अभिजीत शिंदे उपस्थित थे । उन्होंने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को खेल के विविध क्षेत्रों से परिचित कराया।

क्रीड़ा समारोह में छत्रपति राज्य क्रीड़ा पुरस्कार

### 900 से अधिक छात्र सम्मानित

▪ इस उत्सव के समापन समारोह में 900 से अधिक छात्रों को सम्मान चिन्ह एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिव छत्रपति राज्य क्रीड़ा पुरस्कार से सम्मानित श्रीमती निशा पुजारी उपस्थित थीं। महानुभावों में प्राचार्य डा.अविनाश पाटील, जूनियर कॉलेज की उपप्राचार्या श्रीमती मनीषा डोंड, श्रीमती सुनीता पलवे, डा.हरीश दुबे आदि प्राध्यापक उपस्थित थे। इस क्रीड़ा उत्सव का आयोजन अनिल त्रिपाठी की अध्यक्षता और डा.वाई.डी. बगराव तथा रेवती विजय हुसनवडकर के विशेष निर्देशन में संपन्न हुआ। अन्य सहयोगियों में गजानन धुमाल, डा. बालासाहेब पाठारे, नागेश पवार, संदीप दिवेकर, शुभम मोहपे, अक्षय तेम्भे, राकेश ठाकरे, चिंतामण पाटिल, जीतेंद्र सैनी, निश्मिता राणा और डा. अभिजीत रावल आदि शिक्षक शामिल थे। छात्रों में विशेष रूप से ईशानी पांडे, रचित वर्मा, इमदाद मुझावर, निखिल पुरोहित आदि की भूमिका रही।

# पति देगा पत्नी को बीस लाख

▶▶ पत्नी ने लगाया पति पर आरोप

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पुणे।** पुणे की एक फैमिली कोर्ट ने अपने आदेश में एक महिला को तलाक देते हुए पति को 20 लाख रुपए का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। इसमें 10 लाख रुपए स्थायी गुजारा भत्ता और 10 लाख रुपये विवाह खर्च के रूप में शामिल हैं। कोर्ट ने पति को यह राशि छह महीने के भीतर चुकाने के लिए कहा है। इसके अलावा, पति को तीन महीने के भीतर पत्नी को पूरा सोना, दहेज और अन्य गिफ्ट की वस्तुएं लौटाने का भी आदेश दिया गया है। महिला के वकीलों ने कहा कि "ऐसा आदेश पहले किसी कोर्ट द्वारा दिए जाने की हमें जानकारी नहीं है।" उनके अनुसार, पति को स्थायी गुजारा भत्ता और विवाह खर्च के रूप में इतनी बड़ी राशि चुकाने का यह आदेश अपनी तरह का दुर्लभ मामला है। पत्नी द्वारा पति पर लगाए गए आरोपों में एक आरोप ये भी है कि उसका पति व्हाट्सऐप और फेसबुक पर दूसरी महिलाओं के साथ तस्वीरें शेयर करता था। जिससे उसका मानसिक उत्पीड़न हुआ। इसके बाद महिला ने पति के व्यवहार के कारण आपसी सहमति से तलाक लेने का अनुरोध किया।

### ▶▶ पति की हरकतों से मानसिक उत्पीड़न का आधार

महिला ने अपने पति पर अत्यधिक शराब पीने, गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार, उत्पीड़न और वैवाहिक संबंधों में लापरवाही का आरोप लगाया था। कोर्ट ने इन आधारों पर तलाक मंजूर किया। वकीलों के अनुसार, "महिला ने शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न के साथ-साथ पति द्वारा लगातार उपेक्षा के आधार पर तलाक की अर्जी दाखिल की थी, जिस पर लगभग एक साल तक सुनवाई चली।

## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशनार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

## सुविचार

सफलता उन्हीं को मिलती है, जो अपने काम में पूरे मन से जुट जाते हैं और कभी हार नहीं मानते।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## ब्रिटेन में बाल यौन शोषण

दुनियाभर में बाल यौन शोषण की घटनाओं में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। ब्रिटेन सरकार ने बाल यौन शोषण के आधार पर बढ़ने वाले गिरोहों के पैमाने और प्रकृति की 'त्वरित जांच' का आदेश दिया है, जिसमें अपराधों के पीछे 'सांस्कृतिक और सामाजिक कारणों' का पता लगाने के लिए जातीयता डेटा की जांच भी शामिल है। ब्रिटेन की गृह सचिव यवेट कूपर ने गुरुवार को हाउस ऑफ कॉमन्स में एक बयान में योजनाओं की रूपरेखा तैयार की, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे की कई प्रमुख जांचों में 'पाकिस्तानी विरासत गिरोह' शामिल हैं। मंत्री ने संसद को बताया कि बाल यौन शोषण कार्यबल अपने द्वारा एकत्रित और प्रकाशित किए जाने वाले जातीयता डेटा का तुरंत विस्तार करेगा। यवेट कूपर ने सांसदों को बताया, 'कई प्रमुख जांचों में पाकिस्तानी विरासत गिरोह शामिल रहे हैं और पुलिस कार्यबल के साक्ष्य से यह भी पता चलता है कि कई अलग-अलग समुदायों और जातीयताओं में शोषण और दुर्व्यवहार हो रहा है। लेकिन अपराधियों और पीड़ितों दोनों की जातीयता पर डेटा अभी भी अपर्याप्त है'। उन्होंने कहा, 'इससे भी आगे जाने के लिए, मैंने बैरोनेस लुईस केसी से देश भर में गिरोह आधारित शोषण के वर्तमान पैमाने और प्रकृति की त्वरित ऑडिट की देखरेख करने और आगे के काम के लिए सिफारिशें करने के लिए कहा है। यह जातीयता डेटा और इसमें शामिल गिरोहों और उनके पीड़ितों की जनसांख्यिकी की उचित जांच करेगा और यह कई जातीय समूहों समेत इस प्रकार के अपराध के लिए सांस्कृतिक और सामाजिक चालकों को देखेगा।' वहीं शैडो गृह सचिव, कंजर्वेटिव सांसद क्रिस फिलिप ने इस बात पर जोर देते हुए जवाब दिया कि अधिकारियों ने ऐतिहासिक रूप से बाल यौन शोषण से संबंधित जातीयता संबंधी डेटा को अनदेखा किया है या छुपाया है। फिलिप ने कहा गया कि शुरुआती किशोरावस्था वाली हजारों युवा लड़कियों का पुरुषों के गिरोहों की तरफ से व्यवस्थित रूप से दुष्कर्म किया गया। ये पुरुष गिरोह मुख्य रूप से पाकिस्तानी मूल के हैं। गृह सचिव ने दोहराया कि सरकार ने इस सप्ताह जो कार्रवाई की घोषणा की है, उसमें बाल शोषण की रिपोर्ट करने का कर्तव्य, किसी भी तरह के कवर-अप के लिए उचित दंड, गिरोहों के लिए कड़ी सजा, पीड़ितों के लिए अपने मामले को फिर से खोलने पर स्वतंत्र समीक्षा प्राप्त करने के नए अधिकार और ऐतिहासिक पुलिस जांच को फिर से खोलने के लिए नई कार्रवाई शामिल है। गृह कार्यालय ने कहा कि तीव्र राष्ट्रीय ऑडिट जल्द ही शुरू होगा और तीन महीने तक चलेगा। इसे एक विशेषज्ञ सलाहकार बोर्ड द्वारा समर्थित किया जाएगा।

### सैफ पर हमला

# सुरक्षा के उठते गंभीर सवाल...!!



नौशाबा परवीन

एक हमले ने बॉलीवुड में दुःख व खौफ की लहर दौड़ा दी है और हाई-प्रोफाइल सोसाइटीज़ में भी सुरक्षा के संदर्भ में गहरी चिंताएं व्याप्त कर दी हैं। मुंबई के बांद्रा क्षेत्र में एक 13-मंजिला सतगुरु शरण बिल्डिंग है, जिसके ऊपर के चार फ्लोर्स यानी 10 से 13 पर एक्टर्स सैफ अली खान व करीना कपूर का पेंटहाउस है, जिसमें वह अपने दोनों बच्चों- तैमूर व जहांगीर और स्टाफ के साथ रहते हैं। एफआईआर के मुताबिक, हुआ यह कि 16 जनवरी 2025 की सुबह लगभग 2:30 बजे एक 35-40 साल का, इकहरे बदन व सांवले रंग का व्यक्ति, चोरी के इरादे से, ग्राउंड फ्लोर की डक्ट का इस्तेमाल करते हुए 11वें फ्लोर पर पहुंचा और फिर टॉयलेट की खिड़की से होता हुआ सैफ के फ्लैट में दाखिल हो गया। वह सैफ के बेटे जहांगीर के कमरे में प्रवेश कर रहा था कि उसे हाउस मेड एलियम्मा फिलिप्स ने देख लिया। चोर, जिसकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है, जहांगीर की जान बख्शने के लिए 1 करोड़ रुपए फिरौती की मांग कर रहा था, उसके हाथ में चाकू था। एलियम्मा ने शोर मचाया तो अपने बेटे को बचाने के लिए सैफ दौड़े हुए आए। अज्ञात व्यक्ति ने सैफ पर चाकू से हमला कर दिया।

- इमेज

सैफ के शरीर पर चाकू से छह घाव हुए, जिनमें से दो अधिक गहरे थे, एक कलाई पर और दूसरा रीढ़ की हड्डी के पास। चाकू सैफ की रीढ़ की हड्डी में फंस गया। चोर को काबू कर लिया गया, उसे एक कमरे में बंद करने का प्रयास भी किया गया, लेकिन वह सीढ़ियों के रास्ते फरार होने में सफल हो गया। उसे छठे फ्लोर की सीढियों पर सीसीटीवी फुटेज में देखा गया। सैफ की पहली पत्नी अमृता सिंह से बेटे इब्राहीम को जैसे ही अपने पिता पर हमले की सूचना मिली, वह दौड़े हुए आए। वह ऑटो से सैफ को लीलावती अस्पताल लेकर गए क्योंकि उस समय किसी कार चालक की व्यवस्था नहीं थी। अस्पताल ले जाते समय भी सैफ की कमर में चाकू फंसा हुआ था। अस्पताल में सुबह लगभग 3:30 बजे सैफ का ऑपरेशन आरंभ हुआ। चाकू बाहर निकाला गया और लीक हो रहे स्पाइनल फ्लूइड को रिपेयर किया गया। दो अन्य गहरे घावों, एक बायें हाथ पर और दूसरा गर्दन, को भी रिपेयर किया गया, प्लास्टिक सर्जरी टीम द्वारा। डाक्टरों के अनुसार सैफ अब पूर्णतः स्थिर हैं। वह अच्छी तरह से रिकवर कर रहे हैं और खतरे से बाहर हैं। बहरहाल, आधी रात के बाद एक सेलिब्रिटी के घर में उस पर हुए घातक हमले से अनेक महत्वपूर्ण प्रश्न खड़े होते हैं। सेलिब्रिटीज हमेशा समाज से 'ऊपर' व परफेक्ट प्रतीत होते हैं, सुरक्षित जीवन व्यतीत करते हुए, लेकिन एक्टर सैफ पर रात के अंधेरे में हुए जानलेवा हमला तकरीबन व्यक्तिगत महसूस होता है। घर हर किसी का अंतिम शरण होता है, जहां हम आराम व रिकवर और जीने के लिए जाते हैं। यह वह जगह है, जहां हम अपना मास्क उतार देते हैं और हम जैसे हैं, वैसे हो जाते हैं, उन लोगों के साथ जो हमारी बहुत अधिक केयर करते हैं। घर हमारा अभयारण्य है और वहीं पर सैफ पर जानलेवा हमला हुआ। उन पर छह इतने तेज़ प्रहार किए गए कि हमलावर का 2.5 इंच चाकू उनकी रीढ़ की हड्डी में फंस गया। उनका बड़ा बेटा उन्हें ऑटोरिक्शा में अस्पताल लेकर गया क्योंकि वह कार ड्राइव नहीं कर सकता था और सैफ के परिवार में जितने भी सदस्य थे, उनमें से किसी को भी कार ड्राइव करने नहीं आती थी, इससे समझा जा सकता है कि ऐसी स्थिति में एक आम आदमी की तरह सेलिब्रिटीज के पास की सीमित विकल्प होते हैं यानी कठिन समय



में हम सब एक जैसे होते हैं।

इसलिए जो कुछ सैफ के साथ हुआ उनके अपस्केल सुरक्षित प्रतीत होने वाले घर में, उससे केवल उनके फैन्स ही नहीं बल्कि हर कोई परेशान व चिंतित है। अगर ऐसा कुछ उनके साथ हो सकता है, तो हम सब अपने गार्ड्स, कैमरा व इलेक्ट्रॉनिक सिक्यूरिटी सिस्टम्स के साथ कितने सुरक्षित हैं? पुलिस का कहना है कि हमलावर घर में चोरी के इरादे से घुसा था और पहले उसने नर्सरी में प्रवेश किया (जिसे सुनकर ही कंपकंपी छूट जाती है), जहां परिवार की मेड ने उसे देखा और शोर मचा दिया। एक संदिग्ध की पहचान हो गई है और बाकी बातें बाद में सामने आएंगी, लेकिन मुंबई की कानून व्यवस्था के बारे में सुगबुगाहट शुरू हो गई है। एक समय था जब मुंबई के प्रमुख व्यक्ति डॉनों के खौफ के साये में जिया करते थे, लेकिन अब वह अतीत की बात हो गई है। फिर धमकियां दोबारा शुरू हो गईं। विस्फोटों से भरी एक कार उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के बाहर मिली थी। एक्टर सलमान खान के बांद्रा स्थित घर पर गोलियां चलाई गयीं, जिससे उन्हें मजबूरन अपनी बालकनी को बुलेटप्रूफ कराना पड़ा, जहां से वह अपने फैन्स का अभिवादन स्वीकार करते हैं। फिर पिछले अक्टूबर में सलमान खान के दोस्त व एनसीपी के नेता बाबा सिद्दीकी की उनके बेटे के बांद्रा स्थित ऑफिस के निकट गोली मारकर हत्या कर दी गई। उम्मीद की जानी चाहिए कि सैफ पर हमले में कोई गैंग लीड लिंक न हो।

सोशल मीडिया पर यह बहस बहुत ज़ोर पकड़े हुए है कि देश में जो एक समुदाय विशेष के खिलाफ नफरत का बाज़ार गर्म किया जा रहा है, उसका भयावह नतीजा सैफ पर हमले के रूप में सामने आया है। कुछ नफरती चिंटुओं ने एक्स पर अपने ट्वीटस के ज़रिये सैफ पर हुए हमले पर प्रसन्नता व्यक्त की है, जिससे सोशल मीडिया की इस धारणा को अधिक बल मिला है। गौरतलब है कि एक जाने माने कवि, जो आजकल कथा भी करने लगे हैं, ने पहले एक्टर सोनाक्षी सिन्हा की शादी को लेकर विवादित व अत्यंत आपत्तिजनक बयान दिया था और फिर ऐसा ही कुछ उन्होंने बिना नाम लिए सैफ के सात साल के बेटे तैमूर के बारे में कहा था। मुंबई ही नहीं बल्कि पूरे देश में अपराधियों व गैंगों का दुस्साहस निरंतर बढ़ता जा रहा है। सुबह अख़बार खोलते ही दिल दहलाने वाली खबरें पढ़ने को मिलती हैं। सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट्स देखने को मिलते हैं, जिनसे पूरे दिन के लिए चेहरे पर मायूसी छा जाती है। बीती 14 जनवरी 2025 की सुबह दिल्ली से सटे गुरुग्राम में एक व्यापारी के नए मकान के सामने दो व्यक्तियों ने लगभग 5 मिनट तक 50 गोलियां दागीं- जिससे बिगड़ती कानून व्यवस्था का स्वतः ही अंदाज़ा लगाया जा सकता है। कानून व्यवस्था को लेकर राजनीतिक दलों के आरोप प्रत्यारोप अपनी जगह, तथ्य यह है कि लगभग सभी राज्य सरकारें, जिनकी जिम्मेदारी कानून व्यवस्था कायम करने की है, अक्सर निष्पक्षता से काम नहीं करती हैं, जो अपराधी उनके दल का समर्थन करते हैं, उनके प्रति नरमी का रुख अपनाया जाता है। फिर उत्तरपूर्व के कुछ राज्यों को छोड़कर किसी भी राज्य में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पुलिस सुधार दिशानिर्देश लागू नहीं किए गए हैं। पुलिस को न स्वायत्तता दी गई है और न उसमें प्रोफेशनलिज्म है, वह सत्तारूढ़ दल का 'एजेंट' बनकर रह जाती है। पुलिस पर भ्रष्टाचार के आरोप भी अक्सर लगते हैं। नतीजा- कानून व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है। सैफ सहित मुंबई की हाल की वारदातें सबके सामने हैं।

## तारीख विशेष

### हरिवंश राय बच्चन

हरिवंश राय बच्चन हिंदी भाषा के कवि और लेखक थे। वे हिंदी कविता के उत्तर छायावाद काल के प्रमुख कवियों में से एक थे। उनकी सबसे प्रसिद्ध कृति



मधुशाला है। भारतीय फिल्म उद्योग के अभिनेता अमिताभ बच्चन उनके सुपुत्र हैं। उनका निधन 18 जनवरी 2003 के दिन, सांस की बीमारी के कारण, मुंबई में हुआ था। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अंग्रेजी का अध्यापन किया। बाद में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय में हिंदी विशेषज्ञ रहे। अनंतर राज्य सभा के मनोनीत सदस्य रहे। उनकी गिनती हिंदी के सर्वाधिक लोकप्रिय कवियों में होती है। हरिवंश राय बच्चन के पूर्वज मूलरूप से अमोढ़ा (उत्तर प्रदेश) के निवासी थे। यह एक कायस्थ परिवार था। कुछ कायस्थ परिवार इस स्थान को छोड़ कर प्रयाग जा बसे थे। इनके पिता का नाम प्रताप नारायण श्रीवास्तव तथा माता का नाम सरस्वती देवी था। इनको बाल्यकाल में 'बच्चन' कहा जाता था जिसका शाब्दिक अर्थ 'बच्चा' या 'संतान' होता है। बाद में ये इसी नाम से प्रसिद्ध हुए। उन्होंने कायस्थ पाठशाला में पहले उर्दू और फिर हिंदी की शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में एम.ए. और कैंब्रिज विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य के विख्यात कवि डब्लू.बी. यीट्स की कविताओं पर शोध कर पीएच.डी.(Ph.D) पूरी की थी। 1926 में 19 वर्ष की उम्र में उनका विवाह श्यामा बच्चन से हुआ जो उस समय 14 वर्ष की थीं। सन 1936 में टीबी के कारण श्यामा की मृत्यु हो गई। पांच साल बाद 1941 में बच्चन ने एक पंजाबन तेजी सूरी से विवाह किया जो रंगमंच तथा गायन से जुड़ी हुई थीं। इसी समय उन्होंने 'नीड़ का निर्माण फिर' जैसी कविताओं की रचना की। उनके पुत्र अमिताभ बच्चन एक प्रसिद्ध अभिनेता हैं। 2002 के सर्दियों के महीने से उनका स्वस्थ्य बिगड़ने लगा। 2003 के जनवरी से उनको सांस लेने में दिक्कत होने लगी। कठिनाइयां बढ़ने के कारण उनकी मृत्यु 18 जनवरी 2003 में सांस की बीमारी के वजह से मुंबई में हो गई।

### यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा

# एक नई त्रासदी की ओर इशारा तो नहीं!

अपराजिता

**मध्य प्रदेश में भोपाल गैस त्रासदी के बाद उससे पैदा हुआ जहरीला कचरा लोगों और सरकार के लिए एक सिरदर्द बन गया है। भोपाल गैस त्रासदी से जुड़े 337 टन जहरीले कचरे के पीथमपुर में पहुंचते ही लोगों का विरोध प्रदर्शन और ज्यादा उग्र हो गया है। गौरतलब है कि धार जिले का पीथमपुर मध्य प्रदेश का एक औद्योगिक शहर है, जो इंदौर के बेहद करीब है। हालांकि इस कचरे को लेकर लोगों के बीच पहले से ही विरोध जताया जा रहा था, लेकिन कचरे के पीथमपुर में पहुंचने के बाद से यह आंदोलन और ज्यादा उग्र हो गया है। भोपाल से करीब 250 किलोमीटर दूर धार जिले के पीथमपुर में इस जहरीले कचरे को शिफ्ट करना एक बड़ी चुनौती थी।**

- इमेज

इसके लिए 100 से ज्यादा श्रमिकों की मदद ली गई जिन्हें 30-30 मिनट की शिफ्ट में काम करवाया गया और उनका लगातार हेल्थ चेकअप किया जाता रहा। इस कचरे को 12 लीकप्रूफ कंटेनरों के जरिये 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की स्पीड से 1000 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ लाया गया। कचरे के कंटेनरों के साथ एम्बुलेंस, डॉक्टर, फायरब्रिगेड और क्विक रिस्पोंस की टीम भी मौजूद थी। 250 किलोमीटर का सफर तय करने में इन कंटेनरों को करीब 7.5 घंटे का समय लगा। 25 गाड़ियों के इस काफिले में हर कंटेनर में औसतन 30 टन कचरा रखा गया था।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का दावा है कि कचरे में 60 प्रतिशत मिट्टी और 40 प्रतिशत नेफथॉल शामिल है, जिसका इस्तेमाल कीटनाशक बनाने में किया जाता है। ये हानिकारक नहीं है। मुख्यमंत्री के दावों के बावजूद पीथमपुर के लोग इस विषैले कचरे से जलवायु प्रदूषण के खतरे को लेकर परेशान हैं। उनकी चिंता है कि अगर ये कचरा जलाया जाता है तो इससे बचे हुए अपशिष्ट पदार्थों के जमीन में जाने के बाद भूमिगत जल जहरीला हो सकता है। लोगों के साथ साथ उनकी फसलों को भी इससे नुकसान हो सकता है। लोगों की इस प्रकार की चिंता वाजिब भी है। गौरतलब है कि भोपाल गैस त्रासदी दुनिया के इतिहास में आजतक की सबसे भयानक त्रासदी के रूप में आज भी याद की जाती है। लोग आज भी याद करके सिहर उठते हैं, जब साल 1984 में 2 से 3 दिसंबर में आधी रात के बाद भोपाल के यूनियन कार्बाइड के प्लांट सी में जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट का रिसाव हो रहा था और इसकी किसी को खबर भी नहीं थी। गैस के बादल हवा के झोकों के साथ बहा कर ले जा रही थी और उस समय पूरी हवा में ही धीरे धीरे जहर घुल रहा था। उसी हवा में धीरे धीरे सांस लेकर लोग ताश के पत्तों की तरह सड़क पर ही गिर रहे थे। कुछ लोग तो रात में सोकर उठे ही नहीं। जहरीली हवा ने उनकी जिंदगियां ही खत्म कर दी थी।




कीटनाशक बनाने वाली अमेरिकी कंपनी डाउ की यूनियन कार्बाइड की फैक्टरी से करीब 40 टन गैस रिसाव से लगभग 5,295 लोग कुछ ही घंटों के भीतर मारे गए थे। दरअसल यूनियन कार्बाइड में जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस पानी से मिलने के कारण हुई रसायनिक प्रक्रिया से गैस के टैंक में दबाव पैदा हो गया और टैंक खुल गया था। साल 2023 में गैस त्रासदी पर एक अध्ययन सामने आया था, जिसे करीब 1995 से 2015 तक के इस त्रासदी से बचे 92,320 लोगों पर किया गया था, जिसमें यह बताया गया था कि इस त्रासदी में कोख में पल रहे बच्चों पर भी इस गैस का असर पड़ा था। इनमें कई लोगों को कैंसर हो गया, बहुतों को सांस लेने में दिक्कत आयी और कई लोगों की आंखों की रोशनी चले जाने से उनमें और भी कई विकार पैदा हो गए थे। यूनियन कार्बाइड से 10 किलोमीटर दूर तक के हैंडपंपों में भी जहरीले कैमिकल होने की वजह से इन हैंडपंपों का पानी जहरीला मानकर उन्हें सील कर दिया गया था।

भले ही मुख्यमंत्री महोदय इस कचरे को जलाने की प्रक्रिया को बेहद सुरक्षित होने का दावा करें और इसे जहरीला या हानिकारक न मानें, इसके बावजूद लोगों में विरोध प्रदर्शन जारी है। वे भले ही यह दावा करें कि विभिन्न पर्यावरणीय संस्थानों के अध्ययन के बाद ही इस कचरे को सुरक्षित तरीके से निपटाया जाएगा। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया है कि साल 2013 में 10 टन कचरा केरल के कोच्चि संस्थान में ले जाया गया था और बाद में पीथमपुर में इसका परीक्षण किया गया था। लेकिन लोग उस त्रासदी को आज भी नहीं भूले और उनके बीच में यह डर समा हुआ है कि 40 साल से जो कचरा 21 गड्ढ़ों में साइट पर दबा हुआ था, जिसमें नीकेल, कोबाल्ट, मैग्नीज, लैड, मरकरी और कोलोरिनेड, नेफ्थलीन जैसे तत्व इस कचरे को बेहद खतरनाक और जहरीला बना चुके हैं। जिससे लोगों को कैंसर और स्किन की बीमारियां हो सकती हैं। ऐसे में यह कचरा कहीं दूसरी भोपाल गैस त्रासदी न बन जाए।

## बोले तो...



दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने पर न केवल मौजूदा कल्याणकारी योजनाएं जारी रहेंगी, बल्कि उन्हें और अधिक प्रभावी और भ्रष्टाचारमुक्त बनाया जाएगा। दिल्ली में महिला समृद्धि योजना के तहत प्रतिमाह 2,500 रुपए हर महिला को दिए जाएंगे।

- जेपी नड्डा



यह सत्य है कि शास्त्रों से रक्षा नहीं हो सकती। संस्कृतियों की रक्षा के लिए शस्त्र जरूरी हैं। तक्षशिला खत्म नहीं होता। एक लुटेरे ने नालंदा को आग के हवाले कर दिया। महीनों तक वहां पुस्तकें जलती रहीं। हमारे प्रभु ने जब-जब अवतार लिया तो उन्होंने अस्त्र धारण किए।

- राजा भैया



दुनियाभर की सरकारें और निजी क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करन के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहे हैं। हमें अर्थव्यवस्था पर अपना दृष्टिकोण को बदलने की जरूरत है और स्थिरता को प्राथमिकता देनी चाहिए।


- सेलेस्टे साउलो

## कुछ अलग | अजब गजब

# खूबसूरत दिखने के लिए इस महिला ने स्किन में डलवाया जहर, करोड़ों की सर्जरी से बन गई 'हूर की परी'

खूबसूरत दिखना हर किसी की चाहत होती है, खासकर अगर महिलाओं की बात की जाए तो ये अपने रूप को निखारने के लिए सभी चाहते हैं। कई महिलाओं को तो सुंदर दिखने ऐसा शौक होता है कि वो अपने चेहरे और शरीर को सुधरने के बाकी हिस्सों को भी प्लास्टिक सर्जरी से सुधरवाने लगती हैं। हालांकि कई बार कुछ ये लोग खुद को खूबसूरत बनाने के लिए ऐसा कुछ कर जाती है कि लोगों के बीच मामला चर्चा का विषय बन जाता है।

ये कहानी है ब्राजील की मॉडल जैनायना प्रेजरेस के बारे में, जिन्होंने अपने चेहरे को सुंदर बनाने के लिए आठ करोड़ रुपए फूंक दिए। इतने पैसे उन्होंने खुद की प्लास्टिक सर्जरी पर खर्चा किया। अब वो लोगों के बीच खुद को दुनिया की सबसे सबसे खूबसूरत महिला बता रही है। अक्सर मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुझे ये खूबसूरती मुझे विरासत में नहीं मिली, बल्कि उसने इसे हासिल करने के लिए अपनी गाढ़ी कमाई खर्च की है. अपने लुक्स को लेकर जैनायना का कहना है कि मैं



बिल्कुल भी नहीं कहती है कि मैं नैचुरल तरीके से इतनी ज्यादा सुंदर हूं बल्कि ऐसा दिखने के लिए मैंने अच्छी-खासी कीमत दी है। अपनी सर्जरी के बारे में बताते हुए उसने कहा कि में ब्रेस्ट ऑगमेंटेशन से लेकर बट फिलर, बोटॉक्स, ब्यूकल फैट रिमूवल, आदि जैसी सर्जरी करवाई है और इसी में सबसे ज्यादा खर्च किए है। इनकी खूबसूरती का क्रेज ऐसा है कि इन्हें सोशल मीडिया पर 7 लाख से ज्यादा लोग इंस्टाग्राम पर फॉलो करते हैं.

आपको जानकार हैरानी होगी कि इस मॉडल ने कई विवादित ट्रीटमेंट भी करवाया है। जिसमें बी-वेनम भी शामिल है। इससे चेहरे पर एक अलग लेवल का निखार आता है और इस प्रोसेस में स्किन के अंदर मधुमक्खी के जहर को डाला जाता है। इसके अलावा उन्होंने ये भी कहा कि मैं इतनी ज्यादा खूबसूरत हूं कि लोग मुझे इंसान नहीं बल्कि चीज समझते हैं। जिससे मुझे काफी अच्छा रिजल्ट मिला है और जो मेरे जीवन की बड़ी उपलब्धियों में शामिल है।

## पंचांग

18 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| विक्रम संवत् | - | 2081 |
| शक संवत् | - | 1946 |
| ऋतु | - | शिशिर |
| माह | - | माघ |
| पक्ष | - | कृष्ण |
| तिथि | - | पंचमी अहोरात्र |
| वार | - | शनिवार |
| नक्षत्र | - | पूर्वाफाल्गुनी 14.52 तक |
| योग | - | शोभन 25.16 तक |
| करण | - | कौलव 18.27 तक |
| सूर्योदय | - | 07.16 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - | 06.21 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - | 07.27 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - | 06.14 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - | सिंह 21.29 तक |
| अभिजित् मुहूर्त | - | 12.26 से 13.11 |
| राहु काल | - | 10.01 से 11.25 |
| व्रत, त्यौहार | - | पंचमी वृद्धितिथि |
| दिशा शूल | - | पूर्व |

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### साल की पहली मासिक शिवरात्रि

हिंदू धर्म में चतुर्दशी तिथि बहुत महत्वपूर्ण और विशेष मानी गई है। हिंदू धर्म शास्त्रों में हर महीने की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि भगवान भोलेनाथ को समर्पित की गई है। हर महीने की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मासिक शिवरात्रि होती है। इस दिन पूरे विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा की जाती है। मासिक शिवरात्रि का व्रत भी रखा जाता है। मान्यताओं के अनुसार, जो भी मासिक शिवरात्रि का व्रत रखता है उसकी सभी इच्छाएं पूरी होती हैं।

#### इस साल मासिक शिवरात्रि

हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल माघ महीने की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 27 जनवरी को होगी। कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 27 जनवरी को रात 8 बजकर 34 मिनट पर होगी। अगले दिन 28 जनवरी को शाम 7 बजकर 35 मिनट पर ये तिथि समाप्त हो जाएगी। ऐसे में इस साल 27 जनवरी को मासिक शिवरात्रि रहेगी और इसका व्रत भी इसी दिन रखा जाएगा।

#### पूजा का शुभ मुहूर्त

मासिक शिवरात्रि के दिन ब्रह्म मुहूर्त की शुरुआत सुबह 5 बजकर 26 मिनट पर होगी। ये मुहूर्त 6 बजकर 19 मिनट तक रहेगा। विजय मुहूर्त दोपहर 2 बजकर 21 मिनट पर शुरू होगा। ये मुहूर्त 3 बजकर 4 मिनट तक मिनट रहेगा। गोधूलि मुहूर्त शाम 5 बजकर 54 मिनट पर शुरू होगा। ये मुहूर्त 6 बजकर 20 मिनट तक रहेगा। निशिता मुहूर्त रात्रि 12 बजकर 7 मिनट पर शुरू होगा। ये मुहूर्त 1 बजे तक रहेगा। निशिता मुहूर्त में ही भगवान शिव की पूजा की जाएगी। यानी मासिक शिवरात्रि पर भगवान शिव की पूजा का मुहूर्त 53 मिनट तक रहेगा।



## गीता सार

**तस्मात्त्वमिंद्रियाण्यादौ नियम्य भरतर्षभ ।**
**पाप्मानं प्रजहि ह्येनं ज्ञानविज्ञाननाशनम् ॥ (41)**

**भावार्थ :**

अतः हे भरतवंशियों में श्रेष्ठ! तू प्रारंभ में ही इंद्रियों को वश में करके और आत्म-ज्ञान और आत्म-साक्षात्कार में बाधा उत्पन्न करने वाली इन महान-पापी कामनाओं का ही बल-पूर्वक समाप्त कर।

## पाठक पाती

### आठवें वेतनमान से कर्मचारियों और वेतनभोगियों को सीधा लाभ

आठवें वेतनमान की मंजूरी दे दी है। नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार की बैठक के बाद अश्विनी वैष्णव के कहा कि आठवें वेतन आयोग की घोषणा हुई है जिसमें आठवें आयोग के गठन से 48 .76 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारी और 67.95 लाख पेंशन भोगियों को लाभ मिलेगा। 31 दिसंबर 2025 तक सातवां वेतन आयोग लागू है। सरकारी वेतन ने इजाफा होने के बाद प्राइवेट कजाएनियो ने सुविधा बढ़ा ली है ।दिल्ली चुनाव का बिगुल बज चुका है। और केंद्र सरकार की आठवें वेतनमान की घोषणा करना भाजपा के लिए फायदेमंद रहने वाला है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में मोदी सरकार ने मतदाताओं को साधने के लिए एक महत्वपूर्ण दांव खेला है। केंद्र सरकार ने पेंशनभोगियों को सीधा लाभ देने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए भाजपा के पाले में गेंद डाल दी है ।यह मोदी का मास्टरस्ट्रोक माना जा रहा है। दिल्ली में लाखों की संख्या में चुनाव में अहम भूमिका अदा करते है। सातवें वेतन आयोग की समय सीमा बाकी है। दरअसल, 2016 में सातवां वेतन आयोग लागू किया गया था। दिल्ली के कर्मचारियों को बड़ा तोहफा है। यह चुनाव में लाभान्वित करने वाला फार्मूला कह सकते हैं। मोदी ने बहुत बड़ा दांव खेला है ।विपक्ष के पास कोई जरिया नही है ।कहे तो किससे कहे क्योंकि मोदी ने कहा था कि विपक्ष कितना ही हंगामा खड़ा क्यो न कर दे। विपक्ष की सोच खत्म होने के बाद मोदी की सोच शुरू होती है ।संसद में विपक्ष को घेरते हुए यह बात कही गई थी। आठवा वेतन आयोग की सिफारिशों से भाजपा को फायदा हो सकता है ।एक तरफा वोट के लिए यह निर्णायक साबित होगा। सरकार के इस फैसले से सरकारी कर्मचारियों के चेहरे खिल गए है ।वेतन में बढ़ोतरी होगी और करीब डेढ़ गुना बढ़ोतरी का प्रावधान है ।सातवे वेतनमान में अठारह हजार का वेतन सीधा 34 हजार तक होने की संभावना है। इस घोषणा से कर्मचारी खुश है। दिल्ली में नौ लाख से ज्यादा कर्मचारी पेंशन धारक है।

-कांतिलाल मांडोत सूरत

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**

ई-मेल jagruktimes@gmail.com

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# सिरणवा पहाड़ी पर धधका दावानल, पेड़-पौधे स्वाह

**▶ जंगली जानवरों सहित पशु-पक्षियों को खतरे की आशंका**

**▶ वनकर्मी मुस्तैदी से जुटे आग बुझाने के प्रयास में**

**▶ तेज हवा से फैलती आग व प्रचंड होने से प्रयासों में आई बाधा**



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** शहर से सटी सिरणवा पहाड़ियों पर शुक्रवार सुबह फोरलेन टनल व मातर माता मंदिर परिक्षेत्र में शुक्रवार को दावानल धधक उठा। लोगों ने सवेरे पहाड़ी पर आग की लपटें व धुएं को देखा। इसके बाद पुलिस व वन विभाग सहित प्रशासनिक अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। सर्दी के मौसम में इस तरह पहाड़ी पर दावानल धधकने को लेकर अधिकतर लोग इसे जलती बीड़ी-सीगरेट आदि फेंके जाने को कारण बता रहे है। लोगों का मानना है कि सूखी लकड़ियां एकत्रित करने अथवा पशु चराने गए लोगों की नादानी इसका कारण हो सकती है। किसी ने जलती बीड़ी फेंक दी अथवा सर्दी से बचाव को अलाव जलाया होगा। तेज हवा से उड़ी चिंगारी से संभवतया सूख पत्तों ने आग पकड़ ली एवं देखते ही देखते आग फैलती ही गई। पहाड़ी के इस भाग में पांच-छह अलग-अलग स्थानों पर आग धधकती व धुआं उठता दिखाई दे रहा है। दोपहर तक यह आग करीब एक किलोमीटर तक फैल गई। वन विभाग के कार्मिक घटन स्थल के आस पास पहुंच कर परंपरागत ढंग से आग बुझाने के प्रयास में जुटे है। लेकिन, तेज हवा व आग का प्रचंड वेग प्रयासों में बाधा बने हुए है। बावजूद इसके वनकर्मी मुस्तैदी से प्रयासों में जुटे है।

## कार्मिक जुटे है आग बुझाने के प्रयासों में

पहाड़ी पर लगी आग को बुझाने के लिए पंद्रह से बीस वनकर्मी प्रयासों में जुटे है। जहां-जहां आग लगी है वो आगे नहीं बढ़े इसके लिए परंपरागत तरीके से प्रयास किए जा रहे है। आग काफी हद तक नियंत्रित कर ली गई है एवं संभव है एक-दो घंटे में इसे काबू कर लिया जाएगा।

*कस्तूरी प्रशांत सुले*
*डीएफओ-सिरोही*

# शिविर में जांची 212 लोगों की आंखें

**▶ मोतियाबिंद पीड़ित 55 लोगों का होगा ऑपरेशन**



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** एसबीआइ फाउंडेशन एवं तारा संस्थान उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को क्षेत्रपाल मंदिर गोयली में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन चयन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 212 लोगों के आंखों की जांच कर परामर्श के साथ दवाइयां चश्में दिए गए। इनमें से 55 लोग मोतियाबिन्द से पीड़ित पाए गए। मोतियाबिन्द मरीजों को उदयपुर ले जाकर वहां स्थित तारा नेत्रालय में निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने में सरपंच नाथूसिंह सोलंकी, पंचायत सदस्य लक्ष्मणसिंह सोलंकी, समाजसेवी अमराराम माली व समाजसेवी जेसाराम मेघवाल का सहयोग रहा। तारा संस्थान के सचिव दीपेश मित्तल के अनुसार शिविर के माध्यम से ग्रामीणों में आंखों की देखभाल तथा समय-समय पर जांच के प्रति जागरुकता पैदा हो रही है। उदयपुर के साथ दिल्ली, मुम्बई, फरीदाबाद एवं लोनी में अब तक 1 लाख 63 हजार मोतियाबिन्द के निःशुल्क ऑपरेशन कर लोगों को लाभान्वित किया जा चुका है।

# यातायात नियमों की पालना का दिया संदेश



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** नेहरू युवा केन्द्र सिरोही के तत्वावधान में माय भारत, राजकीय पीजी व महिला महाविद्यालय के एनएसएस, एनसीसी व युवा मंडल के 25 स्वयंसेवकों के सहयोग व यातायात पुलिस के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का शुभारम्भ किया गया। यातायात पुलिस प्रभारी हंसाराम व हैड कांस्टेबल रमेशकुमार ने युवाओं के सहयोग से केन्द्रीय बस स्टैण्ड चौराहे पर आमजन को यातायात नियमों के बारे में जागृत किया। इससे पूर्व यातायात पुलिस प्रभारी द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण भी दिया गया और आमजन को दुर्घटनाओं के आंकड़े व उनमें होने वाले मृत्यु संख्या के बारे में जानकारी देकर आमजन को सचेत किया। इस अवसर पर युवाओं ने आमजन को नियमों के पालन हेतु अनुरोध कर हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, गलत दिशा में वाहन नहीं चलाने आदि हेतु अनुरोध भी किया। नेहरू युवा केन्द्र से हीराराम माली ने बताया कि इस अभियान के तहत युवाओं द्वारा 23 जनवरी तक सड़क सुरक्षा अभियान में आमजन को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस विभाग से लखपतसिंह, श्रवणकुमार व मनसुखलाल, नेहरू युवा केन्द्र से विजयकुमार सहित 25 युवा स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# महिनों से बंद रोड लाइटें, लोग परेशान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**तलहटी।** नगर सुधार न्यास की शिथिलता के चलते तपोवन से आमथला तक बंद पड़ी रोड लाइटों के चलते आमजन को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नगर सुधार न्यास आबू द्वारा क्षेत्र में विकास को पंख लगाते हुए तलहटी तिराहे से आमथला तक लाखों की लागत से रोड लाइट लगवाई गई। जिससे कि रात के समय में राहगिरों व वाहन चालकों को आवाजाही में असुविधा नहीं हो। दीपावली के बाद रोड लाइटें शुरु की गई थी। लेकिन, तपोवन से आमथला तक की लाइटों को शुरु नहीं किया गया। जिससे रात के समय में क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना पडता हैं। देर रात को गुजरने वाले वाहन चालकों को डर सताता रहता हैं। पूर्व वार्ड पंच दिलीपसिंह राव ने नगर सुधार न्यास कार्यालय में लिखित में रोड लाइट की समस्याओं से अवगत करवाया गया। लेकिन, महिनों गुजरने के उपरांत भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। लोगों ने न्यास से रोड लाइटें सुचारू करवाने की आवश्यकता जताई है।

# पीएम बीमा योजना के तहत 2.08 करोड़ क्लैम का भुगतान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आमजन को जीवन बीमा की सुविधा देने के लिए शुरू की गई बीमा योजनाओं में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक द्वारा जिले में अपनी 33 शाखाओं के द्वारा इस वर्ष 104 मृत ग्राहकों के नॉमिनी को 2.08 लाख की क्लेम राशि का भुगतान किया गया है। केंद्र सरकार की यह दोनों सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का उद्देश्य नागरिकों, विशेष रूप से समाज के हाशिये पर रहने वाले लोगो को जीवन एवं दुर्घटना बीमा कवर प्रदान करना है। पीएमजेजेबी योजना वार्षिक 436 रुपए के प्रीमियम पर किसी भी कारण से मृत्यु की स्थिति में 2 लाख का बीमा कवर प्रदान करती है, जबकि पीएमएसबी योजना वार्षिक 20 रुपए के प्रीमियम पर दुर्घटना मे मृत्यु अथवा विकलांगता की स्थिति मे 2 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवर प्रदान करती है। इन दोनों ही योजनाओं को हर परिवार तक पहुंचाने एवं आमजन को सुरक्षित करने की पहल के साथ बैंक द्वारा जिले की हर गांव, पंचायत मे कैंप का आयोजन भी किया जा रहा है। इच्छुक व्यक्ति अपनी ग्रामीण बैंक की नजदीकी शाखा अथवा बीसी के पास जाकर इन योजनाओं का लाभ ले सकते है। क्षेत्रीय प्रबंधक हितेश राजपुरोहित ने बताया कि केवल 456 रुपए सालाना में परिवार को कुल 4 लाख का बीमा कवर मिलता है, हर सजग व्यक्ति को अपने एवं अपने परिवार के लिए इन योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। अग्रणी जिला प्रबंधक उम्मेदराम मीना एवं नाबार्ड डीडीएम डॉ दिनेश प्रजापत द्वारा सभी से आह्वान किया कि हर व्यक्ति इन इन जन सुरक्षा योजनाओं से जुड़कर अपने परिवार को एक संबल प्रदान करें।

# उच्चस्तर तक शिक्षित होकर राष्ट्र निर्माण में दें योगदान : पुरोहित

**▶ विद्यालय के वार्षिकोत्सव 'झंकार' में दिखा उत्साह**

**▶ संघवी हंसराज कानाजी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का वार्षिकोत्सव**





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जीरावल।** संघवी हंसराज कानाजी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का वार्षिकोत्सव उत्साह उमंग के बीच आयोजित किया गया। कार्य म के मुख्य अतिथि जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित रहे एवं अध्यक्षता विधायक मोतीराम कोली ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला परिषद सदस्य मगनलाल कोली, पंचायत समिति सदस्य सुराताराम देवासी, सरपंच कांतिलाल कोली, उप सरपंच मगसिंह चौहान, प्रधानाचार्य भगवतसिंह सोलंकी मौजूद थे। अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्य म में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर वाहवाही लूटी। पिरामिड व नाटक की प्रस्तुति भी मुख्य अतिथि जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने विद्यार्थियों को प्रेरणा देते हुए कहा कि मन लगा कर शिक्षा ग्रहण करें एवं उच्च स्तर तक शिक्षित होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। विधायक कोली ने विद्यालय विकास में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। समारोह में बोर्ड परीक्षा में अव्वल, स्काउट गाइड राज्य पुरस्कार, खेलकूद राज्य स्तर चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य सोलंकी ने शिक्षा के साथ संस्कार व नैतिक शिक्षा को जीवन मे अपनाने पर बल दिया।

## ▶ साइकिलों का किया वितरण

वार्षिकोत्सव के मौके पर राज्य सरकार की बालिका शिक्षा योजना के तहत सुलभ 28 साइकिलों का बालिकाओं को वितरण किया गया। वार्षिकोत्सव के भामाशाह वालाराम चौधरी व कांतिलाल कोली का स्वागत सम्मान किया गया।

## ▶ यह भी रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रधानाचार्य अर्जुनराम माली, अजितसिंह, जगदीशकुमार, मुकेश पुरोहित, दिनेश गर्ग, अनिताकुमारी, नरपतसिंह, रमेशराम धर्माणी, भादरनाथ, राहुलकुमार, श्रवण शर्मा, शिवानीकुमारी, मुकेशदान, गणपतसिंह देवड़ा, रमेश प्रजापत, अजयराम, महिपालसिंह, शशिकला, छगनलाल व स्काउट-गाइड सहित विद्यार्थी एवं कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# सिरोही व रेवदर में सरसों के सरकारी खरीद केन्द्र खोलने की मांग

**▶ भारतीय किसान संघ ने जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन**



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** भारतीय किसान संघ पदाधिकारियों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंप विभिन्न मांगों के साथ किसानों की समस्याओं का समाधान करवाने की मांग की। जिला मंत्री उत्तमसिंह के अनुसार ज्ञापन में बताया कि रेवदर में किसानों से खरीदी गई मूंगफली का बकाया भुगतान करवाया जाए। रेवदर में किसानों की मूंगफली खरीद केन्द्र खोले गए है उनका भुगतान ढेड़ माह से नहीं हो रहा है, किसानों को अविलंब भुगतान कराया जाए। अभी महिने भर बाद रबी फसल सरसों तैयार हो जाएंगी। अतः सिरोही तहसील व रेवदर में सरसों सरकारी खरीद केन्द्र खोलने एवं जावाल व सरूपगंज में बंद पड़ी कृषि मंडी को शुरू करवाने की मांग की गई। भाकिस जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक में संरक्षक भैराराम, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जब्बरसिंह केर, उपाध्यक्ष गणपतसिंह देवड़ा, जिला कोषाध्यक्ष वेलाराम प्रजापत, प्रांतीय सदस्य नाथूराम, शिवगंज तहसील अध्यक्ष जोगाराम मौजूद थे

# गुजरात ले जाई जा रही शराब बरामद, यात्री गिरफ्तार



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** जीआरपी ने आगरा फोर्ट ट्रेन में चढ़ रहे यात्री के कब्जे से गुजरात ले जाई जा रही शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। जीआरपी थानाधिकारी मनोज चौहान के अनुसार गणतंत्र दिवस व कुम्भ मेला के तहत सम्पति सम्बंधी अपराधों पर अंकुश लगाने व सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा शराब की तस्करी की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी के तहत आगारा फोर्ट ट्रेन में चढ़ते हुए अहमदाबाद के पुलिस थाना वेजलपुर के लाल बाग फतेहवाडी सरखेज रोड के पास नवाब नगर ग्रीन बाग सोसायटी निवासी शेख साहिल पुत्र शेख अब्दुल रहीम मुसलमान से राजस्थान निर्मित अंग्रेजी शराब के 72 पव्वे बरामद कर उसे गिरफ्तार किया गया। बरामद शराब का मूल्य 8 हजार 280 रुपए आंका गया हैं। आरोपी को जोधपुर रेलवे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# राष्ट्रीयता की अलख जगाती तिरंगे की रोशनी से जगमगाई लाइटें

**गणतंत्र पर्व पर पालिकाध्यक्ष की अनूठी पहल**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** नगर पालिका की ओर से गणतंत्र पर्व के तहत ओवर ब्रिज व मुख्य सड़कों पर लगी लाइटों पर तिरंगी लाइटिंग की गई है। पालिका की अनूठी पहल से शहर की फिंजा देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत है। वहीं सांझ गहराते ही तिरंगे की रोशनी से गुलजार लाइटें अनुपम व सुखद अहसास का पर्याय बनी हुई हैं। गणतंत्र दिवस पर पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण ने राष्ट्रीयता की अलख जगाते हुए अनूठी पहल की है। जिसके चलते नगर पालिका की ओर से शहर के सातपुर ब्रिज से लेकर हीरापुरा, सातपुर क्षेत्र व मानपुर राजवाड़ा ब्रिज पर लगी स्ट्रीट लाइटों के पोल पर तिरंगे



की लाइंटिंग लगवाई है। रात्रि में बिजली के खंभों पर तिरंगे की जगमगाती लाइटों से सड़के गुलजार हो चली है। ओवर ब्रिज व सड़कों की स्ट्रीट लाइट के पोल पर लगाई गई तिरंगे आकर्षक सजावट लोगों में आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। वहीं दूसरी तरफ लोगों में देशभक्ति की भावना की अलख जगाती प्रतीत हो रही है। लोगों के मुताबिक इस तरह की सजावट तिरंगे के प्रति सम्मान व समर्पण को जागृत करने व गौरवान्वित होने का एहसास कराती हैं। पलिकाध्यक्ष चारण ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर ओवर ब्रिजों के साथ मुख्य सड़कों पर लगी लाइटों के पोल पर तिरंगे की लाइटिंग से सजावट की गई है। लोगों में तिरंगे के प्रति समर्पण और सम्मान की भावना और अधिक प्रगाढ़ होगी। गणतंत्र पर्व से पहले गांधीनगर ओवर ब्रिज पर लगाई जा रही लाइटों पर इसी तरह की सजावट करने का प्रयास रहेगा।

# निकाली रैली, हेलमेट लगाने का दिया संदेश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** प्रशासन की ओर से जन जागरूकता के लिए दुपहिया वाहन रैली निकाली गई। दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाकर वाहन चलाने का संदेश दिया। परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशानुसार 31 जनवरी तक जारी राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की थीम 'परवाह' के तहत जन जागरूकता को आइओसीएल चैकपोस्ट से एकलव्य आवासीय विद्यालय दानवाव तलहटी तक एसडीएम शंकरलाल मीणा की अध्यक्षता में दुपहिया रैली का आयोजन किया



गया। रैली में उपखण्ड क्षेत्र के सभी अधिकारी, कार्मिक अपने दुपहिया वाहनों के साथ रैली में पहुंचे। रैली के एकलव्य आवासीय विद्यालय पहुंचने पर एसडीएम व पुलिस अधिकारियों द्वारा वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने को प्रेरित किया गया। पुलिस उप अधीक्षक गोमाराम, तहसीलदार, जिला परिवहन अधिकारी दिलीप सोलंकी, शहर थानाधिकारी हरचंद देवासी, सदर एसएचओ दर्शनसिंह, रीको सीआइ लक्ष्मणसिंह, विकास अधिकारी पुखराज सरेल, सीबीइओ सतीशचन्द्र पुरोहित, नायब तहसीलदार आसूराम आदि मौजूद थे।

# मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग आज आएंगे सिरोही

**▶ वर्चुअल पट्टा व स्वामित्व प्रॉपर्टी पार्सल वितरण कार्यक्रम में लेंगे भाग**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग 18 जनवरी को प्रातः 10 बजे जालोर से रवाना होकर 11.30 बजे सिरोही में स्वामी नारायण मंदिर हॉल में आयोजित स्वामित्व योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल पट्टा/स्वामित्व प्रॉपर्टी पार्सल वितरण कार्य म में भाग लेंगे। तत्पश्चात् दोपहर 2 बजे जालोर के लिए रवाना होंगे। यह जानकारी अति0 जिला कलक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने दी।

# विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** ग्राम पंचायत ओर के डेरना राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय व उपला भीलवाड़ा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में लायंस क्लब की ओर से विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। इस दौरान क्लब के पदाधिकारी व स्कूल स्टॉफ मौजूद था।

# ग्राम पंचायत बनाने की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** डेरी के ग्रामीणों ने गुरुवार को जिला कलक्टर के नाम एसडीएम शंकरलाल मीणा को ज्ञापन सौंप डेरी गांव को अलग से ग्राम पंचायत बनाने की मांग की। ज्ञापन के अनुसार वर्तमान में ग्राम पंचायत सुरपगला में दो राजस्व गांव सुरपगला व डेरी आते हैं। डेरी गांव सुरपगला से करीब 8-10 किमी दूर पहाड़ी क्षेत्र है। जिनमें दूरस्थ फलियों में आबादी निवास करती है। डेरी के लिए बस की सुविधा भी नहीं है। जिनसे लोगों को आवश्यक कार्य के लिय सुरपगला आने में समस्या होती है। डेरी को ग्राम पंचायत सुरपगला से अलग कर ग्राम पंचायत डेरी बनाया जाना चाहिए। ताकि, लोगों को डेरी में पंचायत बनने से कार्यों में सुविधा होगी। वर्तमान में ग्राम डेरी में करीब दो हजार मतदाता है। 2011 की जनसंख्या के अनुसार 1670 की आबादी है। ज्ञापन में ग्राम डेरी को अलग ग्राम पंचायत बनाने की कार्यवाही करने की मांग की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# सुलिया को ग्राम पंचायत बनाने ग्रामीण लामबंद

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** क्षेत्र के सुलिवा, राजपुरा उम्मेदपुरा, कुषमा के ग्रामीणों ने रेवदर पहुंच उपखंड अधिकारी एवं मंडार पहुंच नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर पंचायतों के पुनर्गठन के तहत रोहुआ से सुलिवा को अलग कर ग्राम पंचायत का दर्जा दिलवाने की मांग की। चारों गांवों के ग्रामीण सवेरे एक जगह एकत्रित हुए एवं आपस में चर्चा करने के पश्चात एकमत होते हुए मांग को लेकर रेवदर व मंडार रवाना हुए। ज्ञापन में बताया कि रेवदर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रोहुआ क्षेत्रफल की दृष्टि से बड़ी ग्राम पंचायत है। जिसकी सीमा ग्राम पंचायत पीथापुरा, मंडार, सोनेला, मगरीवाड़ा व जीरावल से सटी हुई है। रोहुआ ग्राम पंचायत के गांव राजपुरा व सुलिवा की दूरी काफी ज्यादा है। राजपुरा व सुलिवा के ग्रामीणों को ग्राम पंचायत रोहुआ जाने के लिए सड़क की सुविधा नहीं होने के कारण ग्राम पंचायत सोनेला, मगरीवाड़ा, वरमाण होते हुए



25 किलोमीटर की दूरी तय कर जाना पड़ता है। ज्यादा दूरी के कारण अधिकतर ग्रामीण सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना का लाभ नहीं उठा पाते है। राज्य सरकार की केबिनेट बैठक के फैसले के अनुसार ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन कर 2000 की आबादी पर अलग से ग्राम पंचायत बनाई जानी है। जिसमें सुलिवा, राजपुरा, उम्मेदपुरा व कुषमा गांवो की आबादी 6500 से अधिक है एवं चारों गांवों का केन्द्र बिन्दु सुलिवा होने से सुलिवा को ग्राम पंचायत बनाया जाए। ऐसा होने पर चारों गांवों का समूचित विकास हो सकेगा एवं ग्रामीण भी सरकारी योजनाओं से सहज लाभान्वित हो सकेंगे। इन गांवो में आजादी के बाद से अभी तक सड़क, बिजली व पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं समूचित नहीं पहुंच पाई है। इन सभी राजस्व गांवो को मिलाकर सुलिवा गांव पंचायत बनाने की योग्यता रखता है। ज्ञापन में चेतावनी भी दी गई कि अगर मांगे नहीं मानी गई तो पंचायतराज ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद के चुनावे का बहिष्कार करेंगे। इस मौके पर ग्रामीण दिनेशकुमार, लालाराम, लक्ष्मण कोली, मेहरुराम, चतराराम, भरतकुमार, प्रतापराम, लवजीराम, जैसुंगराम, मंछाराम सहित कई लोग उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना

# अधूरी सड़क छोड़ ठेकेदार गायब

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**गुड़ामालानी।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत उदानियों की ढाणी बाड़मेर डामर सड़क से गोगाजी के थान तक जाने के लिए पक्की सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। सड़क का निर्माण करीब आठ किमी तक 276.11 लाख रुपए की लागत से बनाया जा रहा है। इसके लिए सांचौर की फर्म को यह ठेका दिया गया है। लेकिन इस रोड पर करीब डेढ़ साल से निर्माण कार्य ठप पड़ा हुआ है। ठेकेदार ने सड़क पर गिट्टी बिछाकर छोड़ दिया गया है। रोड पर किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। सड़क पर पानी नहीं डालने से धूल से राहगीरों का चल पाना मुश्किल हो गया है। लोगों को आने जाने में काफी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता का भी ध्यान नहीं रखा गया है। बेस तैयार करते समय प्रत्येक परत में पानी डालकर प्रेशर रोलर चलाना होता है। लेकिन इस सड़क निर्माण कार्य में न तो ठीक से पानी डाला गया और न ही रोलर चलाया गया है। जिसके कारण सड़क के गिट्टी, उड़ते धूल के गुब्बार से राहगीर व ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया और सड़क में गिट्टी डालकर डेढ़ साल से गायब है। घटिया निर्माण कार्य व गारंटी अवधि पूरी होने की जानकारी विभागीय अफसरों को है। साथ ही गारंटी अवधि पूरी होने के बाद भी सड़क निर्माण का कार्य पूरा नहीं हुआ है। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। आपको बता दें कि ग्रामीणों द्वारा मार्ग में डामरीकरण करने के लिए लंबे समय से मांग की जा रही थे। अब जब सड़क निर्माण की मंजूरी मिली है तब से लापरवाही सामने आ रही है।



### काम अधूरा छोड़कर निर्माण एजेंसी गायब

दूर बसे गांवों को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में लाभान्वित करने के दावे सच से कोसों दूर हैं। गुड़ामालानी सार्वजनिक निर्माण विभाग के अंतर्गत डामर सड़क से गोगाजी का थान तक 4 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य अधूरा छोड़कर निर्माण एजेंसी गायब हो गई है। सड़क पर उछलती गिट्टी और उड़ती धूल में दोपहिया वाहन चलाना व क्षेत्रवासियों के लिए चुनौती बन गई है। गुणवत्ताहीन निर्माण ने दुर्घटनाएं बढ़ा दी है।

### जल्द से जल्द काम पूरा कराने की मांग

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत विभाग द्वारा सूचना बोर्ड लगाया गया है जिसमें सड़क निर्माण कार्य के लिए मई 2023 से फरवरी 2024 तक निर्माण कार्य को पूरा करने का लक्ष्य है। जिसके लिए ठेकेदार जेके ट्रेडिंग कंपनी सांचौरको दिया गया था। लेकिन कार्य समाप्ति के संभावित तिथि के 11 माह अधिक होने के बाद भी कार्य पूरा नहीं हो पाया है।

रास्ते से अतिक्रमण हटाने की मांग

## पांच दिन से धरने पर बैठा परिवार




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर जिला कलेक्ट्रेट के सामने एक पीड़ित दम्पति अपने प्लॉट तक जाने वाले रास्ते को खुलवाने की मांग को लेकर 5 से धरने पर बैठे हैं। पीड़ित ने बताया अभी तक जिला प्रशासन द्वारा काई कार्रवाई नहीं की गई। बता दें कि जालोर के निकटवर्ती धल्ड़ा पावटी जाने वाले रोड स्थित विनायक नगर में 2018 में पीड़ित पेकाराम ने पत्नी पवनी देवी के नाम से एक भूखंड खरीदा था। भूखंड तक जाने के लिए मुख्य धल्ड़ा पावटी रोड से प्लाट तक जाने के लिए 25 फीट चौड़ा 240 फीट लंबा रास्ता था। लेकिन करीब 2 साल पहले पड़ोसी छगनाराम पुत्र गणेशाराम ने रास्ते पर अतिक्रमण कर निर्माण कार्य कर गार्डन बना दिया। जिसे हटाने की मांग को लेकर पीड़ित परिवार 5 दिन से सहित धरने पर बैठा है। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। कलेक्टर डा. प्रदीप के गवांडे ने बताया कि रास्ते पर अतिक्रमण मामले में स्टे आ गया है। इसमें नगर परिषद का कोई मामला है, जिसकी जांच चल रही रही है।

# महाकुंभ में राजस्थान मंडप तैयार : सीएम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर महाकुंभ मेले में राजस्थान से जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तीर्थराज प्रयागराज में राजस्थान मंडप तैयार करवाकर निःशुल्क आवास, भोजन एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कुंभ का विशेष महत्व है। कुंभ को सभी सिद्धियां प्रदान करने वाला बताया गया है। महाकुंभ मेला प्रयागराज में 26 फरवरी तक चलेगा। इस मेले में मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघ पूर्णिमा और महाशिवरात्रि के शाही स्नान सहित मेले में भाग लेने वाले राजस्थान के श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के पुण्यलाभ प्राप्त कर सकें, इसके लिए राज्य सरकार के स्तर पर व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि इन व्यवस्थाओं का लाभ लेते हुए महाकुंभ के त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान, दर्शन एवं पूजन कर अलौकिक अनुभूति का आनंद प्राप्त करें। राजस्थान मंडप में श्रद्धालुओं के लिए डबल बैड अटैच लेटबाथ युक्त 49 टेंट एवं 30 बैड डोरमेट्री में निःशुल्क आवास की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है।



इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन, चिकित्सा आदि की व्यवस्थाओं के साथ आगंतुकों की मदद के लिए हेल्पडेस्क, कंट्रोल रूम की स्थापना भी की गई है। महाकुंभ मेले में भाग लेने वाले राजस्थान के नागरिक राजस्थान मंडप, प्लॉट नं. 97, सेक्टर 7, कैलाशपुरी मार्ग, प्रयागराज में इन सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं। प्रयागराज में किसी भी प्रकार की सहायता एवं जानकारी के लिए कंट्रोल रूम (9929860529, 9887812885) अथवा देवस्थान विभाग के राज्य नियंत्रण कक्ष (0294-2426130) पर संपर्क किया जा सकता है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना

## 326 लोगों ने कटवाए नाम




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित अपात्र व्यक्तियों के नाम स्वेच्छा से हटवाने के लिए सरकार ने निर्देश दिए। इसके बाद जालोर जिला प्रशासन 31 जनवरी तक गिवअप अभियान चला रहा है। इसके तहत जिले में अब तक 326 लोगों ने अपने नाम स्वेच्छा से कटवाए हैं। जिला रसद अधिकारी व जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया- गिवअप अभियान का उद्देश्य अपात्र व्यक्तियों को चिह्नित कर योजना का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को पहुंचाना है। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित सक्षम व्यक्ति जैसे-आयकरदाता, चौपहिया वाहन धारक, सरकारी या अर्द्धसरकारी कर्मचारी व अन्य सक्षम व्यक्ति अपने क्षेत्र के उचित मूल्य दुकानदार के पास जाकर निर्धारित फॉर्म भरकर योजना से अपना नाम हटवा सकते हैं। यदि सक्षम व्यक्ति अपने नाम नहीं हटवाते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत अभी तक जिले में कुल 326 लोगों द्वारा स्वेच्छा से अपने नाम हटवाए गए हैं। 31 जनवरी, 2025 तक स्वेच्छा से अपना नाम नहीं हटवाने वाले अपात्र या सक्षम व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई कर उनके द्वारा उठाए गए राशन की बाजार भाव से वसूली की जाएगी।

# राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का शैक्षिक सम्मेलन आयोजित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता





**भीनमाल।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का शैक्षिक सम्मेलन स्थानीय कचहरी रोड विद्यालय जिला प्रमुख राजेश कुमार राणा, विधायक डाक्टर समरजीतसिह, ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट ऐपलायज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड सुभाष लांबा, महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भगवानराम, मंगलाराम खोखर, डाक्टर भूपेंद्र चौधरी, विक्रमसिंह राठौड़ बासडा धनजी, प्रदेश अध्यक्ष बनाराम चौधरी व सरक्षक महादेवाराम देवासी की मौजूदगी में हुआ।

इस दौरान सुभाष लांबा ने कहा की हमें संगठित होकर सरकारों के खिलाफ संघर्ष में आंदोलन करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार पब्लिक सेक्टर को पूंजीपतियों के हवाले करना चाहती है। उन्होंने राज्य सरकार और केंद्र सरकार से कर्मचारियों के आयकर सीमा में सकारात्मक संशोधन करने की मांग की। जिला प्रमुख राजेश कुमार राणा ने शिक्षकों की जिला परिषद से संबंधित समस्याओं का निराकरण कर दिया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमें राजस्थान के तमाम कर्मचारियों को संगठित कर के खिलाफ आंदोलन करना होगा, उन्होंने सरकार से तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण अविलब करने की मांग की। महामंत्री ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें ओपीएस बरकरार रखने, नव क्रमोन्नत विद्यालय में पद स्वीकृत करने, सभी संवर्गों की पदोन्नतियां करने सहित, प्रतिवेदन में सगठनात्मक गतिविधियों की विस्तार से जानकारी प्रदान की। संयोजक जयकरण खिलेरी ने आगंतुक अतिथियों, भामाशाहों, शिक्षकों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

जिलाध्यक्ष लुंबाराम चौधरी ने राजस्थान वर्सेस आयुर्वेद तमाम शिक्षाविदों का स्वागत करते हुए व्यवस्थाओं संबंधी जानकारी प्रदान की। प्रदेश सभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार ढाका ने कहा अपने अधिकारों के लिए आंदोलन करने होंगे। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जसवंतसिंह नरूका ने मुख्यमंत्री के साथ कल कर्मचारी संगठनों की हुई वार्ता की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद थे।

# खुले में बिकने वाले दूध की खोली पोल

▶▶ उपभोक्ताओं को कर रहे जागरूक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** जालोर सिरोही जिला दूग्ध उत्पादक सरकारी संघ लिमिटेड द्वारा चलाए जा रहा दूध का दूध पानी का पानी अभियान के तहत शुक्रवार को दासपा रोड भीनमाल में शिविर आयोजित कर स्थानीय उपभोक्ताओं द्वारा लाए गए सैंपलों की निशुल्क जांच कर खुले में बिकने वाले दूध की पोल खोली। अधिकतम सैंपलों में पानी की मिलावट पाई गई। नोडल अधिकारी जवान सिंह बलावत ने बताया कि शिविर लगने के पूर्व डेयरी की टीम डोर टू डोर पैम्पलेट वितरण कर उपभोक्ताओं को जागरूक करती हैं। अधिकतर खुला दूध बेचने वाले मिलावटी दूध एवं प्लास्टिक के केन में दूध लेकर आते हैं जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है समय अंतराल में इसके दुष्परिणाम सामने आते हैं। शिविर के दौरान प्रबंधक गुण नियंत्रण प्रकाश श्रीवास्तव, प्रबंधक संयंत्र डुंगा राम जीनगर,



अशोक बोहरा, जयेश त्रिवेदी, रघुवीर सिंह सोलंकी, महेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, राहुल गर्ग, साईना अंसारी, नदीम, तुलसाराम, डायाराम सोनी सहित कई जने मौजूद थे।

# आत्मा योजना में श्रेष्ठ किसान होंगे पुरस्कृत

२५ तक आवेदन आमंत्रित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** आत्मा योजना के तहत वर्ष 2024-25 में पंचायत एवं जिला स्तर पर कृषक पुरस्कार दिए जाने के लिए 25 जनवरी, 2025 तक प्रगतिशील कृषकों व पशुपालकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कृषि विभाग के उप निदेशक एवं आत्मा के परियोजना निदेशक जितेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि यह पुरस्कार कृषि से जुड़ी पांव गतिविधियों-कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन डेयरी, जैविक खेती एवं नवाचार खेती के लिए दिए जाएंगे। जालोर जिले में प्रत्येक पंचायत समिति पर प्रत्येक गतिविधि में एक श्रेष्ठ कृषक का चयन किया जाएगा। जिले की दस पंचायत समितियों में 50 कृषकों का चयन किया जाना हैं। इन 50 कृषकों में से जिला स्तर पर प्रत्येक गतिविधि में श्रेष्ठ दो कृषकों का चयन कर कुल 10 कृषकों का चयन किया जाएगा। पंचायत समिति स्तर पर 10 हजार रुपए एवं जिला स्तर पर 25 हजार रुपए प्रति श्रेष्ठ कृषक को दिए जाएंगे। श्रेष्ठ कृषक का राज्य स्तर पर श्रेष्ठ कृषक के लिए चयन होता है तो 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।



# स्वामित्व योजनांतर्गत जिला स्तर पर कार्यक्रम

▶▶ राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड जयपुर के अध्यक्ष रहेंगे उपस्थित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 18 जनवरी शनिवार को स्वामित्व योजनांतर्गत वर्चुअल माध्यम से पट्टे व प्रॉपर्टी पार्सल वितरण एवं लाभार्थियों को संबोधित किया जाएगा।

स्वामित्व योजनांतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा इस दौरान राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड जयपुर के अध्यक्ष जसवंत बिश्नोई भाग लेंगे। जिला कलक्टर डा. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि स्वामित्व योजनांतर्गत 18 जनवरी को प्रातः 10 बजे से जिला संदर्भ केंद्र (जालोर क्लब के पास) में जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला परिषद व पंचायत समिति जालोर का संयुक्त कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा।




उन्होंने जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा को जिला प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है तथा विभिन्न विभागों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा सप्ताह

# गुरुकुल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जालोर।** हिंदू युवा संगठन संस्था की ओर से राष्ट्रीय युवा सप्ताह के तहत छठे दिन गुरुकुल क्लासेस में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नगर अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह बगेड़िया ने बताया कि विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा सप्ताह पर हिंदू युवा संगठन संस्था की ओर से गुरुकुल क्लासेस में स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के नाते समाजसेवी बंसीलाल सोनी उपस्थित थे। वहीं अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने की। विशिष्ट अतिथि के नाते भाजपा जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र मुणोत एडवोकेट दिनेश महावर एडवोकेट अमन देवेंद्र मेहता गुरुकुल क्लासेज से ललित सुंदेशा हीराराम देवासी पप्पू बंजारा उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा स्वामी जी की तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित किए गए। भाषण प्रतियोगिता में 11 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने विवेकानंद जी की जीवनी पर एक से बढ़कर एक भाषण दिया। भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका बंसीलाल सोनी दिनेश महावर महेंद्र मुणोत अमन देवेंद्र मेहता ने निभाई। भाषण प्रतियोगिता के निर्णय की घोषणा समापन समारोह में की जाएगी। संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने कहा कि हिंदू युवा संगठन संस्था युवाओं की जन जागृति के लिए कार्य करती है। हम सभी को युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी जी के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। समाजसेवी बंसीलाल सोनी ने कहा कि हम सबको ऐसे महापुरुषों के जयंती समारोह पर बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। बच्चों से कहा कि आप सबको भी महापुरुषों की जीवनी पढ़नी चाहिए। कार्यक्रम में एडवोकेट दिनेश महावर महेंद्र मुणोत अमन देवेंद्र मेहता ललित सुंदेशा सहित कई वक्ताओं में संबोधित किया। नगर अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह बगड़िया ने सभी का आभार धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान सीता चौधरी अरुण कुमार दलपत खंडेलवाल कमलेश कुमार हितेश कुमार जगदीश कुमार दिलीप कुमार उपस्थित थे।

# घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग के खिलाफ कार्रवाई

▶▶ रसद विभाग ने जब्त किए सिलेंडर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** रसद विभाग द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग करते हुए शहर में विभिन्न जगहों पर कार्यवाई की जिसमें 6 घरेलू सिलेंडर जब्त किए। प्रवर्तन अधिकारी प्रदीप परिहार ने शहर के भीलों का चौहटा, खारी रोड, महावीर चौराहा सहित विभिन्न जगहों पर कार्यवाही करते हुए 6 सिलेंडर जब्त किए। प्रवर्तन अधिकारी प्रदीप परिहार ने बताया कि खाद्य नागरिक आपूर्ति द्वारा चलाए जा रहे एलपीजी अभियान के तहत घरेलू गैस सिलेंडर के दुरुपयोग पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। सभी घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक कार्य में उपयोग करने वाले लोगों को अपील करते हुए बताया कि आपको व्यवसायिक गैस सिलेंडर जो आसानी से गैस एजेंसी पर उपलब्ध रहता है उसका उपयोग करें। आगे से सिर्फ व्यावसायिक सिलेंडर का ही उपयोग करें अन्यथा आपके खिलाफ पुनः कार्यवाही की जाएगी।



# ग्रामीणों का संघर्ष समिति को समर्थन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** राज्य सरकार द्वार सांचौर जिला निरस्त करने के विरारेध में संघर्ष समित का धरना 20 वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान धरने को गोलासन के ग्रामीणों ने युवा नेता अर्जुन देवासी के नेतृत्व में संघर्ष समिति को समर्थन देकर सांचौर मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर सरकार के निर्णय के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आक्रोश रैली निकाली। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि भाजपा सरकार ने सांचौर की जनता के साथ जो धोखा किया है उसका जबाव वक्त आने पर देने की बात कही। वहीं ग्रामीणों ने सांचौर को जिला बहाल रखने की मांग की। गामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि सांचौर जिला बनने के बाद सबसे ज्यादा लाभ किसानों को हो रहा था, वहीं जिले को लेकर सारी व्यवस्थाएं भी सही रूप से संचालित हो रही थीं, किंतु सरकार द्वारा जानबूझकर द्वेष भावना से सांचौर जिले को खत्म किया गया, जो न्याय संगत नहीं है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि जब तक जिला बहाली नहीं होगी तब तक धरना जारी रखा जाएगा। वहीं उपखंड अधिकारी के मार्फत मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया, जिसमें बताया कि भाजपा सरकार ने पूर्व सरकार द्वारा घोषित सांचौर जिले को 28 दिसंबर 2024 को निरस्त कर दिया गया है। परंतु डींग, खेरथल व सलुंबर जिले जो आबादी के हिसाब से सांचैर जिले के करीब-करीब बराबर हैं।

डींग जिले की भरतपुर जिले से मात्र 35 किमी दूर, खैरथल जिला अलवर जिले से मात्र 45 किमी दुर व सलुंबर जिला उदयपुर जिले से 70 किमी दूर है। जबकि सांचैर जिला जालोर जिले से 145 किमी दूर व अंतिम गांव आकोड़िया रणखार करीब 250 किमी दूर हैं। पूर्व सरकार द्वारा गठित रामलुभाया कमेटी ने नवगठित जिलों में दूरी व आबादी को मानकर नये जिले गठित किए थे। जबकि वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा कौनसे आधार पर जिलों को निरस्त किया गया कोई स्पष्ट नहीं हैं। सांचैर जिला बनने से जिला मुख्यालय नजदीक होने पर आमजन के लोगों के सभी जिले स्तर के कार्य जल्द होने लगे व आर्थिक बोझ भी ज्यादा नहीं रहा।

▪ गोलासन के ग्रामीणों का 20 दिन से धरना जारी




हम सांचैर जिलेवासियों ने 25 सितंबर 2024 से 2 अक्टुंबर 2024 तक जिला मुख्यालय सांचैर के आगे अनषन व महापड़ाव किया था। भाजपा सरकार को सांचैर जिला निरस्त नहीं करने के बारे में भी चैताया था। किसी भी लोक कल्याणकारी सरकार की जिम्मेदारी बनती हैं कि जनहित में लिए गए निर्णय किसी भी सरकार ने लिए हो प्रत्येक आने वाली सरकारे उन कार्यो को आगे बढाती हैं। परंतु वर्तमान भाजपा सरकार ने पिछले डेढ साल से व्यवस्थित तरीके से चल रहे सांचैर जिले को निरस्त कर बहुत बड़ी भूल की हैं। सांचौर जिले को निरस्त करने पर लोगों में भंयकर आक्रोष है। ऐसी स्थिति में जब तक जिला पुनः घोषित नहीं होता है तब तक धरणा जारी रखने की चेतावदी दी। धरने को पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, भीमाराम चौधरी, अर्जुन देवासी, हिंदूसिंह चैहान, हीराराम देवासी, नरसीराम देवासी, विरमाराम भील, भगराज देवासी, भगाराम मेघवाल, रणछोड़ाराम, सेंधाराम, मफाराम देवासी, रामाराम देवासी, भीखाराम देवासी, गणपतलाल, सेधाराम भील, गमनाराम भील, पन्नाराम, रिड़मलराम, सोनाराम, नानजीराम, नरसीराम देवासी, वेरसीराम देवासी, नागजीराम देवासी, हिराराम देवासी, दशरथ देवासी, सगताराम देवासी, दरगाराम मेघवाल, हिराराम मेघवाल, मसराराम मेघवाल, लीलाराम मेघवाल, मेवाराम देवासी गोलासन, चंदनसिंह राजपूत विरोल, पुनमाराम रानीवाड़ा, किशनलाल, भेराराम, जगमालाराम विश्नोई राजीवनगर, रूगनाथाराम, मनोजकुमार धमाणा का गोलिया, हरिकिशन मांजु जाखल, निंबाराम भीमगुड़ा, चेतन प्रकाश भीमगुड़ा, रामलाल बलाना, लालाराम साहु डांगरा, पबसिंह राजपूत हाडेचा, टिकमाराम पहाड़पुरा मेवाराम वासन चौहान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## युवा कांग्रेस प्रदेश समन्वयक बने सारण

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाडा।** रानीवाड़ा क्षेत्र के रमेश सारण को युवा कांग्रेस प्रदेश समन्वयक बनाया गया है। राजस्थान युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी मोहम्मद शाहिद के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यू पूनिया की अनुशंसा पर एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुधींद्र मूड एवं यशवीर शूरा की सहमति से नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया है। जिसमें प्रदेश समन्वयक व विधानसभा प्रभारी पद पर तुरंत प्रभाव से कार्यकर्ताओं को नियुक्त किया गया है। इस दौरान जिले के रानीवाड़ा क्षेत्र के निवासी रमेश सारण को युवा कांग्रेस प्रदेश समन्वयक बनाया गया है। रमेश सारण लंबे समय से पार्टी में कार्य कर रहे हैं सारण को युवा कांग्रेस प्रदेश समन्वयक बनाए जाने के बाद युवाओं में खुशी देखने को मिली। वहीं सारण का लोगों ने माला व साफा पहनाकर का स्वागत भी किया है।



## जालोर-सिरोही के दौरे पर जोगेश्वर गर्ग

**जालोर।** राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग 18 जनवरी, शनिवार को जालोर व सिरोही जिले के दौरे पर रहेंगे। प्राप्त कार्यक्रमानुसार राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगश्वर गर्ग 18 जनवरी, शनिवार को प्रातः 10 बजे जालोर से प्रस्थान कर प्रातः 11.30 बजे सिरोही पहुंचेंगे जहां स्वामित्व योजनांतर्गत पट्टे व पार्सल वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे व दोपहर 2 बजे सिरोही से रवाना होकर जालोर पहुंचेंगे।

पश्चिम रेलवे
निरस्तीकरण सूचना
निविदा सूचना क्र. ईएल-टीआरडी-डब्ल्यू-118-24-25-15 नियत दिनांक 31.01.2025 को 15.30 बजे को निविदा दस्तावेज में तकनीकी कारणों से अब इसे निरस्त माना जाए। अन्य सभी शर्तें एवं नियम यथावत रहेंगे। 0979
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

मध्य रेल
आवधिक ओवरहालिंग (पीओएच)
कार्य का विवरण: मध्य रेलवे के मुंबई मंडल में कल्याण और लोनावाला जिले के 177 नग 25 केवी/230 वोल्ट, 50 हर्ट्ज, सिंगल फेज़ ट्रांसफार्मर (एटी) की आवधिक ओवरहालिंग (पीओएच)। अनुमानित लागत ₹: 3426814.84 ईएमडी ₹: 68600.00 निविदा पपत्र का शुल्क ₹: 0.00 समापन अवधी: 12 महिने ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं अवधि दि. 14.02.2025 को 11:00 बजे है। ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेल की अधिकारीक वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा की जानकरी वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क. वि.) मध्य रेल, कल्याण के सुचना पट पर उपलब्ध है.
खुली ई-निविदा संख्या : – KYNLD-583-PRev-24-25-08-C
टिकट के लिये UTS APP डाउनलोड करे 701

पश्चिम रेलवे
शुद्धि पत्र सूचना
निविदा सूचना क्र. बीसीटी/24-25/261: दि. 13.01.2025 तथा खुलने की दिनांक 07.02.2025, कार्य का नाम: (i) विरार-जोरावासन खंडः सीटीआर (पी) = 6.53 किमी. टीएसआर(पी) = 25 किमी. तथा टीआरआर (पी) = 0.52 किमी. (ii) विरार-सूरत - टीटीआर (सीएसएमसी)- 7 सेट्स, एसईजे - 48 नग, पी एंड सी स्लीपर्स केवल- 167 एवं टीएफआर (पी एंड सी)- 193 (जीआरपीएस केवल) (iii) विरार-जोरावासन - टीएफआर- 22.138 टीकेएम संयुक्त निविदा. अब पढा जाएः (i) विरार-जोरावासन खंडः सीटीआर (पी) = 6.53 किमी., टीएसआर(पी) = 25 किमी. तथा टीआरआर (पी) = 0.52 टीकेएम. (ii) विरार-सूरत - टीटीआर (सीएसएमसी)- 7 सेटस , एसईजे- 48 नगपी एंड सी स्लीपर्स केवल- 167 एवं टीएफआर (पी एंड सी)- 193 (जीआरपीएस केवल) (iii) विरार-जोरावासन - टीएफआर- 22.138 टीकेएम संयुक्त निविदा. निविदा लागत वर्तमान अनुसार : रु. 63857065.72/-, पढा जाएः रु. 62269697.74, ईएमडीः वर्तमानः रु. 46930/-, ईएमडीः पढा जाएः रु. 461400/-, अन्य सभी शर्तें एवं नियम www.ireps.gov.in यथावत रहेंगे। 0977
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

### नोबल शिक्षण समूह में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

# बोर्ड परिक्षाओं के होनहार छात्रों को 13 बाइक, स्कूटी व 45 साईकिल देकर किया सम्मान




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**बुहाना।** नोबल शिक्षण समूह के संस्थापक स्व. एसएस नेहरा की तृतीय पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में नोबल स्कूल देवलावास के खेल मैदान में आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह-2025' का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस समारोह का उद्देश्य समाज में शिक्षा, सेवा और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करना था। कार्यक्रम में दूर-दूर से अतिथियों, ग्रामीणों और शिक्षाविदों ने भाग लिया। स्कूल के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुतियों में देशभक्ति, समाजसेवा और शिक्षा का संदेश प्रमुखता से दिखा। समारोह के मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार के पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजरूप फूलिया थे। उन्होंने शिक्षा और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्व. एसएस नेहरा की दूरदर्शिता और योगदान को याद किया। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व उप थल सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जेपी नेहरा ने युवाओं को प्रेरणा दी और उन्हें भविष्य के लिए नई दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। बोर्ड परीक्षाओं में 95 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 13 छात्रों को मोटरसाइकिल और स्कूटी प्रदान की गई। वहीं 90 से अधिक अंक लाने वाले 45 छात्रों को साइकिल प्रदान की गई। योगाचार्य ढाकाराम ने युवाओं को योग के महत्व के बारे में बताया। समारोह में शिक्षा, समाजसेवा और अन्य क्षेत्रों के कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया। प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप नेहरा ने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, अभिभावकों, और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इसे शिक्षा और समाजसेवा का एक आदर्श मंच बताया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों, किसानों, और ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा और सेवा समाज के उत्थान के लिए सबसे महत्वपूर्ण साधन हैं।

**किसानों और विद्यार्थियों का सम्मान :** नवीन चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में समाज की विभिन्न प्रतिभाओं और किसानों का विशेष सम्मान किया गया। किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों और योजनाओं की जानकारी देकर प्रेरित किया गया। इसके अलावा छात्रों को अनेक पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। जिससे उनकी मेहनत और उपलब्धियों को सराहा गया। कार्यक्रम में सिंघानिया यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार, पूर्व जिला कृषि अधिकारी ओमप्रकाश बलवदा, श्री बालाजी विशाल धाम के पीठाधीश्वर राजेश महाराज, आईपीएस कोशिंदर यादव, आरएएस सुशीला यादव, आरजेएस पूजासिंह, एसीबी के एएसपी इस्माइल खान मौजूद रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में नोबल शिक्षण समूह के सभी सदस्यों ने कड़ी मेहनत की। कार्यक्रम में समूह की चेयरपर्सन संतोष नेहरा, प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप नेहरा, अकादमिक निदेशक सुमन नेहरा, एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर शिवम नेहरा, सलाहकार यादराम नरवाल आदि मौजूद रहे।

### मकराना में पटवारी आंदोलन का पांचवा दिन

# गिरदावरी एप में संशोधन समेत कई मांगें शामिल



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** राजस्थान पटवार संघ के नेतृत्व में मकराना के पटवारियों का धरना-प्रदर्शन शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। पटवारियों ने कार्य बहिष्कार कर पूरा दिन तहसील कार्यालय में धरना स्थल पर बिताया, जिससे राजस्व से जुड़े कार्य प्रभावित हुए। पटवार संघ के जिला संगठन मंत्री अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। पटवारियों की प्रमुख मांगों में गिरदावरी एप्प में संशोधन शामिल है। इसके अलावा, 1035 नए पटवार मंडल और भू अभिलेख निरीक्षक वृत्त की घोषणा के बाद भी वित्तीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है। वरिष्ठ पटवारी पद की रिव्यू डीपीसी और 752 नवसृजित भू अभिलेख निरीक्षक पदों का मामला भी एक साल से लंबित है।

पटवारी कार्यालयों में बुनियादी सुविधाओं की कमी भी एक बड़ी समस्या है। फर्नीचर, डेस्क बोर्ड, प्रिंटर, लैपटॉप टेबल जैसी घोषित सुविधाओं की आपूर्ति अभी तक नहीं की गई है। धरने में उपशाखा उपाध्यक्ष तिलोकाराम रेवाड़, महामंत्री धर्मेंद्र चौधरी, रामवतार जांगिड़, ममता सहित कई पटवारी शामिल रहे। पटवारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### तारानगर में उप जिला अस्पताल में कल नि:शुल्क आंखों का कैम्प लगाया जाएगा

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर में पद्म श्री विभुषित स्व. पं. मोतीलाल सांखोलिया संगीताचार्य व उनकी धर्मपत्नी चंद्रमुखी की पुण्यस्मृति में उनके सुपुत्र भामाशाह सुशील शर्मा हाल निवासी गांधीधाम के आर्थिक सौजन्य से लॉयन्स क्लब तारानगर के बैनर तले राजकीय उप जिला अस्पताल में 19 जनवरी रविवार को नि:शुल्क मोतियाबिन्द जांच एवं नेत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जायेगा। सांखोलिया परिवार के धार्मिक कथा अनुष्ठान एवं ज्योतिष मर्मज्ञ पण्डित जीतेन्द्र कृष्ण शर्मा ने उमाशंकर शर्मा को बताया कि उप जिला अस्पताल के प्रभारी डॉ. मोतीलाल सोनी के नेतृत्व में उनकी लॉयन्स क्लब तारानगर की टीम द्वारा माह के तीसरे रविवार को उक्त कैम्प का आयोजन किया जाता है जो इस बार 19 जनवरी को आयोजित होगा जिसमें शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर से आंख रोग चिकित्सकों की टीम तारानगर उप जिला अस्पताल परिसर में आयेगी और उक्त कैम्प में रोगीयों की जांच करेगी। मोतियाबिन्द व नेत्र लैंस प्रत्यारोपण से सम्बन्धित रोगीयों का जयपुर में विद्याधर नगर स्थित शंकरा आई हॉस्पिटल में उनका उपचार नि:शुल्क किया जायेगा। तारानगर से जयपुर आने जाने का रहने का व खाने का इन्तजाम भी लॉयन्स क्लब व भामाशाह द्वारा किया जायेगा।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला अजीत कुमार हिंगर के निर्देशक में अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश अरविंद कुमार जांगिड़, सांभर लेक के निर्देशानुसार स्थानीय उप जिला अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष परामर्श एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राज चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में डॉ. अरुण सिंह भाटी व डॉ. अंकित गुप्ता की देखरेख में शिविर आयोजित किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति, सांभर लेक के लीगल एड असिस्टेंट चान्दमल सांभरिया ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में लगभग 170 वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। परामर्श एवं जांच शिविर में ब्लडप्रेशर, शुगर, घुटनों में दर्द, घुटनों में सुजन, डायबटीज, ह्रदय से संबंधित बीमारी, वरिष्ठ नागरिकों की सामान्य एवं गम्भीर बीमारियों के बारे मे परामर्श एवं जांच की गई।

# आशा सहयोगिनीयों ने अतिरिक्त जिला कलक्टर को दिया मांग पत्र



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** डीडवाना-कुचामन जिले में अखिल राजस्थान आशा सहयोगिनी संगठन ने अपनी लंबित समस्याओं और मांगों को लेकर एक मांग पत्र अतिरिक्त जिला कलक्टर को सौंपा। संगठन की जिलाध्यक्ष अनीता कुमारी चौधरी के नेतृत्व में यह पत्र सौंपा गया। इसमें राजस्थान में कार्यरत सभी आशा सहयोगिनियों के लिए बेहतर वेतन, सुविधाएं और कार्यक्षेत्र से संबंधित सुधारों की मांग की गई। आशा सहयोगिनियों ने नियमित मासिक वेतन 18,000 तय करने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने मानदेय की जगह फिक्स वेतन लागू करने की अपील की है, जिससे उन्हें वित्तीय स्थिरता मिल सके। आशा सहयोगिनियों ने एनएनएम भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण की मांग की है, ताकि उन्हें कार्यक्षेत्र में उन्नति का अवसर मिल सके। इसके अलावा, उन्होंने पदनाम बदलकर 'चिकित्सा स्वास्थ्यकर्मी' करने का सुझाव दिया है, ताकि केवल चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कार्य उन्हें सौंपे जाएं। संगठन ने राज्य कर्मचारियों जैसी सुविधाएं और पेंशन की मांग की है, जिसमें सेवा निवृत्ति पर 10 लाख सहायता राशि और 5,000 मासिक पेंशन शामिल है साथ ही, उन्हें एनएमएम प्रशिक्षण देने के लिए विशेष प्रावधान की आवश्यकता जताई गई है। संगठन ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर आशाओं के लिए आवश्यक सुविधाओं जैसे टेबल, कुर्सी और अलमारी की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी उपस्थिति केवल उनके हस्ताक्षर से प्रमाणित हो, जिसमें एनएनएम का हस्तक्षेप न हो।

# राजगढ़ की नातिन जैन साध्वी संगीतश्री का आगमन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ के पृथ्वीराज मुसरफ परिवार से संबंधित एक और साध्वी बेटी का शुक्रवार को यहां आगमन हुआ है। उक्त साध्वी संगीतश्री आचार्यश्री महाश्रमण की वरिष्ठ शिष्या एवं मुसरफ परिवार की मुसरफ परिवार पड़ दोहिती है। 50 वर्ष पूर्व तेरापंथ धर्म संघ में दीक्षित हुई साध्वी संगीतश्री अपनी सहयोगी साध्वी शांति प्रभा, साध्वी कमल विभा, साध्वी मुदिताश्री तथा साध्वी कर्तव्य यशा करीब 30 वर्षों के बाद यहां पधारी हैं। पदयात्रा करते हुए दिल्ली से भिवानी होते हुए पंच महाव्रत पालक यह पांच साध्वियां राजगढ़ पहुंची। नगर सीमा पर अभिषेक सरावगी, सुशील भगत जी, विजय सिन्दोलिया, पीयूष सुराणा, प्रमोद सरावगी आदि ने अगवानी की और रास्ते की सेवा की। कड़ाके की ठंड तथा शीत लहर के बावजूद साध्वियों ने पदयात्रा जारी रखते हुए राजगढ़ की जसकरण सुराणा हवेली में प्रवेश किया। यहां प्रवास कर रही साध्वी संगीतश्री की संसार पक्षीय मौसी साध्वी डॉक्टर शुभ प्रभा तथा भगिनी तारानगर की साध्वी कांति यशा ने आत्मिक स्वागत किया। उनके साथ साध्वी मंदार यशा सा और साध्वी अन्यन प्रभा भी रही। ठिकाने सुराणा हवेली में सादे संक्षिप्त समारोह में साध्वी डॉ. शुभ प्रभा आदि ने गीतिका के माध्यम से आगत साध्वियों का स्वागत किया तो साध्वी संगीत प्रभा के साथ यहां पहुंची साध्वियों ने भी गीतिका के माध्यम से आभार जताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्ष रेखा मुसरफ़, कोषाध्यक्ष संजू सुराणा, पूर्व अध्यक्ष सरोज जैन सहित किरण अंजू मुसरफ, नथमल हीरावत आदि उपस्थित थे।

**Chhattisgarh InfoTech Promotion Society (CHiPS)**
2nd Floor SDC Building , Raipur, Chhattisgarh 492002
Phone : 0771-4014158 Fax : 0771-4014158 E-mail : ceochips@nic.in

**TENDER NOTICE**

164619/CEO/CHiPS/Empanel/2025 RAIPUR, DATED 17 /01/2025

Chhattisgarh infotech & Biotech Promotion society invites online proposal from eligible bidders for Selection of an Agency for **"Request for Proposal for Empanelment of Legal firms"** . The Information cum Tender document can be downloaded from website http://eproc.cgstate.gov.in & http://chips.gov.in.

SAMVAD/42882/4 **CEO, CHiPS**

# संतान के दीर्घायु के लिए नव विवाहिताओं ने रखा संकष्टी श्री गणेश चतुर्थी व्रत



**सादुलपुर।** राजगढ़ तहसील के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में माघ माह के कृष्ण पक्ष में आने वाली सकट चतुर्थी व्रत बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया हरियाणा निकटवर्ती गांव भाकरां में नवविवाहित सास, बहू ने अपनी संतान की लंबी उम्र और सुखी जीवन के लिए सकट चतुर्थी निर्जला व्रत रखा। व्रत रखने वाली महिलाओं ने भगवान श्री गणेश की विधि विधान से पूजा अर्चना कर सकट चौथ माता की कहानी सुनकर अपनी संतान की लंबी उम्र की कामना कर देश में अमन-चैन सुख शांति की कामना की। सकट चतुर्थी व्रत के बारे में निर्जला व्रत रखने वाली महिलाओं ने बताया कि माघ माह में कृष्ण पक्ष मे आने वाली चतुर्थी का खास महत्व माना गया है। इस तिथि को संकट चौथ माघी चतुर्थी संकष्टी चतुर्थी तिलकुटा तिल चौथ के नाम से भी जाना जाता है एवं रात्रि में चांद को अर्घ्य देकर व्रत खोला जाता है एवं तत्पश्चात भोजन किया जाता है।

# झुंझुनूं एकेडमी के तीन शूटरों ने नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में टॉप-10 रैंक प्राप्त कर रचा कीर्तिमान

### शूटर सतीश कुमार, तन्मय चौधरी ने इंटरनेशनल शूटिंग ट्रायल के लिए तथा अनीश कुमार ने किया नेशनल के लिए क्वालीफाई



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई के विद्यार्थी बेहतरीन बोर्ड परीक्षा परिणामों के साथ-साथ स्पोर्ट्स में भी शानदार प्रदर्शन कर नेशनल एवं इंटरनेशनल लेवल पर मेडल जीत रहे हैं तथा खेलों के हर वर्ग में अनेक चैंपियनशिप जीत कर जिले, स्कूल व माता-पिता का नाम रोशन कर रहे हैं। शुक्रवार को इसी कड़ी में जीवेम् शूटिंग एकेडमी के शूटरों ने नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में अपना दमखम दिखाते हुए इंटरनेशनल शूटिंग ट्रायल के लिए क्वालीफाइ किया है जो बहुत बड़ी उपलब्धि है। जानकारी देते हुए शूटिंग कोच सुशील कुमार दूलड़ ने बताया कि डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज तुगलकाबाद दिल्ली में चल रही 67वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में झुंझुनूं एकेडमी के शूटर सतीश कुमार व तन्मय चौधरी ने टॉप-10 रैंक प्राप्त कर शानदार अंकों के साथ इंटरनेशनल शूटिंग ट्रायल तथा अनीश कुमार ने भी इसी रैंक के साथ नेशनल के लिए क्वालिफाइ कर कीर्तिमान रचा है। झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी ने तीनों शूटरों को बधाई देते हुए कहा कि नेशनल चैंपियनशिप में टॉप-10 रैंक पाना वास्तव में बहुत बड़ी उपलब्धि है और इंटरनेशनल शूटिंग ट्रायल के लिए क्वालिफाइ कर इन शूटरों ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का मान बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि ये तीनों शूटर झुंझुनूं एकेडमी में अपनी पढ़ाई के साथ-साथ जीवेम शूटिंग एकेडमी में निरंतर अपने कोच के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रहे हैं। उनकी कड़ी मेहनत, एकाग्रचित्तता व लगन तथा झुंझुनूं एकेडमी द्वारा प्रदत्त खेल संसाधनों से ही ऐसा संभव हो पाया है।

**NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN**
नवा रायपुर अटल नगर
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19,
Nava Raipur Aatal Nagar- 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400.
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works:
**NIT No:** 84/WS:MMC-NRAN/EEC-IV/CE/NRANVP/2024-25, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 17.01.2025

**Name of Work: "Water Supply from Kodapar to Thanaud Village through a Pipeline along the Alignment of the Mahanadi Main Canal(MMC) to Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)"**
Estimated cost: **INR 94.18 Crs,** EMD: **INR 95.20 Lakhs,** Period of Completion: **12 Months**
**Last Time & Date of Online Submission:** 15:00hrs on 10/02/2025
The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.
Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

Chief Engineer,
NRANVP
SAMVAD/42879/3

# जीडी शाह स्मृति प्रेरणा दिवस कार्यक्रम आयोजित



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जेबी शाह गर्ल्स कॉलेज के सह संस्थापक जीडी शाह स्मृति प्रेरणा दिवस कार्यक्रम कॉलेज कैंपस में हुआ। इस अवसर पर कॉलेज चेयरमैन एमसी शाह, प्रबंधन सदस्य डॉ. आरसी शाह, पीके शाह, राकेश शाह, शशांक शाह, कॉलेज सलाहकार अनुराग संगल, सचिव राजकुमार मोरवाल, प्राचार्या डॉ. योगिता शर्मा रहे। इस मौके पर महाविद्यालय की छात्राओं ने शहर की समसामयिक समस्याओ में चिंतन कर अपने विचार रखे। कुल 13 टीमों ने भाग लिया जिसमें उन्होंने झुंझुनूं शहर की समस्याओं को स्लाइड शो, नाटक के माध्यम से दिखाया। इसमें प्रथम स्थान पर 7500 रूपए, द्वितीय स्थान पर 5100 रूपए एवं तृतीय स्थान पर 2100 रूपए से पुरस्कृत किया। कॉलेज चेयरमैन एमसी शाह ने छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए उनके नवाचारों व विचारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के निर्णायकों में अनुराग संगल, मुकेश कृष्णियां व डॉ. प्रतिभा शामिल थे। इससे पहले कार्यक्रम के प्रारंभ में कॉलेज प्राचार्या डॉ. योगिता शर्मा ने आगंतुकों का स्वागत कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम की रूपरेखा कॉलेज के सलाहकार अनुराग संगल द्वारा दी गई। कार्यक्रम में जीडी शाह के जन्मदिन पर एडवोकेट सतीश कुलहरि, एसोसिएट प्रोफेसर पूनम शर्मा, हरिश तुलस्यान, डॉ. शशि मोरोलिया, एसकेडी एज्यूकेटर डायरेक्टर एवं जेबीएससी टीम के सदस्य कमलेश लालपुरिया ने अपने विचार व्यक्त किए। अंत में कॉलेज सचिव राजकुमार मोरवाल ने सभी आगंतुकों का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापित किया।

**कॉलेज चेयरमैन शाह का किया अभिनंदन :** कॉलेज कैंपस में स्व. जीडी शाह की स्मृति में आयोजित प्रेरणा दिवस के मौके पर कॉलेज के चेयरमैन महेश शाह भी पहुंचे। जिनका शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारी एवं सदस्यों ने डॉ. रमेश शाह, पवन शाह, राकेश शाह एवं शशांक शाह की उपस्थिति में स्वागत अभिनंदन किया गया। जिनमें प्रमुख रूप से जीवेम एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन शिक्षाविद् डॉ. दिलीप मोदी, वस्त्र व्यापार संघ के पवन गाडिया, श्रीश्याम आशीर्वाद सेवा संस्थान के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, सीए पवन केडिया, श्री गोपाल गौशाला के मंत्री नेमी अग्रवाल, अग्रवाल समाज के अजीत राणासरिया एवं हरिश तुलस्यान प्रमुख थे। जिन्होंने शाह का साफा, शॉल एवं दुपट्टा ओढाकर माल्यार्पण के साथ अयोध्या श्री राम मंदिर का प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। इस मौके पर श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने अपने उद्बोधन में जेबी शाह गर्ल्स कॉलेज के माध्यम से नारी शिक्षा में अभूतपूर्व योगदान एवं सामाजिक सरोकारों में प्रमुख भूमिका के लिए शाह परिवार का आभार धन्यवाद प्रकट किया।

# राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय में छात्र-छात्राओं को स्वेटर व कोट वितरण



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय में स्वेटर कोट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भामाशाह रमेश कुमार बियानी प्रवासी कोलकाता ने अपनी माताजी स्व श्रीमती सीता देवी बियानी की पुण्य स्मृति में मंगतू राम मोहता की प्रेरणा से जरूरतमंद बच्चों को 80 स्वेटर तथा सहायक कार्मिकों को 7 कोट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में राजगढ़ नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष मंगतू राम मोहता, प्रधानाचार्य सुरेंद सिंह पूनिया, करतार सिंह सांगवान, मोहम्मद मुराद, रामस्वरूप इंदौरिया , उप प्राचार्य ब्रह्मानंद, विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय प्रधानाचार्य उर्मिला पूनिया ने भामाशाह रमेश कुमार एवं प्रेरक राजगढ़ नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष मंगतूराम मोहता का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा आए हुए मेहमानों का स्वागत किया।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**संख्याः एस / सेल / 611 / ई-नी. का./5270/24-25** **दिनांकः 15.01.2025**

**ई-नीलामी सूचना**

**ई-नीलामी कार्यक्रम, सूचना संख्या - 11 माह फरवरी - 2025**

अवगत कराया जाता है कि उत्तर मध्य रेलवे के विभिन्न मण्डलों तथा डिपो में उपलब्ध स्क्रैप का विक्रय ई-नीलामी के माध्यम से सम्पन्न किया जायेगा तथा सभी आयोजक अपने निर्धारित क्षेत्र के स्क्रैप का निस्तारण करेंगे। **रद्दी मदेंः** पी.वे. व स्क्रैप रेल, कास्ट आइरन स्क्रैप, कन्डम रोलिंग स्टाक नॉन फेरस एवं नान मेटालिक स्क्रैप, टर्निंग और बोरिंग, कन्डम आयल / पेंट्स ड्रम्स, कन्डम मशीनरी एवं प्लान्ट, कन्डम व्हेकिल्स, कन्डम आफिस इक्विपमेंट्स, फाउन्ड्री स्लैग, रिलीज ओवर हेड एम.एस./जी.आई. टेंक्स, ट्रेन लाइटिंग पंखों का रिलीज्ड फेरस स्क्रैप रिलीज्ड एम.एस./जी.आई. पाइप लाइन, फाउन्ड्री स्कल वर्कशाप एम.एस. स्क्रैप और अन्य एम. एस. स्क्रैप मदें।

| क्रमांक | ई-नीलामी की तिथि | व दिन | डिपो / मण्डल | नीलामी के आयोजक | माध्यम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 06.02.2025 | गुरूवार | सामान्य भंडार डिपो / झांसी | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/ प्रणाली / झांसी। | www.ireps.gov.in वेबसाइट द्वारा |
| 2. | 13.02.2025 | गुरूवार | | | |
| 3. | 18.02.2025 | मंगलवार | | | |
| 4. | 24.02.2025 | सोमवार | | | |
| 5. | 28.02.2025 | शुक्रवार | | | |
| 6. | 11.02.2025 | मंगलवार | सामान्य भंडार डिपो / कानपुर | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक /सामान्य भंडार डिपो/ कानपुर। | |
| 7. | 25.02.2025 | मंगलवार | | | |
| 8. | 04.02.2025 | मंगलवार | प्रयागराज मण्डल | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे /प्रयागराज। | |
| 9. | 11.02.2025 | मंगलवार | | | |
| 10. | 18.02.2025 | मंगलवार | | | |
| 11. | 25.02.2025 | मंगलवार | | | |
| 12. | 05.02.2025 | बुधवार | झांसी मण्डल | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे /झांसी। | |
| 13. | 12.02.2025 | बुधवार | | | |
| 14. | 19.02.2025 | बुधवार | | | |
| 15. | 26.02.2025 | बुधवार | | | |
| 16. | 06.02.2025 | गुरूवार | आगरा मण्डल | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे /आगरा। | |
| 17. | 13.02.2025 | गुरूवार | | | |
| 18. | 20.02.2025 | गुरूवार | | | |
| 19. | 27.02.2025 | गुरूवार | | | |

**विशेष शर्तेः** सभी प्रकार की रद्दी मदों की नीलामियॉ ई-नीलामी के माध्यम से **'www.ireps.gov.in'** वेबसाइट द्वारा सम्पन्न की जायेंगी। यदि उसी दिन निर्धारित कैलेंन्डर दिवस में नीलामी पूर्ण नहीं हो पाती है तो नीलामी अगले कैलेंन्डर दिवस मे भी जारी रहेगी। **2.** ई-नीलामी द्वारा जो लाट बेंचे नहीं जा सके, उन्हें डिपो द्वारा अगले ई-नीलामी में सम्मिलित किया जाएगा। **3.** इच्छुक खरीददार स्क्रैप किये गये सामग्रियों के लाटों का निरीक्षण नीलामी से पहले कार्य दिवसों में नामित स्थल पर कर सकते हैं। **4.** यदि बिक्री की गई सामग्री की कीमत 5 लाख रूपयों से अधिक है तो ऐसी स्थित में क्रेता को जीएसटी विभाग में पंजीकृत होना आवश्यक है। **5.** नीलामी से सम्बन्धित और अधिक जानकारी के लिए (जैसे कैटलाग नीलामी की गई मदों की अंतिम बिक्री दर तथा अन्य सभी विवरण) कृपया हमारे वेबसाइट **'www.ncr.indianrailways.gov.in** पर देखें। **6.** ई-नीलामी से सम्बन्धित और अधिक जानकारी **www.ireps.gov.in'** वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। **93/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए खेल पुरस्कार

# मनु भाकर-गुकेश सहित चार को मिला खेल रत्न

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर और किशोर शतरंज विश्व चैंपियन डी गुकेश को शुक्रवार को यहां एक शानदार राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से सम्मानित किया गया। देश के सर्वोच्च खेल सम्मान के अन्य दो खिलाड़ियों में पुरुष हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालंपिक स्वर्ण विजेता हाई जंपर प्रवीण कुमार थे। वार्षिक सम्मान एक अंक प्रणाली द्वारा तय किए जाते हैं जिसमें ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप में दिए गए प्रदर्शन पर सबसे अधिक जोर दिया जाता है। हरमनप्रीत टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली राष्ट्रीय टीमों का हिस्सा थे।






दूसरी ओर प्रवीण ने पिछले साल पेरिस में जापानी राजधानी में अपने रजत पदक को स्वर्ण में बदला था। उनका बायां पैर जन्म से ही छोटा था। 32 एथलीटों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिनमें से 17 पैरा-एथलीट हैं। अर्जुन पुरस्कार के लिए चुने गए एथलीटों में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान अमन सेहरावत, निशानेबाज स्वप्निल कुसाले और सरबजोत सिंह तथा पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी जरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, संजय और अभिषेक शामिल हैं। इस बार अर्जुन पुरस्कार विजेताओं की सूची में पैरा-एथलीटों की संख्या स्वस्थ खिलाड़ियों से अधिक रही, क्योंकि पेरिस पैरालिंपिक में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था जिसमें उन्होंने सात स्वर्ण और नौ रजत सहित 29 पदक जीते थे।

22 वर्षीय भाकर पिछले अगस्त में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली एथलीट बनीं। 18 वर्षीय गुकेश पिछले महीने चीन के डिंग लिरेन को हराकर अब तक के सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बने।

### राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 विजेताओं की सूची

| नाम | खेल |
|---|---|
| **द्रोणाचार्य पुरस्कार** | |
| सुभाष राणा | पैरा निशानेबाजी (नियमित वर्ग) |
| दीपाली देशपांडे | निशानेबाजी (नियमित वर्ग) |
| संदीप सांगवान | हॉकी (नियमित वर्ग) |
| एस मुरलीधरन | बैडमिंटन (लाइफटाइम वर्ग) |
| अरमांडो एगनेलो कोलाको | फुटबॉल (लाइफटाइम वर्ग) |
| **मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी** | |
| चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी | ओवरऑल विनर |
| लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी | प्रथम उपविजेता |
| अमृतसर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी | द्वितीय उपविजेता |
| **राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार** | |
| फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया | |

### 34 खिलाड़ियों को मिला अर्जुन पुरस्कार

खेल रत्न के अलावा 34 खिलाड़ियों को 2024 में खेलों में उत्कृट प्रदर्शन के लिए अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जिसमें से एथलीट सुचा सिंह और पैरा तैराक मुरलीकांत राजाराम पेटकर को अर्जुन अवॉर्ड लाइफटाइम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बेहतर कोचिंग देने के लिए पांच लोगों को द्रोणाचार्य पुरस्कार मिला, जिसमें बैडमिंटन कोच एस मुरलीधरन और फुटबॉल कोच अरमांडो एगनेलो कोलाको को लाइफटाइम वर्ग में शामिल हैं।

### मनु-हरमनप्रीत ने ओलंपिक, गुकेश ने विश्व चैंपियनशिप में किया प्रभावित

22 वर्ष की मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनी थीं जिन्होंने अगस्त में पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में ही हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरे ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। 18 वर्ष के गुकेश सबसे युवा विश्व चैंपियन बने जो पिछले साल शतरंज ओलंपियाड में भारतीय टीम के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक में भी सूत्रधार रहे थे। पैरा हाई जंपर प्रवीण ने पेरिस पैरालंपिक में टी64 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। यह उन खिलाड़ियों की श्रेणी है जिनका घुटने से नीचे एक या दोनों पैर नहीं होता है और वे दौड़ने के लिए कृत्रिम पैर पर निर्भर होते हैं।

### राष्ट्रीय खेल अवॉर्ड

राष्ट्रीय खेल अवॉर्ड भारत में खेल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए राष्ट्रीय खेल पुरस्कार दिए जाते हैं। इसमें खिलाड़ियों, कोचों या संगठनों को उनकी उपलब्धियों और भारतीय खेलों के विकास में योगदान के लिए छह अलग-अलग पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है। भारत के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार में छह पुरस्कार शामिल हैं। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार, मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी (जिसे माका ट्रॉफी भी कहा जाता है) और राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन। इनके अलावा, ध्यानचंद पुरस्कार के नाम से एक और लाइफ टाइम अवॉर्ड दिया जाता है। यह पुरस्कार खेल के विकास में आजीवन योगदान के लिए दिया जाता है। इस बार इस कैटेगरी में किसी को भी यह पुरस्कार नहीं दिया गया। 2004 से छह राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के साथ तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार भी दिया जा रहा है। पिछले साल 26 खिलाड़ियों को मिला था अर्जुन पुरस्कार पिछले साल क्रिकेटर मोहम्मद शमी सहित 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार मिला था। जबकि पांच कोचों को द्रोणाचार्य अवॉर्ड मिला था। बैडमिंटन की स्टार जोड़ी सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार दिया गया था।

# विराट कोहली भी खेलेंगे घरेलू क्रिकेट



रणजी ट्रॉफी के लिए दिल्ली की 22 सदस्यीय टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** कोहली ने दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के शीर्ष अधिकारियों को बताया उन्हें गर्दन में चोट लगी है। बताया जा रहा है कि कोहली को यह चोट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम मुकाबले के दौरान लगी थी। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का नाम सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली के अगले रणजी ट्रॉफी मुकाबले के लिए 22 सदस्यीय प्रारंभिक टीम में शामिल है। 23 जनवरी से राजकोट में होने वाले इस मुकाबले में कोहली के खेलने पर संशय बरकरार है क्योंकि उन्हें हल्की चोट लगी है। समझा जाता है कि कोहली ने दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के शीर्ष अधिकारियों को बताया उन्हें गर्दन में चोट लगी है। बताया जा रहा है कि कोहली को यह चोट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम मुकाबले के दौरान लगी थी। उनका हाल उस वक्त फिजियो ने जाना था और अबतक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि कोहली रणजी ट्रॉफी में खेलेंगे या नहीं। कोहली मैच में खेलेंगा या सिर्फ कुछ दिन के लिए ट्रेनिंग करने राजकोट जाएंगे, ये तभी स्पष्ट होगा जब वह अपनी स्थिति डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली को बताएंगे। कोहली ने दिल्ली के लिए लाल गेंद के प्रारूप में मैच आखिरी बार 2012 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था।

### पंत ने ठुकराई दिल्ली की कप्तानी

वहीं, भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत करीब आठ साल बाद रणजी ट्रॉफी में खेलते नजर आएंगे। हालांकि, बताया जा रहा है कि उन्होंने कप्तानी करने से मना कर दिया है इसका मतलब है कि आयुष बडोनी टीम की कमान संभालेंगे। डीडीसीए की शीर्ष परिषद के सदस्य ने कहा, पंत का मानना है कि बडोनी को ही टीम की कप्तानी करनी चाहिए। उनका कहना है कि वह नियमित रूप से उपलब्ध नहीं रहते हैं इसलिए उन्हें लीडरशीप रोल नहीं देना चाहिए। जब पंत को कप्तानी की पेशकश की गई तो उसने कहा कि वह बडोनी की कप्तानी में खेलकर खुश हैं। हमने 22 खिलाड़ी चुने हैं जिनमें पांच अंडर 23 खिलाड़ी हैं जो 25 जनवरी से छत्तीसगढ के खिलाफ सीके नायुडू अंडर 23 मैच के लिए भिलाई जाएंगे।

विजय हजारे ट्रॉफी

## विदर्भ ने महाराष्ट्र को हराकर फाइनल में बनाई जगह



आज कर्नाटक से होगा खिताबी मैच

**मुंबई।** विदर्भ की टीम विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 की दूसरी फाइनलिस्ट बनी। टूर्नामेंट के दूसरे फाइनल में विदर्भ ने महाराष्ट्र को 69 रनों से हराया। अब विजय हजारे ट्रॉफी का फाइनल मैच विदर्भ और कर्नाटक के बीच खेला जाएगा। खिताबी मुकाबला 18 जनवरी को वड़ौदरा के कोटांबी स्टेडियम में होगा। वहीं सेमीफाइनल मैच की बात करें तो विदर्भ ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत जीत हासिल की। हालांकि महाराष्ट्र ने भी बल्लेबाजी में दम दिखाया, लेकिन जीत की लाइन पार नहीं कर सके। गौर करने वाली बात यह है कि विदर्भ और महाराष्ट्र ने 300-300 रनों का आंकड़ा पार किया। वड़ौदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में महाराष्ट्र ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया, जो उनके लिए गलत साबित हुआ।

## भारत की नजरें अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप बरकरार रखने पर

**कुआलालंपुर।** विश्व स्तर पर अपना दबदबा बरकरार रखने की कोशिश में जुटे भारत के अगली पीढ़ी के क्रिकेटर शनिवार से यहां शुरू हो रहे आईसीसी अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप में उतरेंगे तो उनका लक्ष्य खिताब बरकरार रखने का होगा। भारत को ग्रुप ए में वेस्टइंडीज, श्रीलंका और मेजबान मलेशिया के साथ रखा गया है। भारतीय टीम रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। भारत ने 2023 में दक्षिण अफ्रीका में हुआ पहला विश्व कप जीता था जिसमें फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से मात दी थी। पहले दिन पिछली बार सेमीफाइनल खेलने वाली ऑस्ट्रेलिया का सामना ग्रुप डी में स्कॉटलैंड से होगा जबकि 2023 उपविजेता इंग्लैंड की टक्कर आयरलैंड से होगी। रविवार को होने वाले अन्य मैचों में समोआ का सामना ग्रुप सी में नाइजीरिया से, ग्रुप डी में बांग्लादेश का सामना नेपाल से, ग्रुप बी में पाकिस्तान का सामना अमेरिका से और ग्रुप सी में न्यूजीलैंड का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। टूर्नामेंट में 16 टीमों को चार चार के चार समूहों में बांटा गया है और हर ग्रुप से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स में पहुंचेंगी।



### भारतीय टीम

निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका छाल्के, जी तृषा, कमलिनी जी, भाविका अहिरे, ईश्वरी अवासरे, मिथिला विनोद, जोशिता वीजे, सोनम यादव, पारूनिका सिसोदिया, केसरी दृति, आयुषी शुक्ला, अनंदिता किशोर, एम डी शबनम, वैष्णवी एस, स्टैंडबाय : नंदना एस, ईरा जे और अनादी टीं।

# म नो रं ज न

## शाहिद-पूजा की फिल्म 'देवा' का दमदार ट्रेलर रिलीज



शाहिद कूपर बॉलीवुड के मोस्ट टैलेंटेड एक्टर्स में से एक हैं। उन्होंने अपने अब तक के करियर में रोमांटिक से लेकर एंग्री यंग मैन तक के कई किरदार निभाए हैं और अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों के दिलों में जगह बनाई है। एक्टर अब पहली बार 'देवा' में पुलिसवाले के रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। वहीं शाहिद की इस मच-अवेटेड एक्शन थ्रिलर 'देवा' का ट्रेलर फैंस की भारी डिमांड पर मेकर्स ने समय से पहले रिलीज़ कर दिया है। 'देवा' का ट्रेलर जबरदस्त है। एक दमदार टीज़र और एनर्जेटिक गाने के बाद शाहिद कपूर की 'देवा' का ट्रेलर भी शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया। फिल्म का ट्रेलर वाकई उम्मीदों से बढ़कर निकला है। इसमें तेज़ रफ्तार, ज़बरदस्त एक्शन और जबरदस्त इंटेंसिटी देखने को मिल रही है। ज़ी स्टूडियोज़ और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस की गई ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा सकती है। शाहिद कपूर देव अंबरे के किरदार में पूरी तरह से छाए हुए हैं, उनके एक्शन और जबरदस्त स्टंट्स देख कर फैंस का दिल थम जाएगा। फिल्म में तगड़े लड़ाई सीन्स से लेकर रोमांचक पीछा करने तक, 'देवा' एक्शन फिल्मों का लेवलऊंचा करने वाली है। शाहिद के साथ पूजा हेगड़े भी अहम रोल में नजर आ रही हैं, जो कहानी में खूबसूरती और ताकत दोनों का बेहतरीन मेल देती हैं।



इसके अलावा, कुब्रा सेट और पवैल गुलाटी जैसे शानदार कलाकारों का भी साथ है। फिल्म में जटिल किरदार और रोमांचक कहानी के साथ, यह दर्शकों को सीट से बांधे रखने का वादा करती है। 'देवा' विजुअली एक शानदार अनुभव है, जहां बेहतरीन सिनेमैटोग्राफी एक तरफ बड़े एक्शन सीन और दूसरी तरफ किरदारों की भावनात्मक गहराई को खूबसूरती से दिखाती है। ट्रेलर में जो दिल को धड़काने वाली बैकग्राउंड म्यूजिक है, वो रोमांच को और भी बढ़ा देता है।

## अभिषेक को है ऐश्वर्या पर गर्व



अभिषेक बच्चन की फैमिली में बड़े स्टार्स हैं। डेब्यू के समय से ही उनकी तुलना पिता अमिताभ बच्चन से की गई। उनकी वाइफ ऐश्वर्या राय भी इंडस्ट्री का बड़ा नाम है। अभिषेक ने एक इंटरव्यू में कहा कि इन सबके साथ उनका नाम लिया जाना उनके लिए गर्व की बात है। वह यह भी बोले कि उन्हें अपनी वाइफ ऐश्वर्या राय के अचीवमेंट्स पर प्राउड है। अभिषेक से पूछा गया कि आपने कितना भी काम किया हो लेकिन जिंदगी भर आपको किसी न किसी से जोड़ा गया। वो किसी का अचीवमेंट हो, किसी की सफलता या किसी की शानोशौकत, क्या आपके लिए यह आसान था? अभिषेक ने जवाब दिया, यह कभी आसान नहीं होता। 25 साल के बाद भी आपसे ये सवाल पूछा जा रहा है अब तक आपको इसकी आदत हो जाती है। कहीं न कहीं मैं ये मानता हूं कि मैं इतना योग्य हूं कि मुझे इन महान नामों के बीच गिना जा रहा है। मैं इस चीज को ऐसे ही देखता हूं। मेरे परिवार मेरा परिवार है। मुझे उन सब पर और उनके अचीवमेट्स पर बहुत गर्व है। हम लोग यहां बढ़िया एसी वाले कमरों में बैठे हैं, मुंबई में बैठकर ये इंटरव्यू कर रहे हैं। यहां बढ़िया कॉफी का कप रखा है। और वह 82 साल का इंसान सुबह सात बजे से केबीसी की शूटिंग कर रहा है। वह उदाहरण हैं। मैं उनके जैसा बनना चाहता हूं। मैं सोने जाता हूं तो सोचता हूं कि ठीक है जब मैं 82 साल का होऊंगा, मैं चाहूंगा कि मेरी बेटी भी मेरे बारे में यही बात बोले कि मेरे डैड 82 के हैं। अब भी काम कर रहे हैं।

## महाकुंभ में गूंजेंगे हेमा मालिनी के स्वर


अभिनेत्री हेमा मालिनी, अनुराधा पौडवाल, अनूप जलोटा ने गुरुवार को 'महाकुंभ आरती', 'गंगा आरती' और 'प्रार्थना भजन' को लॉन्च किया। इन गीतों को अनूप जलोटा, हेमा मालिनी और विशाल अग्रवाल ने गाया है। इसके बोल कवि नारायण अग्रवाल 'दास नारायण' ने लिखे हैं। म्यूजिक लॉन्च के मौके पर अभिनेत्री हेमा मालिनी, अनुराधा पौडवाल, अनूप जलोटा कवि नारायण अग्रवाल 'दास नारायण' और गायक विशाल अग्रवाल मौजूद रहें। उन्होंने गीतों को पवित्र और श्रोताओं के साथ गहनता से जुड़ने में सहायक बताया। गायक अनूप जलोटा ने गीत के बारे में जानकारी और अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा हम सब अपने प्रतिभा को लेकर महाकुंभ में सम्मिलित हुए हैं। अभिनेत्री हेमा मालिनी ने गीत गाने को लेकर अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा, "इन दिव्य रचनाओं का हिस्सा बनना एक आध्यात्मिक अनुभव रहा। मुझे उम्मीद है कि ये भजन श्रोताओं के साथ गहराई से जुड़ेंगे और उन्हें ईश्वर के करीब लाएंगे।"



## जयपुर में वैन पर चढ़कर बैठे अक्षय कुमार

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार जयपुर में फिल्म 'भूत-बंगला' की शूटिंग कर रहे हैं। इस दौरान उनका एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें अक्षय अपनी वैनिटी वैन की छत पर धूप सेकते हुए और चाय पीते नजर आ रहे हैं। बीते करीब एक महीने में इस मूवी का बड़ा हिस्सा चौमू हाऊस, गलताजी, सिसोदिया रानी का बाग में शूट हुआ है। गुरुवार को अक्षय सिसोदिया रानी बाग के पास ही शूटिंग लोकेशन पर थे। शूटिंग पूरी कर गुरुवार को ही वे मुंबई लौट गए। इससे पहले अक्षय ने मकर संक्रांति पर परेश रावल के साथ पतंगबाजी भी की थी। प्रियदर्शन के डायरेक्शन में बन रही इस हॉरर-कॉमेडी मूवी में परेश रावल, राजपाल यादव, तब्बू भी हैं। गुरुवार को एक्ट्रेस तब्बू के डांस सीन शूट हुए। ये पूरा शूट गलताजी मंदिर में फिल्माया गया। इसके अलावा आर्टिफिशियल सेट बनाकर कुछ खास सीन शूट किए गए। जानकारी के मुताबिक प्रोडक्शन हाउस ने चौमूं पैलेस में एक महीने शूटिंग करने के लिए बुकिंग मांगी थी, लेकिन आगामी दिनों शादियों की बुकिंग होने के कारण शूटिंग वेन्यू को चेंज करना पड़ा। ऐसे में सबसे पहले अक्षय कुमार के सीन कंप्लीट किए गए। अक्षय कुमार ने 17 साल पहले भी प्रियदर्शन की फिल्म भूल-भुलैया के लिए यहां शूटिंग की थी। वैनिटी वैन के ऊपर अक्षय को बैठा देख बड़ी संख्या में लोग शूटिंग लोकेशन पर पहुंच गए। अक्षय भी उनसे मिलने पहुंचे। फिल्म से तब्बू भी जुड़ गई है, पहले उन्होंने चौमूं पैलेस में शूट किया, अब गलताजी में शूट कर रही हैं। एकता कपूर का प्रोडक्शन हाऊस भूत बंगला मूवी बना रहा है।





## जॉन की 'द डिप्लोमैट' को मिली रिलीज तारीख

जॉन अब्राहम ने प्रशंसकों के साथ एक दिलचस्प सरप्राइज शेयर किया है। अभिनेता-निर्माता ने 'वेदा' के बाद अपनी अगली फिल्म की घोषणा की है, जिसमें वह एक बार फिर पावर-पैक एक्शन स्टार के रूप में नजर आएंगे। 'द डिप्लोमैट' नामक इस फिल्म की घोषणा कुछ साल पहले प्रोडक्शन हाउस टी-सीरीज के सहयोग से की गई है। इस फर्स्ट लुक पोस्टर में अभिनेता काफी फॉर्मल अवतार में नजर आ रहे हैं। ऐसा लगता है कि फिल्म मद्रास कैफे, परमाणु और बाटला हाउस जैसे उनके यह फिल्म भी किसी राजनीतिक ड्रामा की तर्ज पर होगी। इंस्टाग्राम पर इसके बारे में साझा करते हुए, अभिनेता ने फोटो को कैप्शन दिया, "साहस और कूटनीति की इस कहानी को जीवंत करने के लिए सम्मानित।" देश को हिला देने वाली एक सच्ची कहानी से प्रेरित इस फिल्म में शक्ति, देशभक्ति की एक मनोरंजक कहानी दिखाने की उम्मीद है। पोस्ट में, अभिनेता ने रिलीज की तारीख यानी सात मार्च भी साझा की। 'द डिप्लोमैट' के बारे में अधिक बात करते हुए, जॉन एक उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारी का किरदार निभाएंगे। यह फिल्म शिवम नायर द्वारा निर्देशित और रितेश शाह द्वारा लिखित है। यह फिल्म टी-सीरीज, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित है। पहले यह फिल्म 11 जनवरी 2024 को थिएटर्स में रिलीज होने वाली थी। हालांकि, बाद में इसे बदल दिया गया। प्रशंसक लंबे समय से इस फिल्म का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में यह घोषणा उनके फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। बता दें कि फिल्म का निर्माण जॉन अब्राहम, भूषण कुमार, समीर दीक्षित, अश्विन, राजेश बहल, विपुल शाह और कृष्णन कुमार मिलकर कर रहे हैं। इसका निर्देशन शिवम नायर ने किया है, जो 'नाम शबाना' और 'मुखबिर' जैसी फिल्म और वेब सीरीज बना चुके हैं।

आपणो स्वस्थ राजस्थान

# संकल्पना साकार करने में चिकित्सकों की अहम भागीदारी : सीएम शर्मा



▸▸ चिकित्सा-स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रतिनिधियों संग बजट पूर्व चर्चा
▸▸ प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझाव आमजन को लाभकारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि चिकित्सक संवेदनाओं के साथ कर्तव्य का निर्वहन करते हुए स्वस्थ राजस्थान की हमारी संकल्पना को साकार करने में अहम भागीदारी निभा रहे हैं। प्रदेशवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम 'आपणो स्वस्थ राजस्थान' की संकल्पना पर काम करते हुए उत्कृष्ट एवं खुशहाल राजस्थान बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सक अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं तथा आगामी बजट के लिए इनके द्वारा दिए गए सुझाव आमजन के लिए लाभकारी हैं। शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। चिकित्सा के महत्व को समझते हुए हमनें गत बजट में कुल बजट का रिकॉर्ड 8.26 प्रतिशत चिकित्सा के लिए आवंटित किया। उन्होंने कहा कि संस्थागत प्रसव, मातृ-शिशु मृत्यु दर, टीकाकरण, चिकित्सा संस्थानों की उपलब्धता सहित कई मानकों में राजस्थान का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से बेहतर है।

### कैशलेस उपचार

आमजन को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (मा) के माध्यम से 25 लाख रुपए तक का कैशलेस उपचार, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए 73 डे केयर पैकेज, शिशुओं के उपचार के लिए 419 पीडियाट्रिक पैकेज, 8 लाख वरिष्ठ नागरिकों के लिए कैशलेस उपचार जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं।

### छह करोड़ लोगों की आभा आईडी

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों का हेल्थ रिकॉर्ड डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने के लिए प्रदेश में करीब 6 करोड़ लोगों की आभा आईडी बनाई जा चुकी है। इसमें राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर है। प्रदेश में 11 हजार 571 संस्थान आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में क्रियाशील किए जा चुके हैं, इनसे करोड़ों लोग लाभान्वित हुए हैं।

### टीबी मुक्त ग्राम पंचायत

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने चिकित्सकों, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ के करीब 21 हजार पदों पर नियुक्ति दी हैं। चिकित्सा विभाग में लगभग 50 हजार पदों पर भर्ती का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी की गई है। राज्य को टीबी मुक्त प्रदेश बनाने के लिए 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत' अभियान आयोजित किया जा रहा है।

### वर्ल्डक्लास मेडिकल हब बनेगा प्रदेश

- मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश में विश्वस्तरीय मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। इसी क्रम में जयपुर में जल्द ही आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त कार्डियक टॉवर की सुविधा मिलेगी, जहां हृदय रोगों का विश्वस्तरीय उपचार उपलब्ध होगा। प्रतापनगर स्थित आरयूएचएस अस्पताल को एम्स की तर्ज पर रिम्स के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोरा, प्रमुख शासन सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन, सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती गायत्री ए. राठौड सहित विभागीय अधिकारी एवं महावीर विकलांग समिति, महावीर कैंसर हॉस्पिटल, नारायणा हॉस्पिटल, आईएमए राजस्थान ब्रांच, राजस्थान डेंटल काउंसिल, मारवाड मेडिकल कॉलेज, आरयूएचएस, आरोग्य भारती, रेडक्रॉस सोसायटी, नारायण सेवा संस्थान सहित के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न चिकित्सा एवं स्वास्थ्य से जुड़े संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# धार्मिक परंपराओं के प्रदर्शन को करें 'महाकुंभ' की स्थापना : फडणवीस



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** नाशिक-त्र्यंबकेश्वर में 2027 के अगस्त से नवंबर के बीच आयोजित होने वाले सिंहस्थ कुंभमेले में देशभर की धार्मिक परंपराओं को प्रदर्शित करने के लिए एक भव्य 'महाकुंभ' तैयार किया जाए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सुझाव दिया कि इस महाकुंभ में देश और राज्य के प्रमुख मंदिरों, तीर्थक्षेत्रों और सांस्कृतिक धरोहरों का प्रदर्शन किया जाएगा। श्रद्धालुओं के अनुभव को समृद्ध बनाने के लिए नाशिक के पास एक बड़ा सम्मेलन केंद्र (कन्वेंशन सेंटर) स्थापित किया जाए। 2027 के सिंहस्थ कुंभमेले की तैयारियों की समीक्षा हेतु मुख्यमंत्री फडणवीस की अध्यक्षता में सह्याद्री अतिथिगृह में एक बैठक आयोजित की गई।

### उपमुख्यमंत्री शिंदे के सुझाव

- उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि कुंभ मेले की तैयारियों में आने वाली हर चुनौती का समाधान किया जाए। साधुग्राम के लिए अधिग्रहित भूमि पर वृक्षों को न काटते हुए साधुओं के लिए आवासीय व्यवस्था की जाए। कुंभ क्षेत्र में पानी की स्वच्छता बनाए रखने और पर्याप्त शौचालयों के निर्माण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

### बैठक में प्रमुख उपस्थिति

- बैठक में जल संसाधन एवं आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव विकास खारगे, राजस्व विभाग, गृह विभाग और नगर विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, नाशिक के संभागीय आयुक्त, जिलाधिकारी जलज शर्मा, नगर निगम आयुक्त मनीषा खत्री और पुलिस विभाग के उच्च अधिकारी शामिल हुए।

### नाशिक को वैश्विक पहचान दिलाने की पहल

- मुख्यमंत्री ने नाशिक को वैश्विक पहचान दिलाने और आर्थिक विकास को गति देने कुंभमेले का ब्रांडिंग करने के निर्देश दिए। नाशिक-त्र्यंबकेश्वर धार्मिक गलियारे की स्थापना कर नाशिक को धार्मिक हब के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया। प्रयागराज कुंभ की तर्ज पर सुरक्षित-सुव्यवस्थित कुंभ आयोजन को गोदावरी नदी के किनारे के विकास को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया गया।

### बुनियादी ढांचे की मजबूती पर जोर

- फडणवीस ने कहा कि कुंभ मेले में देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं। उनके लिए नाशिक में हेलीपैड तैयार किए जाएं। समृद्धि महामार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए इगतपुरी से नाशिक तक की सड़क को चौड़ा और मजबूत बनाया जाए। इगतपुरी से त्र्यंबकेश्वर तक चार-लेन सड़क का निर्माण, मुंबई, शिर्डी, छत्रपति संभाजीनगर और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों से नाशिक को जोड़ने वाले मार्गों को उन्नत करने के निर्देश दिए गए।

# श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के कर्मचारियों पर नए नियम लागू



**पुरी।** ओडिशा के प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर के प्रशासन (SJTA) ने अपने कर्मचारियों के लिए नए नियम लागू किए हैं। इनका उद्देश्य मंदिर के कामकाज को बेहतर बनाना और पारंपरिक मूल्यों को बनाए रखना है। मुख्य प्रशासक अरविंद पाढ़ी ने हाल ही में इन नियमों की घोषणा की और बताया कि यह कदम मंदिर की पवित्रता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। नए नियमों के अनुसार, सभी कर्मचारियों को 31 जनवरी 2025 तक अपनी संपत्ति की जानकारी देनी होगी। जो इस नियम का पालन नहीं करेंगे, उनकी वेतन बढ़ोतरी, पदोन्नति और अन्य पुरस्कार रोक दिए जाएंगे। इस योजना में कुछ मुख्य बातें शामिल हैं। काम के दौरान पान, गुटखा या कोई नशा करना पूरी तरह से मना है। वरिष्ठ अधिकारियों की हर तीन महीने में समीक्षा होगी ताकि उनके काम का जायजा लिया जा सके।

### मोबाइल के इस्तेमाल पर रोक

- मंदिर की संस्कृति को बनाए रखने के लिए, सभी कर्मचारियों को हर शुक्रवार पारंपरिक कपड़े पहनने होंगे। केवल विशेष वर्दी पहनने वाले कर्मचारियों को इससे छूट दी गई है। मंदिर में काम के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल बंद कर दिया गया है ताकि ध्यान भटकने से बचा जा सके और अनुशासन बना रहे।

### परंपराएं एवं अनुशासन जरूरी

मुख्य प्रशासक अरविंद पाढ़ी ने कहा कि ये नियम कर्मचारियों को अधिक जिम्मेदार और अनुशासित बनाने के लिए हैं। इससे मंदिर की पवित्र परंपराएं बनी रहेंगी और श्रद्धालुओं को बेहतर सेवाएं मिलेंगी। नए नियमों से मंदिर प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि मंदिर के कर्मचारी मंदिर की परंपराओं और अनुशासन के साथ काम करें।

# थाने में पुलिसकर्मियों ने छिपा दी 16 बोतल शराब

▸▸ जांच में खुलासा
▸▸ चार गिरफ्तार




**पटना।** बिहार के पटना में तीन पुलिसकर्मियों को थाना परिसर में ही शराब छिपाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिसकर्मियों की मदद करने वाले एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोप है पटना के सुल्तानगंज थाने में तीन पुलिसकर्मियों ने एक व्यक्ति के साथ मिलकर जब्त की गई शराब की 16 बोतलें छिपा दी थीं। जांच में 16 बोतलें कम मिलीं तो एसपी ने जांच शुरू की। इसके बाद 16 बोतलें थाना परिसर में ही एक पेड़ के पास बरामद की गईं। बोतलें मिलने के बाद आरोपी पुलिसकर्मियों और उनकी मदद करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। चारों आरोपियों ने भारत निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) की जब्त की गई 16 बोतलें थाना परिसर में छिपाई थीं। बिहार में शराब का सेवन, बिक्री और भंडारण प्रतिबंधित है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि पटना के सुल्तानगंज थाने में हुई इस घटना के सिलसिले में पुलिस कर्मियों के अलावा एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। शहर पुलिस अधीक्षक (एसपी) (पूर्व) के रामदास ने बताया, ''जब्त की गई शराब की 16 बोतलें सुल्तानगंज थाना परिसर में छिपाने के आरोप में पुलिस के तीन कर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार को की गई गिरफ्तारी के बाद उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है।'' सुल्तानगंज थाने में तैनात पुलिस के तीनों कर्मियों की पहचान सहायक उपनिरीक्षक मुरारी कुमार, कांस्टेबल नागेंद्र पासवान और चालक शैलेश कुमार के रूप में हुई है। रामदास ने बताया, ''पुलिस ने 14 जनवरी को सुल्तानगंज थाने के अधिकार क्षेत्र में 'मरीन ड्राइव' के पास एक वाहन में 46 बोतल आईएमएफएल ले जाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस अधिकारी गिरफ्तार किए गए लोगों को थाने ले आए, लेकिन उस वाहन और उसके चालक को वह नहीं लेकर आए।



**जयपुरः** उद्योगपति, भामाशाह, समाजसेवी एवं गौसेवक बाबूलाल भंसाली का अपने निवास पर साफा पहना एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत करते सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी। साथ में जागरूक टाइम्स के समूह संपादक गोविंद पुरोहित।

# प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

- उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकार को सख्त निर्देश



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वायु प्रदूषण का बढ़ना एक "विकट" समस्या है और इससे निपटने के लिए जो उपाय आवश्यक हैं, वे भी "कठोर" होने चाहिए। इसके साथ ही कोर्ट ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकार से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अपने इलाकों में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की बात कही। न्यायमूर्ति ए एस ओका तथा न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने इस तथ्य पर गौर किया कि दिल्ली की तरह राजस्थान सरकार ने भी राज्य के एनसीआर क्षेत्रों में पटाखों की बिक्री तथा फोड़ने पर स्थायी तथा पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है तथा उत्तर प्रदेश तथा हरियाणा से भी ऐसा ही करने को कहा। पीठ ने कहा कि जब तक ये दोनों राज्य आदेश पारित नहीं कर देते, तब तक पटाखों पर प्रतिबंध लगाने संबंधी उसका पूर्व निर्देश मामले की अगली सुनवाई की तिथि, जो 24 मार्च है, तक बढ़ा दिया जाएगा।

### ग्रीन पटाखे भी मान्य नहीं

- पीठ ने कहा, "पर्यावरणीय समस्याएं विकट हैं, इसलिए कठोर उपायों की आवश्यकता है।" साथ ही कहा कि न्यायालय को कार्रवाई करनी होगी तथा कठोर आदेश पारित करने होंगे, क्योंकि सरकार के अन्य अंग इससे परेशान नहीं हैं। पीठ ने कहा कि वह अगली तारीख पर पटाखों के निर्माण और बिक्री में शामिल फर्मों पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिकाओं पर भी सुनवाई करेगी। इसके बाद वकील ने अदालत से अनुरोध किया कि कम से कम ग्रीन पटाखों की अनुमति दी जाए। पीठ ने कहा, "हमें यह जांचना होगा कि ग्रीन पटाखे कितने ग्रीन हैं।"

# आज महासंगम आएंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 फरवरी को आएंगी। प्रयागराज मेला प्राधिकरण से राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर चार तारीखें भेजी गई थी। जिसमें 10 फरवरी का कार्यक्रम लगभग फाइनल हो चुका है। राष्ट्रपति प्रयागराज में गंगा पूजन करेंगी और किला जाकर अक्षयवट कॉरिडोर देख सकती हैं। इसके बाद प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने अपने स्तर पर तैयारियों को तेज कर दिया है। हालांकि दोनों ही मामलों पर डीएम महाकुंभ नगर विजय किरन आनंद का कहना है कि प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक तीन फरवरी को वसंत पंचमी के बाद होने की संभावना है। फिलहाल मौनी अमावस्या की तैयारी चल रही है। अब तक कैबिनेट की बैठक का प्रस्ताव नहीं आया है। इसलिए बैठक तीन फरवरी के बाद होने की संभावना है। दूसरी ओर देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 18 जनवरी को प्रयागराज आएंगे। सुबह 11:40 बजे बमरौली एयरपोर्ट पहुंचेंगे।



# राजस्थान में कड़ाके की सर्दी



### सिरोही रहा सबसे ठंडा

**जयपुर।** राजस्थान में कड़ाके की सर्दी पड़ने का दौर जारी है। इस दौरान शुक्रवार सुबह बीकानेर, जयपुर, कोटा, भरतपुर संभाग में घना कोहरा व कहीं-कहीं कोल्ड-डे दर्ज किया गया। राज्य में सबसे ज्यादा तापमान बाड़मेर में 25.4 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान माउंट आबू में 0.8 डिग्री और सिरोही में 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने दिनभर प्रदेश के अनेक स्थानों पर कोल्ड-डे रहने की उम्मीद जताई है।

### भरतपुर में सबसे ज्यादा बारिश

बीते दिन प्रदेश में हुई बारिश की बात करें तो पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा दर्ज की गई। सबसे ज्यादा बारिश रारह (भरतपुर) में 4 मिलीमीटर दर्ज की गई। इसके अलावा धौलपुर में 3 मिमी, अलवर में 1 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई। जबकि पश्चिमी राजस्थान में मौसम मुख्यतः शुष्क ही रहा।

### सबसे कम तापमान वाले शहर


शुक्रवार सुबह प्रदेश में सबसे कम तापमान वाले प्रमुख स्थान इस तरह हैं। इस दौरान माउंट आबू में 0.8 डिग्री, सिरोही में 3.8 डिग्री, सीकर में 4 डिग्री, नागौर में 6.1 डिग्री, पिलानी में 6.4 डिग्री, जालौर में 6.8 डिग्री, अजमेर में 6.9 डिग्री और जैसलमेर में 7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इसके अलावा अन्य सभी जगहों का तापमान 7 डिग्री से ज्यादा ही रहा।

### 21-22 को बारिश के आसार

- मौसम विभाग का कहना है कि 21 और 22 जनवरी को नया पश्चिमी विक्षोभ बनने से राज्य के उत्तरी भागों में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा आगामी 2-3 दिन कहीं-कहीं घना कोहरा रहने की भी उम्मीद है।

### अगले दो दिन कोहरे का येलो अलर्ट

- मौसम विभाग ने 18 जनवरी शनिवार को प्रदेश के गंगानगर, हनुमानगढ़, चुरू, सीकर, झुंझुनूं, अलवर, भरतपुर, दौसा, करौली, धौलपुर, सवाई माधोपुर, बारां, कोटा और चित्तौड़गढ़ के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए यहां घने से अति घना कोहरा रहने की संभावना जताई है। विभाग ने 19 जनवरी रविवार को प्रदेश के अलवर, भरतपुर, दौसा, धौलपुर, करौली और सवाई माधोपुर के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।



# पाक सीमा से हथियारों का जखीरा बरामद

**बाड़मेर।** राजस्थान में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास बीएसएफ ने शुक्रवार को अवैध हथियारों का एक जखीरा बरामद किया। इन हथियारों को अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लगी बाड़ से थोड़ी दूरी पर रेत के टीले में छिपाकर रखा गया था। इस दौरान उन्होंने 4 पिस्टल, 8 मैगजीन और 58 कारतूस बरामद कीं। सुरक्षाबलों को तलाशी अभियान के दौरान ये हथियार मिले। मामले की जानकारी मिलते ही बीएसएफ के डीआईजी राज कुमार बस्साटा और बाड़मेर एसपी नरेंद्र सिंह मीना मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि हथियार बरामद होते ही बीएसएफ और पुलिस की टीमें इलाके में सघन तलाशी अभियान चला रही हैं। साथ ही विभिन्न खुफिया एजेंसियों को भी सक्रिय कर दिया गया है, जो इस बात की जांच कर रही हैं कि हथियार सीमा पार कर भारत में कैसे पहुंचे।



# संस्कृति की रक्षा को शस्त्र जरूरी : राजा भैया

▸▸ ओवैसी के बयान से जताई सहमति
▸▸ कहा- आधे हिंदू तो एक झटके में ही खत्म हो जाएंगे

**प्रयागराज।** राजा भैया ने कहा, 'यह बात सत्य है कि शास्त्रों से रक्षा नहीं हो सकती। संस्कृतियों की रक्षा के लिए शस्त्र जरूरी हैं। तक्षशिला खत्म नहीं होता। एक लुटेरे ने नालंदा को आग के हवाले कर दिया। भगवान राम को जब वनवास हुआ तो वह सब कुछ छोड़ गए, लेकिन अपने अस्त्र साथ लेकर गए। हैदराबाद के एक नेता ने कहा कि पुलिस हटा दो तो 15 मिनट में पता चल जाएगा। ऐसा नहीं लगता कि यदि हम गंभीरता से सोचें तो काफी हद तक उसकी बात सही है। यदि ऐसा हो जाए तो लगभग आधे हिंदू एक झटके में साफ हो जाएंगे। आखिर हमारे पास है क्या? ना तो हम वंश वृद्धि कर रहे हैं और ना शस्त्र संचय कर रहे हैं। कुंडा के विधायक राजा भैया ने महाकुंभ में यह बात कही। उन्होंने दिव्य प्रेम सेवा मिशन की ओर से आयोजित प्रोग्राम को संबोधित करते हुए कहा कि आज हिंदू समाज को बहुत सी बुराइयां खत्म करनी होंगी। इसके अलावा अपने अस्तित्व के लिए भी प्रयास करने होंगे।

### केवल शास्त्रों से रक्षा संभव नहीं

हमारे प्रभु ने जब-जब अवतार लिया तो उन्होंने अस्त्र धारण किए। भगवान राम को जब वनवास हुआ तो वह सब कुछ छोड़ गए, लेकिन अपने अस्त्र साथ लेकर गए। हम मां की उपासना करते हैं तो वह भी शस्त्र सज्जित रहती हैं। हनुमान जी के हाथ से गदा नहीं छूटी और शिवजी के हाथ में त्रिशूल हमेशा रहता है। शास्त्र यह कहते हैं कि कब किसका प्रयोग करें, लेकिन वे यह नहीं कहते कि शस्त्र छोड़ दें।' लेकिन सोचने की बात है कि हिंदू कर क्या रहे हैं। वे ना वंश बढ़ा रहे हैं और ना शस्त्र उनके पास हैं।

### सनातन के बाद आए सभी धर्म, पंथ

- महाकुंभ में राजा भैया ने कहा, 'यह बात सही है कि सनातन से पहले कुछ नहीं था। जो भी धर्म और पंथ आए, वह सनातन के बाद आए थे। सनातन ही ऐसा धर्म है कि इसमें देवताओं ने अवतार लिए। कुंभ में सनातन के ध्वजवाहक आते हैं। अब राजतंत्र नहीं है, लेकिन जब ऐसी व्यवस्था थी तो सभी राजाओं के मातहत आते थे। यहां वे अपनी समस्याओं के बारे में बात करते थे और संतों से मार्गदर्शन लेकर अपने राज्यों में कल्याणकारी योजनाएं लाते थे। यही कुंभ का असली अमृत हुआ करता था।'

### इस्लाम से सीखें मजहब से प्रेम

- राजा भैया ने कहा कि मैं यह मानता हूं कि इस्लाम से हमें बहुत कुछ सीखने की भी आवश्यकता है। ईमानदारी से सोचें कि क्या हमारे पास भी अपने मजहब को लेकर उतनी ही तत्परता है। वे मस्जिद जाते हैं तो उनकी इबादत में यह बात रहती है कि इस्लाम कैसे बढ़े। आज यदि देश सुरक्षित है तो सेना के कारण है। यह इसलिए नहीं है कि हम प्राचीन देश हैं और हम बड़े ज्ञानी हैं। आज देखें कि इजरायल यदि अस्तित्व बचाए हुए हैं तो वह अपने शस्त्र बल के कारण है। हमारे यहां नागा अखाड़ों की स्थापना शस्त्रों के आधार पर ही हुई। औरंगजेब ने जब काशी विश्वनाथ मंदिर पर हमला कराया तो नागा साधुओं ने खदेड़ दिया।

जीरोधा के सीईओ ने किया आगाह

# अजनबियों की मदद पड़ सकती महंगी



**नई दिल्ली।** कई दफा आपने देखा होगा या आपके साथ भी हुआ होगा कि किसी अजनबी व्यक्ति आपके फोन से किसी को फोन करने का निवेदन किया हो। अधिकांशतः लोग मदद के रूप में अपने फोन का इस्तेमाल करने देते हैं। लेकिन अब ऐसा करने से पहले सभी को सावधान होने की आवश्यकता है। ये दयालुता आपको भारी भी पड़ सकती है। इधर आपने फोन दिया उधर आपका अकाउंट पूरी तरह से साफ। बाजार में एक नया स्कैम आ गया है। जिसे लेकर जीरोधा के को-फाउंडर और सीईओ नितिन कामथ ने हाल ही में सोशल मीडिया पर यूजर्स को आगाह किया है। स्कैमर OTP को इंटरसेप्ट कर बैंक खातों को खाली कर सकता है। स्कैमर फोन इस्तेमाल करने का नाटक करते हुए नई ऐप डाउनलोड कर सकता है। फोन में मौजूदा ऐप खोलकर निजी जानकारी डाउनलोड कर सकता है। स्कैमर फोन की सेटिंग बदल सकता है ताकि कॉल और मैसेज उनके नंबर पर फॉरवर्ड हो सकें। बैंक अलर्ट मैसेज भी स्कैमर के नंबर पर जा सकते हैं।

**सावधान रहने की सलाह**

नितिन कामथ ने चेतावनी के साथ ही जीरोधा की तरफ से बनाए गए एक वीडियो को शेयर किया जिसमें ये बताया गया है कि ये स्कैमर कैसे काम करते हैं। उन्होंने खुद को बचाने के भी उपाय बताए हैं। स्कैमर्स से बचाने के लिए अपना फोन किसी भी अजनबी को न दें।

# शिक्षा विभाग ने 259 स्कूलों को किया बंद

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान में भजनलाल सरकार ने एक बार फिर शुक्रवार को 259 स्कूलों को बंद करते हुए दूसरी स्कूलों में मर्ज किया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने शुक्रवार को इस बारे में आदेश जारी किया। बंद होने वाले स्कूल प्रदेश के अलग-अलग जिलों से हैं। बता दें इससे पहले 190 स्कूलों को मर्ज कर दिया था। शिक्षा निदेशक की ओर से जारी आदेश के मुताबिक अधिक नामांकन वाले स्कूलों में शून्य नामांकन के 14 स्कूलों को मर्ज किया गया हैं। कुछ स्कूलों को नजदीकी स्कूलों में मर्ज किया गया है। प्रारंभिक से माध्यमिक शिक्षा में एक स्कूल को मर्ज किया गया है। प्रारंभिक शिक्षा विभाग की प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षा की 200 स्कूलों को माध्यमिक शिक्षा में मर्ज किया गया है। इन स्कूलों में नामांकन शून्य था। प्रारंभिक शिक्षा विभाग की प्राथमिक और उच्च प्राथमिक 35 स्कूलों को भी मर्ज करने की निर्देश दिए गए हैं। इन स्कूलों में नामांकन कम था। 8 जनवरी को आदेश जारी करते हुए 190 स्कूलों को मर्ज करने के आदेश जारी किए गए थे, जिनमें 169 स्कूलों में नामांकन शून्य था। मर्ज और बंद किए गए स्कूल प्रदेश के अलग-अलग जिलों में है, जिनमें जयपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर, उदयपुर जैसे संभाग के मुख्यालय पर भी स्कूल संचालित है।